सूर्योदय 5:42 सूर्यास्त 6:54

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.0 न्यू | 22.6 अधि |
| धर्मशाला | 16.4 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73730.16 |
| निफ्टी | 22419.95 |

सोना 71,030 चांदी 84,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 29 अप्रैल, 2024 | 17 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 131, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- मोदी की गारंटी ही है भाजपा की गारंटी: अनुराग ठाकुर
- हम 'वोकल फोर लोकल' में रखते हैं विश्वास: विक्रमादित्य

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- लोकतंत्र के महापर्व में सभी बनें सहयोगी : सुमित खिमटा
- 'प्रचार की धार' करेगी राणा बनाम राणा का बेड़ा पार

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- जुलाई में रोप-वे से जुड़ेगा बगलामुखी मंदिर
- जुलाई में रोप-वे से जुड़ेगा बगलामुखी मंदिर

पृष्ठ 9 पर पढ़ें



- एरियल योग करते हुए एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने दिखाई फिटनेस
- कोहली-जैक्स ने उड़ाए गुजरात के परखच्चे

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच

कोलकाता नाइट राइडर्स vs दिल्ली कैपिटल्स

समय: रात 7:30 बजे (कोलकाता)

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष लवली का पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इस्तीफा सौंपा है। पार्टी अध्यक्ष को भेजे गए पत्र में लवली ने लिखा है कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस के खिलाफ भ्रष्टाचार के झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाए थे। इसके बावजूद पार्टी ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करने का निर्णय लिया।



### 230 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन जब्त, 13 लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात और राजस्थान में नशीले पदार्थ बनाने वाली चार इकाइयों पर छापेमारी के दौरान 230 करोड़ रुपए मूल्य की मेफेड्रोन जब्त की गई है और इस संबंध में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एटीएस को गोपनीय सूचना मिली थी कि अहमदाबाद निवासी मनोहर लाल एनानी और राजस्थान के कुलदीप सिंह राजपुरोहित ने मेफेड्रोन बनाने वाली इकाइयां स्थापित की हैं, जिसके बाद गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने संयुक्त रूप से छापेमारी की।

### अभिनेता साहिल खान महादेव सट्टा ऐप मामले में गिरफ्तार

**रायपुर।** महादेव सट्टा ऐप मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच की एसआईटी टीम ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से एक्टर साहिल खान को गिरफ्तार किया है। उन्हें मुंबई ले जाया गया है। पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बॉम्बे हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद साहिल को जगदलपुर से गिरफ्तार किया गया।



## अनंत व्यंग्य




# शिमला के जुब्बल में भूस्खलन की चपेट में आई बोलेरो, दो की मौत

**दशमी रावत, रोहड़ू**

शिमला के जुब्बल थाना क्षेत्र में हाटकोटी–पांवटा नेशनल हाईवे–707 पर भूस्खलन से बड़ा हादसा हुआ है। यहां भूस्खलन की चपेट में आने के बाद एक बोलेरो गाड़ी (एचपी 10बी–2308) दब गई। बोलेरो में दो लोग सवार थे और दोनों की मौत हो गई है। दोनों मृतक शिमला के रोहड़ू उपमंडल के रहने वाले थे।

पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर दो बजे के करीब कुरडू सनैल में यह हादसा हुआ, जब बोलेरो वहां से गुजर रही थी। हाईवे पर हुए भूस्खलन के कारण वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। हादसे वाली जगह हाइवे के किनारे कटिंग का काम चल रहा है। माना जा रहा है कि इसी वजह से भूस्खलन हुआ है। मृतकों की पहचान विशंबर (50) पुत्र केशव राम निवासी गांव पलकन डाकघर रोहड़ू तहसील रोहड़ू और सतीश (52) पुत्र प्रीतम सिंह गांव घारा डाक घर लोहरकोटी तहसील रोहड़ू के रूप में हुई है। हादसे की जानकारी मिलते ही जुब्बल के थाना



प्रभारी की अगुवाई में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। भारी–भरकम चट्टानों व पत्थरों ने बोलेरो को चकनाचूर कर दिया है। मशीनरी की मदद से बड़े–बड़े पत्थरों को हटाकर शवों को गाड़ी से बाहर निकाला गया। (अनंत ज्ञान)

> भूस्खलन ने गाड़ी को पूरी तबाह कर दिया है और इसमें सवार दो लोग मारे गए हैं। इनके शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। इस हादसे को लेकर मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।
> –रविंद्र नेगी, डीएसपी रोहड़ू

### 15–15 हजार की फौरी राहत

एसडीएम जुब्बल राजीव सांख्यान भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को 15-15 हजार रुपए की फौरी राहत भी दी गई।

## ठियोग के क्यार्टू में कार खाई में गिरी, दो की गई जान

**मनीष, ठियोग**



**शिमला** जिले में सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे है। ताजा मामला ठियोग उपमंडल के तहत क्यार्टू-ठियोग सड़क का है, जहां एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मारुति कार (सीएच 03डी-1471) क्यार्टू से ठियोग के धर्मपुर की तरफ जा रही थी। इस दौरान क्यार्टू के पास चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस दौरान पीछे से आ रही गाड़ी में बैठे लोगों को जैसे ही जानकारी मिली, उन्होंने स्थानीय लोगों को मदद के लिए बुलाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही ठियोग पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार सवारों को खाई से बाहर निकाला।

मृतकों की पहचान अंकुश (25) पुत्र योगिंदर सिंह निवासी क्यार्टू और अभिषेक (23) पुत्र राजू निवासी धर्मपुर के रूप में हुई है, वहीं घायलों में ललित और दलीप शामिल हैं, जिन्हें ठियोग सिविल अस्पताल से आईजीएमसी रेफर किया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### पीएम ने कर्नाटक से राहुल गांधी पर बोला हमला

# कांग्रेस के शहजादे ने राजाओं का किया अपमान : मोदी

**एजेंसी, बेलगावी (कर्नाटक)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने राहुल पर तुष्टीकरण की राजनीति की खातिर नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों की ओर से किए गए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलने का भी आरोप लगाया।



उन्होंने विरासत कर मुद्दे पर भी कांग्रेस के खिलाफ हमला जारी रखा और कानून व व्यवस्था की स्थिति को लेकर कर्नाटक में पार्टी की सरकार पर निशाना साधा।

पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों की संपत्तियां बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस का शहजादा (राहुल गांधी) और उनकी बहन (प्रियंका गांधी वाड्रा) दोनों यह घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो वे देश का एक्स–रे करेंगे।

कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जैसी महान शख्सियतों का अपमान किया है जिनका प्रशासन और देशभक्ति आज भी हमें प्रेरित करता है। शहजादे ने राजा, महाराजाओं के बारे में बुरा–भला कहा, लेकिन भारत के इतिहास में नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों ने, जो अत्याचार किया, उसके बारे में शहजादे के मुंह पर ताला लग गया।

### ये लोग हर घर पर छापा मारेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा वे आपकी संपत्ति, बैंक लॉकर, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और महिलाओं के आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे। ये लोग हर घर पर छापा मारेंगे और आपकी संपत्ति पर कब्जा करेंगे। कब्जा करने के बाद वे इसे पुनः वितरित करने की बात कर रहे हैं, वे उसे अपने प्रिय वोट बैंक को देना चाहते हैं...क्या आप इस लूट को होने देंगे? जब तक मोदी जिंदा है, मैं इसे होने नहीं दूंगा।

### कांग्रेस को पीएफआई की मदद पर घेरा

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि कांग्रेस वोटों की खातिर प्रतिबंधित राष्ट्र विरोधी संगठन पीएफआई की मदद ले रही है जो आतंकवाद का समर्थन करता है। वायनाड में एक सीट जीतने के लिए आप उनके आगे घुटने टेक रहे हैं? भाजपा ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया और उसके नेताओं को जेल में भेज दिया है।

### आम आदमी पार्टी को झटका

## चुनाव आयोग ने कैंपेन गीत पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, आयोग ने पार्टी के कैंपेन गीत पर रोक लगा दी है। बता दें, हाल ही में पार्टी ने अपना कैंपेन गीत लॉन्च किया था। दो मिनट के इस कैंपेन सॉन्ग में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया भी दिखे थे। इस गीत को पार्टी विधायक दिलीप पांडेय ने लिखा था। वहीं आयोग के इस कदम को आप ने केंद्र की तानाशाही बताया है।

आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि चुनाव आयोग को 'जेल का जवाब वोट से' पर आपत्ति है जो कि सरासर गलत है। इसमें कुछ भी ऐसी आपत्तिजनक बातें नहीं है जिससे गीत पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस गीत से कहीं भी चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो रहा है।

# टिकट किसी को भी मिले 'हाथ' का दें साथ : सुक्खू

**कमलेश वर्मा, केलांग**

लाहौल–स्पीति विधानसभा क्षेत्र में टिकट फाइनल करने से पहले रविवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जिले के दौरे पर पहुंचे जहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की अपील की।

उन्होंने दावेदारों से कहा कि पार्टी का टिकट चाहे किसी को भी मिले सभी को 'हाथ' का देना होगा। पार्टी जिसे भी अपना उम्मीदवार बनाएगी उसे कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार समझकर उनके पक्ष में मतदान करना होगा ताकि यहां से कांग्रेस पार्टी का विधायक बनकर विधानसभा में क्षेत्र की आवाज को बुलंद कर सके।

उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी रवि ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने लाहौल–स्पीति की संस्कृति को बदनाम किया है जिसके लिए उन्हें सबक सिखाना जरूरी है। भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर ने लाहौल–स्पीति वासियों की ईमानदारी पर काला धब्बा लगाया है। लाहौल–स्पीति की जनता से धोखा करने वाले पूर्व विधायक रवि ठाकुर की जमानत इस चुनाव में जब्त होगी और तब उनको अपनी गलती का एहसास होगा। लाहौल–स्पीति जिला ऐसा जिला बन गया है जहां हर महिला को 1500 रुपए मिल रहे हैं। मेरी लड़ाई कुर्सी की नहीं है बल्कि यह लड़ाई खनन माफिया, भू–माफिया नशाखोरी, भ्रष्टाचार के खिलाफ है।इसके अलावा उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार की अन्य योजनाओं को भी गिनाया।

उन्होंने जनता से यह भी अपील की की रवि ठाकुर जनता का वोट खरीदने की भी कोशिश करेंगे, इस दौरान उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि अगर वह पैसे देने का प्रयास करेंगे तो ले लेना, डबल पैसे ले लेना, जिस तरह से उन्होंने जनता के साथ दगाबाजी की है उसका जवाब भी उसी तरीके से देना होगा। (अनंत ज्ञान)



लाहौल–स्पीति दौरे के दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

## इराक में अब समलैंगिक संबंध बनाना होगा अपराध

**वॉशिंगटन।** इराक की संसद में समलैंगिक संबंधों को लेकर एक कानून पारित किया गया। इराक की संसद ने समलैंगिक संबंधों को अपराध माना है।

कानून के मुताबिक, समलैंगिक संबंध बनाने वालों को 15 साल की सजा का ऐलान भी कर दिया गया। धार्मिक मूल्यों के आधार पर इराक के संसद ने यह कानून पारित किया है।

बता दें वैश्यावृति के खिलाफ भी इराक की संसद ने सख्त कदम उठाया है। इराक के इस कानून को लेकर एलजीबीटी समुदाय और पश्चिमी देशों ने कड़ी आलोचना जताई है।

## आरक्षण को लेकर राहुल गांधी का भाजपा पर फिर हमला

**दमन और दीव।** केंद्र–शासित प्रदेश दमन और दीव में चुनाव प्रचार में पहुंचे राहुल गांधी ने फिर भाजपा पर आरक्षण हटाने का आरोप लगते हुए कहा कि भाजपा 'आरक्षण खत्म करो' गैंग का अड्डा है। राहुल ने दमन और दीव के अनिर्वाचित प्रशासक प्रफुल्ल खोड़ा पटेल पर भी निशाना साधा और कहा कि प्रफुल्ल पटेल दमन और दीव का राजा बनाकर बिठा दिया है। दमन और दीव की यह सीट पिछले तीन चुनावों से भाजपा के खाते में आई है जहां लालूभाई पटेल लगातार तीन बार से यहां से सांसद चुने गए हैं। हालांकि, भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद का टिकट काटकर पूर्व कांग्रेसी और दमन और दीव के सबसे पहले सांसद गोपाल टंडेल को टिकट दिया है। वहीं, कांग्रेस ने भी अपने पुराने चेहरे और 2 बार के सांसद दहयाभाई पटेल को टिकट दिया है। आपको बता दें कि, इस सीट पर 7 मई को मतदान होना है।



आपको बता दें कि, प्रफुल्ल पटेल दमन और दीव के अलावा दादर नगर हवेली और लक्षद्वीप के भी प्रशाशक है। तीनों ही केंद्र शासित प्रदेशों की जनता ने प्रफुल्ल पटेल विरोध किया है खास कर उनकी भूमि और वन संबंधित नीतियों की वजह से।

## बच्चों ने पाठशाला में वीडियो बनाई तो अध्यापिका ने गुस्से में दिखाई छुरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिले के नाचन विधानसभा व सुंदरनगर उपमंडल में आने वाली पलौहटा सरकारी पाठशाला में बच्चों ने अपनी अध्यापिका का पढ़ाते हुए एक वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। पता चलने पर इससे गुस्से में आई अध्यापिका ने कक्षा में बच्चों को बुलाकर मेज पर प्लेट में रखी छुरी दिखाकर कथित तौर पर धमकाया कि बताओ यह वीडियो किसने बनाया है और किसने वायरल किया है। छुरी व अध्यापिका का गुस्सा देख बच्चे सहम गए और इसकी भनक मिलते ही स्कूल प्रबंधन समिति व अभिभावक भी स्कूल पहुंच गए, शिकायत प्रिंसिपल तक पहुंच गई। स्थिति गंभीर देख कर प्रिंसिपल ने भी स्कूल प्रबंधन व स्टाफ के समक्ष सारा ब्यौरा रखा।

हालांकि पांच सेकंड के इस वीडियो में कुछ भी ऐसा नहीं था, जिससे अध्यापिका को गुस्सा आता और छुरी दिखाकर बच्चों को धमकाना पड़ता। मामले ने तूल पकड़ा और रविवार को स्कूल प्रबंधन समिति व अभिभावकों ने इसकी लिखित शिकायत प्रिंसिपल व अधिकारियों से कर दी।

इस बारे में प्रिंसिपल धनी राम का कहना है कि घटना वाले दिन वह चुनावी ड्यूटी पर थे, 26 अप्रैल को आए हैं, मामले को आपसी बातचीत से निपटाने का प्रयास होगा और जैसा ऊपर से आदेश आएगा, उस पर अमल किया जाएगा।

# चंबा में 13 साल की लड़की अगवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चंबा जिले में 13 वर्षीय लड़की को जबरदस्ती अगवा कर करने का मामला प्रकाश में आया है, जिसकी भनक लगते ही चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा सहित जिला चंबा व कांगड़ा पुलिस दल संयुक्त रूप से तफ्तीश में जुट गया है।

चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा को सूचना मिली थी कि चंबा उपमंडल निवासी की 13 वर्षीय लड़की को कांगड़ा जिले के डमटाल क्षेत्र के माजरा गांव के कुछ लोग उठाकर ले गए हैं। पीड़ित लड़की का परिवार चंबा से पिछले 6 महीनों से गांव माजरा में माल–मवेशियों को लेकर गया हुआ है। 25 अप्रैल की रात्रि को कुछ लोगों द्वारा मिलकर मासूम लड़की को बलपूर्वक उठा लिया गया है। इस घटना में 10 आरोपी शामिल बताए जा रहे हैं।

> चंबा व कांगड़ा पुलिस ने आरंभ की संयुक्त तफ्तीश

चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा, बच्ची के पिता व संबंधित पंचायत के उपप्रधान ने महिला पुलिस थाना चंबा में लिखित शिकायत दी है। वहीं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंबा शिवानी मेहला को भी मामले संबंधी अवगत करवाया दिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने जिला कांगड़ा पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर नूरपुर पुलिस थाना प्रभारी को अवगत करवाया। महिला पुलिस थाना चंबा ने मामला दर्ज करने के बाद इस मामले को नूरपुर थाना को ट्रांसफर कर दिया है।

इस संदर्भ में पुष्टि करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंबा शिवानी मेहला ने बताया कि चंबा व नूरपुर थाना में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

अनंत ज्ञान

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**अकाउंट डिपार्टमेंट**

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई–मेल anantgyaanadm@gmail.com

**समर्थन** भाजपा और कांग्रेस के बीच आरक्षण को लेकर चल रहे बयानों पर बोले मोहन भागवत

# जब तक जरूरत है, आरक्षण जारी रहना चाहिए

**एजेंसी, हैदराबाद**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संघ ने कभी भी कुछ खास वर्गों को दिए जाने वाले आरक्षण का विरोध नहीं किया है। हैदराबाद में एक कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि संघ का मानना है कि जब तक जरूरत है, आरक्षण जारी रहना चाहिए। भागवत ने यह बात भाजपा और कांग्रेस के बीच आरक्षण को लेकर चल रहे बयानों के बाद कही।

आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि जब मैं यहां आया तो एक वीडियो वायरल किया जा रहा था कि आरएसएस आरक्षण के खिलाफ है। हम इस बारे में बाहर बात नहीं कर सकते। अब यह पूरी तरह से झूठ है। संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है।

भागवत ने पिछले साल सितंबर में भी नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि समाज में भेदभाव मौजूद है, भले ही वह दिखता न हो।


### यहां से शुरू हुआ विवाद

कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित हुए प्रमोद कृष्णम का पुराना वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह आरक्षण हटाने की बात करते दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद प्रमोद कृष्णम ने कहा कि यह वीडियो एक साल पुराना 24 सितंबर 2023 का है। मुझे बताया गया है कि राहुल गांधी ने भी इस बारे में कुछ कहा या लिखा है। वे इसे प्रधानमंत्री मोदी से जोड़ रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा था, 'भाजपा वंचितों का आरक्षण छीनना चाहती है।' राहुल गांधी ने वायरल वीडियो के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया-भाजपा नेताओं और नरेंद्र मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना है।

### जब तक भाजपा है, कांग्रेस आरक्षण को हाथ नहीं लगा पाएगी : अमित शाह

राहुल गांधी की पोस्ट पर अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी निराधार झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा की सरकार इस देश में 10 साल से चल रही है। दोनों बार पूर्ण बहुमत की सरकार रही है। अगर भाजपा की मंशा होती कि आरक्षण को खत्म करना है, तो हो चुका होता। बल्कि नरेंद्र मोदी जी ने पूरे देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी भाई-बहनों को गारंटी दी है कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता है।



# पूर्व पीएम देवगौड़ा का पोता सेक्स स्कैंडल में फंसा

**एजेंसी, बेंगलुरु**



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना पर एसआईटी ने अपना शिकंजा कस दिया है। मौजूदा लोकसभा चुनाव में वह कर्नाटक की हासन सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी सीट पर 26 अप्रैल को वोटिंग हो चुकी है। एसआईटी उसकी तलाश कर रही है और पता चला है कि वह जर्मनी भाग गया है।

प्रज्वल का मामला एक सेक्स स्कैंडल से जुड़ा है, जिसमें उनके एक हजार से ज्यादा वीडियो सामने आ चुके हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने हासन से मौजूदा सांसद और इस सीट से जेडीएस उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना के मामले में एसआईटी का गठन किया है। प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना हासन की होलेनरसीपुर सीट से मौजूदा विधायक हैं। इस घटनाक्रम से राज्य में सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले बड़ा विवाद पैदा होने की आशंका है।

आरोप है कि प्रज्वल रेवन्ना हजारों महिलाओं के उत्पीड़न और यौन शोषण में शामिल हैं और उन्होंने इन कृत्यों को रिकॉर्ड भी किया है। एक हजार से अधिक क्लिप जो वायरल हुई हैं, उनमें रिकॉर्डिंग में घर पर काम करने वाली नौकरानियां और हाई प्रोफाइल महिलाएं शामिल हैं।

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

**आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।**

**यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।**

# मोदी की गारंटी ही है भाजपा की गारंटी: अनुराग ठाकुर

## केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी ने भोरंज विधानसभा क्षेत्र के बूथ संगरोह पर जनसमूह को किया संबोधित

**अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर/मंडी**

केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी ही भाजपा की गारंटी है। रविवार को भोरंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संगरोह बूथ और धर्मपुर में शीतला मंदिर के समीप उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता भारी बहुमत के साथ मोदी को प्रदेश से 4 कमल सौंपने जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने देश के गरीब, किसान, महिला, युवा सहित हर वर्ग के लिए बहुत सारी योजनाओं का लाभ दिया है।

अगले 5 वर्षों में भी भाजपा के संकल्प पत्र में सभी वर्गों के लिए अपना संकल्प जनता के समक्ष दिया गया है। उन्होंने कहा कि 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग चाहे वह गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के दायरे को बढ़ाकर अन्नदाताओं को जरूरी कृषि इनपुट प्रदान करके पौष्टिक सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देंगे। साथ ही प्याज, टमाटर, आलू आदि जैसी आवश्यक सब्जियों के उत्पादन के लिए नए क्लस्टर स्थापित करेंगे। इन क्लस्टर्स में भंडारण और वितरण की सुविधाएं भी प्रदान करेंगे। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी। वर्ष 2020 से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। अगले पांच वर्षों तक पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन देना जारी रखेंगे। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का वायदा किया है।

एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे।



धर्मपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन के दौरान अनुराग ठाकुर सामूहिक चित्र में।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

**बूथ** अध्यक्ष मनमोहन सिंह ने अनुराग ठाकुर को उपस्थित अन्य पन्ना प्रमुखों संग पन्ना सौंपा। इस मौके पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी व प्रदेश सचिव सुमित शर्मा, भोरंज भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर, भोरंज विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक कमलेश कुमारी एवं डॉ. अनिल धीमान, जिला भाजपा महामंत्री राकेश ठाकुर, स्थानीय पंचायत प्रधान चंद्र मोहन, जिला भाजपा के प्रवक्ता चमन ठाकुर, सुरजीत ठाकुर, ग्राम केंद्र प्रमुख कैप्टन ध्यान सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

## चुनावी चुटकी

### सपनों की ट्रेन



**हिमाचल** में भी बुलेट ट्रेन चलेगी! हैरान मत होना यह हमारी कल्पना है, बोलने में क्या जाता है। सपने किसी को भी आ सकते हैं, आप उन्हें रोक तो नहीं सकते। मुंगेरी लाल की ट्रेन है, कहीं भी जा सकती है। बिना स्टेशन के रुक भी सकती है। अगर पहाड़ आए तो उड़ भी सकती है, पानी पर तैर भी सकती है। पैदल भी चल सकती है। सपनों की रेल है कभी तो आएगी। लेह और लद्दाख भी जाएगी, हो सके तो हमीरपुर और सुजानपुर तक भी आएगी। सपनों की ट्रेन है कहीं भी जा सकती है। तुम में ताकत है तो रोककर दिखाओ, बेशक लाल कपड़ा या सीटी बजाओ। कुटलैहड़ में भी आएगी और घनेटा भी जाएगी, दिल किया तो शाहतलाई पहुंच जाएगी। सपनों की रेल है कहीं तो आएगी। शिमला से किन्नौर भी जाएगी, पांगी और भरमौर में भी सीटी बजाएगी। सपनों की रेल है कहीं भी आ सकती है और कहीं भी जा सकती है। बुलेट ट्रेन की पटरी भी बिछाएंगे, लावारिस पशु न बनें बाधा इसलिए पाताल से चलाएंगे। पूरे हिमाचल में ऐसा नेटवर्क बनाएंगे, हवाई जहाज से पहले शिमला से धर्मशाला पहुंच जाएंगे। रौनकी ताऊ को भी है ये विश्वास, बजट में एक हजार रुपए पूरी करेगी आस। सपनों की रेल है कहीं भी आ सकती है, पैसेंजर के भाड़े में बुलेट की सवारी करा सकती है।

### नेताओं का पितृ दोष



**पितृ** दोष को लेकर कुछ नेता घिर चुके हैं, निवारण को लेकर यत्न भी कर चुके हैं। दोष निवारण के उपाय भी सुझाए, कौवे को रोटी दी, गंगा में भी नहाए। नेता जी का पितृ दोष इतना बड़ा है, शादी की मंडप पर, कुत्ता रो पड़ा है। बारात निकलते ही पड़ोसी की छींक बड़ी थी, विदाई की डोली के आगे बिल्ली चल पड़ी थी। एक ही नहीं है ये कहानी, पितृ दोष में ही लुट गई जवानी। भले ही दोष हट चुका है, हादसा ऐसा घट चुका है। विरोधी अब भी पीछे पड़ा है, पितृ दोष का ही तो उसे अड़ा है। पितृ दोष अब मिट चुका है, विरोधी का पैंतरा पिट चुका है। चलने वाला नहीं अब ये नारा, नैया को मिल जाएगा किनारा। ज्योतिषी ने साफ कहा है, अब न कोई दोष रहा है। रौनकी ताऊ भी है हैरान, काम न आएगी अब पुरानी पहचान, जो विरोधी बता रहे थे उनको पितृ दोष, सपनों में पितृ अब उड़ाने लगे उनके ही होश। समय भी बदला है मिल गया साया, अब तो भगवान ही जाने अगली माया। – **राजेश शर्मा**

# पूरा विश्व मानता है मोदी की गारंटी का लोहा : कंगना

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पद्मश्री कंगना रनौत ने किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में पन्ना प्रमुख सम्मेलन के साथ चुनावी जनसभा की। इस दौरान उनके साथ नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित सूरत नेगी पूर्व वन निगम उपाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा प्रत्याशी सहित किन्नौर भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

रिकांगपिओ पहुंचने के बाद भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा मैं खुद एक साधारण व गरीब परिवार से संबंध रखती हूं। मैने अपने करियर की शुरुआत फिल्म इंडस्ट्री से की। अब तक का जीवन काल मैंने अपने लिए जिया, लेकिन अब मैं मातृभूमि की सेवा करना चाहती हूं। उसके लिए मैं समर्पित हूं। उन्होंने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव ने पूरे देश में खलबली मचा दी है। आज हमारे देश का नेतृत्व ऐसे व्यक्तित्व के हाथों में है, जिसकी गारंटी का लोहा पूरा विश्व मानता है। जहां मोदी खड़े होते हैं, लाइन वहां से शुरू होती है। ऐसे महान पुरुष का जन्म सदियों में ही होता है। उन्होंने ऐसे व्यक्तित्व को पुन: सशक्त बनाने की अपील की, जिनके हाथों में देश सुरक्षित है। वहीं, दूसरी और प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जब से सुक्खू सरकार सत्ता में आई है, उनसे सरकार सभल ही नहीं रही है।



रिकांगपिओ में रोड शो के दौरान कंगना रनौत व जयराम ठाकुर।

### कंगना बोलीं- एक शहजादे हैं, जिन्हें मेरे पहनावे से प्रोब्लम

**कंगना** ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता पाने के लिए विधानसभा चुनावों में जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किया। वहीं, एक शहजादे हैं, जिन्हें मेरे पहनावे से भी प्रोब्लम है। उन्होंने कहा कि हमारी प्रदेश की संस्कृति, रहन-सहन, खान-पान, पहनावा अद्भुत है। चुनाव जीत कर मैं अवश्य ही हमारी हिमाचल की संस्कृति को पूरे विश्व में ले जाने का काम करूंगी। जनसभा को जयराम ठाकुर ने भी संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश सरकार को जम कर कोसा। जनसभा को सूरत नेगी पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश वन निगम ने भी संबोधित किया।

# हम 'वोकल फोर लोकल' में रखते हैं विश्वास: विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के जोगिंद्रनगर पहुंचते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष व सांसद प्रतिभा सिंह ने मंडी संसदीय क्षेत्र में बेहतरीन काम किया है। हालांकि काम के लिए उन्हें समय कम मिला। उन्होंने कहा कि त्रासदी के समय में भी हिमाचल में बहुत नुकसान हुआ है, जहां-जहां आपदा आई उन्होंने सांसद के साथ हर क्षेत्र का दौरा किया तथा प्रदेश के जो प्रोजेक्ट अटके हुए थे उनके लिए वह खुद केंद्रीय मंत्रियों से मिले व प्रोजेक्ट शुरू करवा 3500 करोड़ रुपए हिमाचल के लिए लेकर आए।

उन्होंने कहा कि जिस डोर को राजा वीरभद्र सिंह ने मंडी संसदीय क्षेत्र को बांधा था, उस डोर को कभी विक्रमादित्य टूटने नहीं देगा और उतनी ही मजबूती से हमारा रिश्ता आप लोगों के साथ बना रहेगा। इस अवसर पर जोगिंद्रनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर, राकेश चौहान, राकेश धरवाल, पूर्व विधायक सुरेंद्र पाल ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष व धर्मपुर क्षेत्र विधायक चंद्रशेखर, कांग्रेस वरिष्ठ नेता व द्रंग क्षेत्र के पूर्व विधायक कौल सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गुरुशरण परमार आदि शामिल थे।



जोगिंद्रनगर में विक्रमादित्य सिंह, कौल सिंह ठाकुर व अन्य पदाधिकारी।


### विक्रमादित्य सिंह बोले- नेशनल मीडिया से कम बात ही नहीं करतीं भाजपा प्रत्याशी

**इस** दौरान उन्होंने नेशनल मीडिया पर तंज कसते हुए कहा कि हम तो वोकल फोर लोकल में विश्वास रखते हैं और दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी नेशनल मीडिया से कम बात ही नहीं करतीं। उन्होंने कहा कि मैं मंडी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी के रूप में सभी लोगों का आशीर्वाद लेने आया हूं। उन्होंने कहा कि मुझे वर्तमान में लोकनिर्माण मंत्री के रूप में प्रदेश सरकार में जिम्मेदारी दी गई है और शिमला ग्रामीण क्षेत्र भी उनका निर्वाचन क्षेत्र है, वहां के लोगों ने भी उन्हें बहुत प्यार दिया है। प्रदेश सरकार में उन्होंने क्षेत्र के सभी मसलों को उठाया है।

# प्रदेश की आपदा को राष्ट्रीय घोषित करवाने में असफल रहे अनुराग ठाकुर : रायजादा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

केंद्र में दस वर्ष भाजपा सरकार होने पर भी हमीरपुर लोकसभा से भाजपा सांसद एवं केंद्र में मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर हमीरपुर लोकसभा में कोई बड़ा प्रोजेक्ट या फिर युवाओं को रोजगार का कोई साधन नहीं बना सके, जिससे युवा वर्ग बाहरी राज्यों में जाने की बजाय अपने लोकसभा क्षेत्र के रोजगार मिल सके।



ये शब्द हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से संभावित प्रत्याशी प्रदेश कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व में ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने बंगाणा में मीडिया ने कहे। रायजादा ने कहा कि राज्य में बीते वर्ष इतनी बड़ी आपदा आई और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रधानमंत्री से मुलाकात करके हिमाचल के आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का आग्रह किया, लेकिन अगर अनुराग सिंह ठाकुर चाहते तो राज्य के 11 हजार करोड़ आपदा में हुए जनता के नुकसान की भरपाई के लिए राष्ट्रीय आपदा घोषित करवा सकते थे। केंदग में बैठी भाजपा सरकार और सरकार का नेतृत्व कर रहे प्रधान मंत्री ने राज्य सरकार में डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में कोई मदद के हाथ राज्य सरकार के लिए नहीं बढ़ाए। वहीं, मुख्यमंत्री ने करीब 45 सौ करोड़ के नुकसान की भरपाई की है। रायजादा ने कहा कि भारत सरकार में बड़े पद पर बैठे अनुराग सिंह ठाकुर हमीरपुर लोकसभा में कुछ नहीं कर सकते हैं और इस बार लोकसभा चुनावों में भाजपा को जनता सबक जरूर सिखाएगी।

सतपाल सिंह रायजादा ने अनुराग ठाकुर के ड्रीम प्रोजेक्ट ऊना-हमीरपुर रेल लाइन विस्तार पर चुटकी लेते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद अनुराग सिंह ठाकुर के ड्रीम प्रोजेक्ट ऊना-हमीरपुर रेल लाइन के विस्तार के लिए मात्र एक हजार बजट में प्रावधान हुआ है।

# कांग्रेस में टिकट को लेकर असमंजस

## मतदान के कुछ दिन शेष, समय पर चुनाव का प्रचार जीत की पहली सीढ़ी

**जय सिंह ठाकुर, शिमला**

स्लो एंड स्टेडी विन्स द रेस, ये मुहावरा बेशक परिस्थिति विशेष में काम करता हो, लेकिन राजनीति में समय की बड़ी कीमत है। समय पर टिकट फाइनल करना और फिर समय पर चुनाव प्रचार में जुट जाने को नेता जीत की पहली सीढ़ी मानते हैं। इधर, हिमाचल प्रदेश में टिकट वितरण के मामले में कांग्रेस की चाल धीमी है।

अभी तक कांग्रेस ने दो लोकसभा क्षेत्र और विधानसभा उपचुनाव में छह में से तीन ही टिकट घोषित किए हैं। आलम यह है कि मतदान में एक महीने से कुछ ही अधिक दिन शेष हैं, लेकिन कांग्रेस टिकटों का पेंच फंसा हुआ ही है। कांग्रेस में उम्मीदवारों के चयन को लेकर माथापच्ची अभी कांग्रेस ने शिमला व मंडी लोकसभा सीट पर प्रत्याशी दिए हैं। इन सीटों पर उम्मीदवार उतारने में भी कांग्रेस को माथापच्ची करनी पड़ी। मंडी में तो एक तरह से हास्यास्पद स्थिति पैदा हो गई थी, जब प्रतिभा सिंह ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। आखिर कई राउंड की बातचीत और मंथन के बाद मंडी से विक्रमादित्य सिंह का टिकट फाइनल किया गया। शिमला सीट पर भी कई नाम चर्चा में थे। कांग्रेस ने यहां पूर्व में छह बार सांसद रहे कृष्णदत्त सुल्तानपुरी के विधायक बेटे विनोद सुल्तानपुरी को मैदान में उतारा। अब कांगड़ा व हमीरपुर लोकसभा सीटों पर मंथन चला हुआ है।

हमीरपुर सीट पर अनुराग ठाकुर के मुकाबले कांग्रेस ने पहले ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा का नाम तय किया था। उनकी उम्मीदवारी का ऐलान डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कई बार किया। फिर हाईकमान ने ऑब्जेक्शन किया कि हार का सामना कर चुके नेता को क्यों उतारा जाए। यही कारण है कि उनका नाम संभावित उम्मीदवार की लिस्ट में नहीं आया। फिर, डिप्टी सीएम और उनकी बेटी आस्था का नाम चला। आस्था ने भी चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। मुकेश अग्निहोत्री ने तो दो टूक ही कह दिया कि उन पर चुनाव लड़ने का कोई व्यक्ति दबाव नहीं डाल सकता। डिप्टी सीएम ने कहा कि वे अपने हिसाब से राजनीति करते हैं। इस तरह कांग्रेस हाईकमान को एक संकेत दे दिया गया कि न तो मुकेश खुद चुनाव लड़ेंगे और न ही बेटी का इरादा है। एक चर्चा सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर के नाम की भी चली। उस चर्चा का भी कोई फाइनल आउटकम नहीं आया। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा से गद्दी या ब्राह्मण

**कांगड़ा** सीट पर आशा कुमारी के नाम की खूब चर्चा थी, लेकिन कई कारणों से उनका नाम फाइनल नहीं हो पा रहा है। इसी तरह आरएस बाली के नाम की चर्चा चली तो बाली ने एक पत्र लिख मारा। उन्होंने हाईकमान से आग्रह किया कि उन्हें विश्वास में लिए बिना कोई कदम न उठाया जाए। बाली पहली बार विधायक बने हैं और अपने इलाके के विकास कार्य में सक्रिय रहने का दुहाई देकर टिकट नहीं चाहते हैं। इधर, कांग्रेस में मंथन चल रहा है कि क्या कांगड़ा से किसी ब्राह्मण चेहरे को उतारा जाए या फिर गद्दी कम्युनिटी से टिकट दिया जाए. कांगड़ा से चुनाव जीते भाजपा के किशन कपूर गद्दी समुदाय से हैं. फिलहाल, कांगड़ा में भी कांग्रेस के पास सीमित विकल्प हैं।

# कांग्रेस के पास जनता को बताने के लिए नहीं कोई मुद्दा : विनय गुप्ता



**सोलन ।** शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी सिरमौर जिले के दौरे पर हैं और उन्होंने नाहन विधानसभा क्षेत्र का भी दौरा किया। मगर, उनके पास लोगों के बीच जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। यह बात सिरमौर जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग, भाजपा मंडल अध्यक्ष नाहन प्रताप ठाकुर, मनीष चौहान और आरआर शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कोई भी ऐसा काम अपने इस कार्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश के भीतर नहीं कर पाई है, जिसको लेकर कांग्रेस उम्मीदवार लोगों के बीच जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार को यह बताना चाहिए कि आखिर उन्होंने पूर्व सरकार द्वारा लोगों की मांग पर खोले गए संस्थानों को क्यों बंद कर दिया।

# 15 साल से सुजानपुर की जनता को ठग रहे राजेंद्र राणा : कैप्टन रणजीत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सुजानपुर से कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन रणजीत राणा ने कहा कि पूर्व विधायक राजेंद्र राणा 15 साल से क्षेत्र की जनता को ठग रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में कोई विकास नहीं करवाया।

वह वर्तमान सरकार में सिर्फ मंत्री बनने के लिए जोर लगाते रहे, विकास कार्यों के लिए एक बार भी मुख्यमंत्री के पास नहीं गए। उन्होंने कहा कि सुजानपुर के विकास के लिए वह प्रतिबद्ध हैं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ मिलकर वह क्षेत्र के विकास को चार चांद लगाएंगे। पूर्व विधायक राणा ने विकास के नाम पर 15 साल लोगों को गुमराह किया। दो महीने पहले वह चुपके से भाजपा में आकर घुस गए। अब तक वह चार बार पाला बदल चुके हैं। राजेंद्र पहले भाजपा थे, फिर आजाद, उसके बाद कांग्रेस और अब दोबारा भाजपा में आए हैं। उनके विधायक रहते सुजानपुर की अनदेखी हुई है।

पूर्व विधायक के बार-बार पाला बदलने से लोगों में आक्रोश है। लोगों को समझ ही नहीं आ रहा था कि जाएं कहां, इसलिए मैंने सुजानपुर के लोगों की लड़ाई लड़ने का फैसला लिया है।

**सियासत** किन्नौर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष, पन्ना प्रमुख सम्मेलन को किया संबोधित बोले...

# आएंगे तो मोदी ही: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रिकांगपिओ**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि देश में इस समय मोदी की लहर चल रही है। 10 साल के काम को देखकर देश के कोने-कोने से आवाज आ रही है कि आएगा तो मोदी ही। देश के लोग किसी नेता पर इस तरह से विश्वास अकारण ही नहीं कर रहे हैं। इसके पीछे नरेंद्र मोदी के 10 साल की मेहनत हैं। उनके द्वारा देश के लोगों के लिए किए गए काम हैं।

10 साल में जो हुआ वह पिछले 70 साल में भी नहीं हो पाया। चाहे आज किन्नौर और बॉर्डर एरिया की सड़के हों या नेटवर्क से लेकर अन्य तरह की कनेक्टिविटी। हर क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुआ है। किन्नौर के लोग भी इसके गवाह हैं। प्रधानमंत्री की योजनाएं लोगों तक बिना किसी भ्रष्टाचार के पहुंची हैं। पहले के प्रधानमंत्री कहते थे कि दिल्ली से एक रुपया निकलता है तो 85 पैसे बिचौलिये खा जाते हैं, लेकिन मोदी ने ऐसा प्रबंध किया कि एक भी पैसा बिचौलिये नहीं ले सकते, जो दिल्ली से आता है वह किन्नौर के दूर से दूर बैठे व्यक्ति को पूरा का पूरा मिलता है। उन्होंने किन्नौर से जुड़ी यादें साझा करते हुए कहा कि यहां आकर बहुत खुशी मिलती है।

किन्नौर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। मुख्यमंत्री ने पुलिस को अपने विधायकों की रखवाली करवाने और विपक्ष के नेताओं की जासूसी करवाने में लगा रखा है।

उन्होंने मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी से पूछा कि जब किन्नौर के संस्थान मुख्यमंत्री बंद कर रहे थे तो आप उसका विरोध करने की बजाय उनका समर्थन क्यों कर रहे थे? जब उन्होंने रोते हुए मंत्रीमंडल से त्यागपत्र दिया तो सरकार पर सवाल उठाए, आखिर फिर उन्हीं की नीतियों के नाम पर वोट मांग रहे हैं। इस मौके पर कंगना रनौत, किन्नौर जिला अध्यक्ष यशवंत नेगी समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उपस्थित जयराम ठाकुर, कंगना रनौत व अन्य पदाधिकारी।

# भाजपा ने गिराया प्रदेश में शिक्षा का स्तर : रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा का बेड़ा गर्क हुआ और गुणात्मक शिक्षा के मामले में हिमाचल प्रदेश की रैंकिंग देश भर में 18वें स्थान पर पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं आरंभ कीं, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार आ रहा है।

उन्होंने रविवार को शिमला में जारी प्रेस बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार व्यवसायिक शिक्षा में सुधार के लिए भी निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा विभाग में 7000 से अधिक जेबीटी, टीजीटी पीजीटी तथा कॉलेज लैक्चरर के पद सीधी भर्ती तथा बैचवाइज के आधार पर भर रही है, ताकि अध्यापकों की कमी के कारण छात्रों की पढ़ाई में बाधा न पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए सभी स्तर के स्कूलों में संसाधनों के सांझे प्रयोग के लिए स्कूल क्लस्टर योजना भी आरंभ की गई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में इसी सत्र से पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई आरंभ कर दी गई है।

## सेल्फी प्वाइंट










'स्वीप' कार्यक्रम के तहत जोगिंद्रनगर में मतदान जागरूकता बढ़ाने के लिए सेल्फी प्वाइंट में फोटो खिंचवाते मतदाता।

## नाचन में जागरूकता अभियान




मतदान केंद्र नाचन में जागरूकता अभियान के दौरान स्थानीय लोग एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह के साथ।

# 'प्रचार की धार' करेगी राणा बनाम राणा का बेड़ा पार

## पर्सनल वोट बैंक का 'खजाना' होगा खास साबित, लीडर से ज्यादा असमंजस में वोटर, पहले इधर अब उधर की राजनीति में है असल उलझन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भाजपा के बाद अब कांग्रेस ने भी अपने 'मोहरे' को चुनावी दंगल में धकेल दिया है। अब असल लड़ाई 'प्रचार की धार' पर निर्भर करेगी, क्योंकि राणा बनाम राणा का भविष्य वोटरों ने पिछले विधानसभा चुनावों में भी खूब जांचा-परखा है। असल मसला इनकी उम्मीदवारी को धरातल पर आम कार्यकर्ता द्वारा 'एक्सेप्ट' करने का है। क्या वोटर बंधक बना रहेगा, या फिर पार्टी के बड़े नेताओं के रवैये पर उन्हें किसी उलझन में नहीं रखना चाहेगा। कुल-मिलाकर सुजानपुर में अब चुनावी बिसात बिछने लगी है। उसका ट्रेलर इन दिनों खूब चर्चा में है। पूरी पिक्चर धीरे-धीरे समझ आने लगेगी। मान-मनोबल का दौरा भाजपा के अंदर तो पिछले काफी दिनों से जारी है, लेकिन कांग्रेस की भीतरी स्थिति पर अब इसका मंथन होना शुरू होगा। फिलहाल कांग्रेस को चुनाव प्रचार की धार तेज करने के लिए समय काम मिलेगा, जबकि भाजपाई काफी समय से दूसरे राउंड के चुनाव प्रचार के मुहाने पर खड़े हो चुके हैं। (अनंत ज्ञान)





### दिक्कतें इधर भी और उधर भी

**दरअसल** में अदला-बदली के माहौल में सुजानपुर के वोटरों में जो असमंजस है, इसका खुलासा बहुत जल्दी हो पाएगा? ऐसा दिखता नहीं है, इसीलिए दोनों दलों के भीतर दिक्कतें इधर भी हैं और उधर भी। इनका निवारण कितनी जल्दी और किस स्तर पर हो पाएगा? इसकी इंतजार कार्यकर्ताओं और वोटरों में शुरू हो गई है।

### सीएम के आने का इंतजार

**अभी** तो सुजानपुर में कांग्रेस के सारे कुनबे को सीएम के आने का इंतजार है। फिर कब सुजानपुर पहुंचते हैं। कार्यकर्ताओं की बैठक करते हैं और फिर उनमें जोश भरने के लिए खास रणनीति के तहत योजना को रूप देंगे।

### पर्सनल वोट बैंक महत्वपूर्ण

**भाजपा** और कांग्रेस के दोनों उम्मीदवारों के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्थिति पर्सनल वोट बैंक को लेकर है। जिसके पास इसका 'खजाना' ज्यादा होगा, वही चुनाव प्रचार की इस 'धार' में नैया को तेजी से आगे खींचेगा। कांग्रेस के उम्मीदवार का यह दूसरा चुनाव है, पिछले चुनाव में तो भाजपा के घोड़े पर वे सवार थे। इस बार उनका सामना और सहयोग ऐसे दल के पदाधिकारियों के साथ है, जिनके पास संगठनात्मक ढांचा उस स्तर का नहीं है। यहां सब कुछ सारी रणनीति खुद ही तैयार करनी पड़ेगी, जबकि भाजपा में चुनाव प्रचार की रणनीति का जिम्मा उसके संगठनात्मक ढांचे के पास रहता है। सुजानपुर में भाजपा का ढांचा मजबूत है, कांग्रेस को चुनाव प्रचार से पहले इसे मजबूत करने का बीड़ा उठाना होगा। कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए तगड़ी मेहनत करनी होगी। चुनाव प्रचार के लिए उन्हें अस्त्र-शस्त्र मजबूत करना होगा।

# पन्ना प्रमुख सम्मेलन में सुधीर शर्मा ने पढ़े भाजपा के कसीदे

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

कहने को तो बैजनाथ में आयोजित भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन की चर्चा पूरे प्रदेश में हो रही है, परंतु इस आयोजन में सुधीर शर्मा मुख्य आकर्षण रहे।

रविवार को इस कार्यक्रम में जहां भाजपा के पन्ना प्रमुख तथा अन्य कार्यकर्ता उत्साह के साथ पहुंचे हुए थे। वहीं भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी तथा आला नेता भी पन्ना प्रमुख कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे, परंतु हर किसी की नजर भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार अपने घर बैजनाथ पहुंचे पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा पर ही टिकी हुई थीं। सुधीर शर्मा ने यहां मुख्यमंत्री पर शब्दों के जमकर बाण चलाए। वहीं पर उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार की तारीफों के कसीदे पढ़ने में भी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। जैसा कि पहले ही यह भनक लग चुकी थी कि सुधीर शर्मा के बैजनाथ आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा का दामन थाम सकते हैं और हुआ भी ऐसे ही इसमें सबसे बड़ी बात यह रही की अधिकतर भाजपा में शामिल होने वाले लोग किसी समय में सुधीर शर्मा के गढ़ माने जाने वाले निचले क्षेत्र के ही थे। शामिल होने वाले लोगों ने तो मंच पर आकर इतना तक कह दिया कि वे केवल मात्र सुधीर शर्मा की वजह से ही भाजपा में शामिल हुए हैं। इससे राजनीतिक गलियारों में यही बात चर्चा का विषय बनी हुई है कि भाजपा के सम्मेलन में सुधीर शर्मा महफिल लूट ले गए। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश की आर्थिक बदहाली के लिए भाजपा का आर्थिक कुप्रबंधन जिम्मेदार : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर लाल ठाकुर व आशीष बुटेल ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा है कि हिमाचल प्रदेश को आर्थिक बदहाली में झोंकने के लिए भाजपा का आर्थिक कुप्रबंधन जिम्मेदार है।



आशीष बुटेल



सुंदर लाल ठाकुर

उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए दुरुपयोग पर राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में एक श्वेत पत्र भी लाया गया था, जिसमें प्रदेश की जनता के सामने सच रखा गया था। सत्य यह है कि पूर्व भाजपा सरकार ने चुनाव जीतने के लिए अंतिम वर्ष में सरकारी खजाने का जमकर दुरुपयोग किया। इन दोनों कांग्रेस नेताओं ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा कि चुनाव जीतने के लिए पूर्व सरकार ने कांग्रेस के विरुद्ध एक चक्रव्यूह रचा था और अमृत महोत्सव, प्रगतिशील हिमाचल, जनमंच और स्थापना दिवस कार्यक्रम पर 16,261 करोड़ रुपए की फिजूलखर्ची की। नतीजा यह हुआ कि हिमाचल पर वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक 92,774 करोड़ का कर्ज व देनदारी चढ़ चुकी थी। उन्होंने कहा कि यह पिछली भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज प्रत्येक हिमाचली एक लाख रुपए से अधिक का कर्जदार है।

### सुक्खू सरकार ने आर्थिक नीतियों में किया सुधार

**मुख्य** संसदीय सचिवों ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने आर्थिक नीतियों में सुधार किया जिसके कारण राज्य सरकार के राजस्व में 2200 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। राज्य सरकार ने शराब ठेकों की नीलामी से अतिरिक्त राजस्व एकत्रित किया। इसके अलावा राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर भी लगाम कसी और जनता का पैसा जनकल्याण में इस्तेमाल किया और इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। सुंदर लाल और आशीष बुटेल ने कहा कि भाजपा नेता झूठ बोलने में माहिर हैं और झूठी बातें कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

# विधानसभा उपचुनाव को लेकर कार्यकर्ता टटोल रहे नेताओं की नब्ज

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

**सुजानपुर में कैप्टन रणजीत राणा के कांग्रेस में शामिल होने से बदले समीकरण**

विधानसभा सुजानपुर में उपचुनाव को लेकर जिस प्रकार राजनीतिक परिस्थितियां बदली हैं, उससे आम कार्यकर्ता और वोटरों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। बेशक कार्यकर्ता पार्टी द्वारा बनाए गए उम्मीदवारों के साथ चल रहे हैं, लेकिन उम्मीदवारों के साथ कौन नेता साथ चल रहा है इसके बारे में भी चर्चा कर रहे हैं। उपचुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस पार्टी के संगठन कार्यकर्ता भी बंट गए हैं। ऐसे में वे पार्टी का साथ दें या पार्टी द्वारा बनाए गए उम्मीदवार का, इस पर कार्यकर्ता मंथन कर रहे हैं। कोई भी चुनाव हो कार्यकर्ताओं के दम पर ही लड़ा जाता है, जिस कारण चुनाव में कार्यकर्ता की बड़ी जिम्मेदारी होती है जो वोटरों को पार्टी के पक्ष में प्रचार करते हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं की अनदेखी करना किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में नहीं है। उपचुनाव में पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं के साथ सामजस्य बिठाना भी इन नए उम्मीदवारों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं, हालांकि यह चुनाव प्रदेश सरकार की नीतियों और स्थानीय मुद्दों पर लड़ा जाएगा।

उपचुनाव को लेकर उम्मीदवारों की घोषणा होने के बाद अब सबसे बड़ी चुनौती वोटरों को रिझाना है और क्षेत्र में विकास करवाने के वादे भी किए जाएंगे। यही नहीं पार्टी बदलने से किसको कितना फायदा होगा यह तो चुनाव के नतीजे आने के बाद ही पता चलेगा, लेकिन उससे पहले दोनों उम्मीदवार के बीच अप्रत्यक्ष रूप से आरोपों का सिलसिला शुरू हो गया है। हालांकि देखना यह होगा कि आने वाले समय में दूसरी पार्टी में चुनाव लड़ने के लिए कौन-कौन से नेता साथ देते हैं। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस की गारंटी मतलब जनता के लिए धोखा : देवेंद्र भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

केंद्र की मोदी सरकार की हर गारंटी की गारंटी है और कांग्रेस की हर गारंटी का मतलब धोखा है। जैसे बीते विस चुनावों में कांग्रेस ने दस गारंटियां देकर सत्ता हासिल की है। वैसे ही अब लोकसभा और उपचुनावों में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में झूठी गारंटियों को देकर जनता को छलने का काम कर रही है, लेकिन अब जनता कांग्रेस की झूठी गारंटियों में नहीं आएगी और भाजपा 400 पार और कांग्रेस 40 से नीचे रह जाएगी। ये शब्द कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ के लिदकोट, चुरड़ी, तलाई थड़ा बोहरू, बल्ह खालसा आदि करीब दस पंचायतों में जन संपर्क अभियान के तहत कहे। वहीं, जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र और कुटलैहड़ में देवेंद्र का जीतना जरूरी है। इस मौके पर कृष्ण पाल शर्मा, चरणजीत शर्मा, गुरनाम सिंह, कैप्टन केवल पठानिया आदि मौजूद रहे।

## युवाओं की आवाज... गर्मागर्म बहस से गर्म हो रहे गली-चौराहे, राजनीति में सुधार के लिए युवा शक्ति प्रखर

# युवाओं के निशाने पर जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली

**अनिल शर्मा, मंडी**

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे जनता भी जोश दिखाने लगी है। गली चौराहों पर युवा वर्ग चर्चा में इस कद्र मशगूल हो रहा है कि उसी वक्त कानून बनाने की मांग करने लगा है। कुल-मिलाकर युवा राजनीति में सुधार की गुंजाइश को लेकर हद से ज्यादा तिलमिलाने लगा है। चर्चा हो रही है कि जनप्रतिनिधि कैसा हो, उसकी कार्यप्रणाली कैसी हो, वह कितना पढ़ा-लिखा हो, इन सब बातों पर विशेषकर युवा वर्ग पुख्ता कानून का पक्षधर दिख रहा है और उसकी चर्चाओं में भी यह बात साबित हो रही है कि मौजूदा व्यवस्था प्रत्येक युवा को काम नहीं दे सकती, इसके लिए नई व्यवस्था और नीतियां बनाने की क्षमता रखने वाले प्रत्याशी ही मैदान में उतारने चाहिए, इसके लिए सबसे पहले राजनीतिक दलों को पहल करनी चाहिए।

कुछ भी हो आने वाले एक दशक तक देश-प्रदेश के युवा भारतीय राजनीति में अभूतपूर्व परिवर्तन के लिए एक मजबूत दबाव बनाने में कामयाब साबित होंगे। आईए जानते हैं मंडी संसदीय क्षेत्र से क्या कह रहे हैं विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के प्रबुद्ध युवा... (अनंत ज्ञान)

### जनप्रतिनिधि बनने के लिए हो स्पेशल कोर्स



**नीतियां** बनाने का सारा खाका ब्यूरोक्रेट्स बना कर जनप्रतिनिधि को सौंपते हैं, जबकि हमारा जनप्रतिनिधि इतना तेज तर्रार नहीं होता, तो इसमें होने वाले भ्रष्टाचार और गुण अवगुण को सही मायनों में समझ सके। आम जनता इन ब्यूरोक्रेट्स से बहुत दूर होती है, जबकि फील्ड की बात करें तो जनता या तो पेयजल, सिंचाई समस्या से जूझ रही होती है या निजी स्कूलों व अस्पतालों की लूट से त्रस्त होती है। इसको लेकर हमारे जनप्रतिनिधि स्तरीय काम करने में हमेशा ही पिछड़ जाते हैं, ऐसे में जनप्रतिनिधि बनने के लिए स्पेशल कोर्स करवाए जाने चाहिए। **-अर्चना, पोस्ट ग्रैजुएट, सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र।**

### आय में हो वृद्धि, तो बना दें सार्वजनिक



**जो** जनप्रतिनिधि बने वह पॉलीटिकल साइंस में पोस्ट-ग्रेजुएट होना चाहिए और कम से कम एक वर्ष तक उसे कानून की शिक्षा भी लेनी अनिवार्य करनी चाहिए। इसके साथ ही यदि वह असभ्य भाषा का प्रयोग करे तो पांच साल तक उसे चुनाव लड़ने तक प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए। सत्ता में रहते हुए यदि उसकी या उसके रिश्तेदारों की आय में वृद्धि हो तो उसे सार्वजनिक संपत्ति घोषित कर दिया जाना चाहिए। राजनीति सेवा क्षेत्र है न कि कोई व्यवसाय और इसके लिए संसद को कानून बनाना चाहिए। **-अक्षय ठाकुर, ग्रैजुएट, मंडी संसदीय क्षेत्र।**

### सिंचाई सुविधा प्रदान करने में नाकाम



**बेरोजगारी** तभी मिटेगी जब खेती किसानी को आसान और नकदी फसलों से युक्त किया जाएगा। हमारे यहां अभी तक भी सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जहां पुरानी कूहलें हैं वहां लोगों ने घर बना लिए हैं और विभाग व सरकार के नुमाइंदे दिखते रहते हैं। इस बारे में कभी भी गंभीरता से काम नहीं किया गया है। यदि समय रहते इस बारे नहीं सोचा गया तो एक दिन युवा वर्ग जनप्रतिनिधियों को वोट मांगने के लिए गांव-शहर में घुसने नहीं देंगे। बिना रासायनिक खादों के खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि बीमारियों से भी बचा जा सके। **-संतोष ठाकुर, एमए बीएड, मंडी संसदीय क्षेत्र।**

### आम नागरिक के लिए बने नीति



**देश** के विकास में हर व्यक्ति का योगदान होता है, इसलिए नीतियां केवल सरकारी कर्मचारी के लिए ही नहीं बननी चाहिए, निजी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए भी सरकारी स्तर पर कुछ न कुछ होना ही चाहिए। सरकारी कर्मचारी पेंशन मांग रहा है, तो प्रदेश के 30 लाख निजी क्षेत्र में काम करने वाले युवा भी पेंशन की गुहार लगाते हैं, क्योंकि सारी जिंदगी उनको भी वैसे ही कर्तव्य निर्वहन करने पड़ते हैं, जैसे अन्य लोगों को करने पड़ते हैं, इसलिए नीतियां अधिक आबादी को प्रभावित करने वाली बनने चाहिए। **-सतीश कुमार, ग्रैजुएट, मंडी सदर विधानसभा।**

### नेता के आदमी ही ले जाते हैं सारा फायदा



**जनप्रतिनिधि** ईमानदार और पढ़ा लिखा होना चाहिए, ताकि क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं की मांग विधानसभा में उठा सके। हर बार देखा गया है कि चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधि आम जनता से दूरी बना लेते हैं और युवा हाथ मलते रह जाते हैं। वर्तमान समय में देश प्रदेश की राजनीति ऐसी बन चुकी है कि केवल जनप्रतिनिधि के आदमी ही लाभ पाते हैं बाकी ठेकेदार फायदा ले जाते हैं और आम कार्यकर्ता और लोग केवल देखते ही रह जाते हैं। पांच साल न रोजगार के लिए प्रयास किए जाते हैं और न विधानसभा में इसकी मांग उठाई जाती है। **-पवन कुमार, जेबीटी द्रंग विधानसभा क्षेत्र।**

## कैसा हो हमारा जनप्रतिनिधि...



**इस** बार मतदाता खामोश है, मतदाता की हर मुद्दे पर नजर। जनहित के मुद्दों के अलावा दलबदल को भी जनता देख रही है। जनता द्वारा चुनी सरकारों को गिराना जनता से धोखा है। अपना मतदान करने से पूर्व कई पहलुओं पर विचार किया जाएगा। **-प्रकाश सिंह, धर्मशाला**




**आज** के युग में मेरा सांसद पढ़ा-लिखा और ईमानदार होना चाहिए। इसके अलावा उसे भ्रष्टाचार विरोधी होना चाहिए। उन्हें क्षेत्रीय मुद्दों की जानकारी होनी चाहिए, ताकि मुद्दों को प्रभावी ढंग से संसद तक पहुंचाया जा सके। **-राजीव कुमार, रिटायर्ड एजी एमबीएसएनएल मंडी।**



**मुझे** अपने सांसद से अपेक्षा है कि वह लोगों की मूलभूत जरूरतों पर ध्यान आकर्षित करे और उन्हें पूर्ण करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करें। अपने क्षेत्र के लोगों को अच्छी जिंदगी प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा बनाई सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाए। **-निशी टंडन, मंडी।**



**मंडी** संसदीय क्षेत्र देश का दूसरा सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है, ऐसे में यहां का सांसद भी पूरे देश में चमकना चाहिए। कला, संस्कृति और विरासत को सहेजने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास करे। **-हेमंत शर्मा, भयूली मंडी।**



**मतदान** करके मतदान के महापर्व में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाऊंगा, जो प्रत्याशी देशहित, केंद्र-प्रदेश में समन्वय स्थापित करेगा, उसे वोट दूंगा। सभी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक भी कर रहा हूं। **-ब्रह्मानंद ठाकुर, होली**



**देश** व प्रदेश में युवाओं की स्थिति बहुत खराब है। हिमाचल में कई युवा नौकरी के इंतजार में अपनी आयु सीमा पूरी कर चुके हैं, लेकिन अभी तक रोजगार देने में सरकारें विफल होती नजर आ रही हैं। **-डॉ. नरेंद्र ठाकुर, भरमौर**



**हम** इस पक्ष को ध्यान में रखकर वोट कर रहे हैं कि कुछ दलों ने हमारा इतिहास गलत करने का प्रयास किया है। उस दल के कार्यकर्ता बोल रहे हैं कि हमें आजादी 2014 में मिली है। इस पक्ष का विरोध करते हुए अपना वोट कर रहा हूं। **-सजल शर्मा, छतराड़ी**



**विश्व** भर में देश का नाम रोशन हुआ है और आने वाले समय में मजबूत नेतृत्व ही देश को मजबूत कर सकेगा। केंद्र सरकार ने हर वर्ग के बारे में सोचा है और हर वर्ग आज केंद्र की जनकल्याण नीतियों का फायदा उठा रहा है। **-संजय ठाकुर, भरमौर**



**स्वयं** रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ साथ सुगम ऋण व्यवस्था होनी चाहिए। स्वयं रोजगार उपलब्ध कराने का सरकारें दावा करती हैं, लेकिन ऋण लेने के लिए युवाओं को भटकना पड़ता है। चुनाव में समर्थन भी उसको दिया जाएगा, जो युवाओं के हित पर बात करेगा। **-सुरेश कुमार (ऊना)**



**देश** में गरीब और आम आदमी के लिए जिस संगठन ने अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया वह देश का सच्चा हितैषी है। देश भर में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से लोग दुखी हैं। मुद्दों के आधार पर ही विधानसभा और लोकसभा में वोट किया जाएगा। **-जगत राम, ऊना**



**पूरा** विश्व आज भारत की तरफ देख रहा है। एम मोदी के नेतृत्व में देश को विश्व में एक अलग पहचान मिली है। आज देश को सशक्त नेतृत्व की जरूरत है। देश की जनता मोदी की नीतियों से प्रभावित है उन्हें एक और मौका मिलना चाहिए। **-कमल वर्मा, सोलन**



**जनप्रतिनिधि** ऐसा होना चाहिए जो जनता के सुख-दुख में खड़ा रहे। क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करें और जनसेवक होना चाहिए। अच्छे उम्मीदवार को वोट देना चाहिए तभी लोकतंत्र जीवित रह सकता है। **-राजकुमार, समाजसेवी, कोहला**



**राजनेता** साफ छवि का होना चाहिए जो जनता के हित के लिए काम करे और कुर्सी के लिए अपना मान-सम्मान ने बेचे। विकासात्मक कार्य करवाते समय किसी प्रकार का भेदभाव न करें। ऐसे व्यक्ति को वोट देकर विधानसभा और लोकसभा में भेजना चाहिए। **-भानु दत्त शर्मा, सेवानिवृत रेंज अफसर**

# लोकतंत्र के महापर्व में सभी बनें सहयोगी : सुमित खिमटा



जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा लोगों कों मतदान के लिए प्रेरित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा कि एक जून को होने वाले मतदान में समाज के सभी वर्गों को बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और इस पर्व में हमें वोट के रूप में अपने संवैधानिक दायित्व को पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए। खिमटा आज नाहन में 'स्वीप' गतिविधियों के तहत आयोजित जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग और हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार हम सिरमौर जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न स्वीप कार्यक्रमों का लगातार आयोजन कर रहे हैं और आज का जिला स्तरीय आयोजन भी इसी कड़ी का हिस्सा हैं।

उन्होंने कहा कि उपमंडल स्तर के अलावा जिला की 259 पंचायतों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सुमित खिमटा ने कहा कि आज यह एक अद्भुत संयोग है कि इस कार्यक्रम में लोकतंत्र के स्तंभ हमारे 100 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ, दिव्यांग और 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाता एक साथ एक मंच पर उपस्थित हैं। कार्यक्रम में 100 वर्ष से अधिक आयु के पांच मतदाताओं को टोपी, फूल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर देकर सम्मानित किया।

## हैप्पी बर्थडे



रैहलू के सारांश भड़वाल को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# ध्यान सिंह बने मेला कमेटी के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, जवाली**

पीर बाबा लखदाता दंगल हरसर के आयोजन को लेकर शिव मंदिर घाड़ में मेला कमेटी हरसर के पूर्व प्रधान ध्यान सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें मेला कमेटी का गठन किया गया। इसमें ध्यान सिंह को सर्वसम्मति से मेला कमेटी हरसर का अध्यक्ष बनाया गया। जगरूप को महासचिव, नरेंद्र जम्वाल को सचिव, करतार चंद, अमरीक सिंह जनडोरिया, लेख राज को कोषाध्यक्ष, बलविंद्र जनडोरिया, शशिधर व रमेश चौधरी को संयुक्त सचिव, देव राज, सूरज, बलजीत व गौरव गुलेरिया को स्टेज सचिव, रूप लाल, अर्जन जनडोरिया, शेर सिंह धीमान, शेर सिंह पमौता, विजय कुमार, ओम प्रकाश, कैप्टन ओम चंद मेहरा, गजय सिंह को उपाध्यक्ष, शिवेंद्र जम्वाल, राकेश धीमान व कुलदीप जम्वाल को मैच रेफरी, रविंद्र कपिला, रविंद को दंगल इंचार्ज, कर्ण जम्वाल, दिवेंद्र गुलेरिया, डॉ. मनोहर लाल, डॉ. रमन मेहरा, चैन सिंह को सलाहकार, सुभाष धवन, ज्योतिषी पंडित विपन शर्मा, ललित शर्मा, संजय शर्मा को विशेष आमंत्रित सदस्य, सुनील दत्त, ललित शर्मा, मनजीत कौंडल, डॉ. एनके शर्मा, अनिल छांगू, चैन सिंह, दीपक शर्मा को प्रेस सचिव बनाया गया है। मेला कमेटी अध्यक्ष ध्यान सिंह ने बताया कि हरसर में दो जून को दंगल का आयोजन होगा।



मेला कमेटी हरसर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सामूहिक चित्र में।

# मटौर पुल की टूटी रेलिंग से जोखिम भरा हुआ सफर

## हर पल सताता रहता है हादसे का डर, हर दिन गुजरते हैं सैकड़ों वाहन

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मटौर पुल की हालत किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। यह पुल प्रदेश की विभिन्न जगहों को जोड़ता है और दिन में सैकड़ों वाहन इस पुल से गुजरते हैं। इसी पुल से प्रदेश के मंत्री और विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी भी गुजरते हैं, लेकिन एक छोर से लेकर दूसरे छोर तक पुल की टूटी रेलिंग की ओर किसी माननीय का ध्यान आज तक नहीं गया। आलम यह है की यह पुल अपनी दयनीय हालत पर आंसू बहा रहा है। मटौर पुल की दोनों तरफ की टूटी रेलिंग दुर्घटनाओं को दावत दे रही है। गौरतलब है की इस पुल के ऊपर से रोजाना सैकड़ों की तादाद में हल्के व भारी वाहन गुजरते हैं। टूटी हुई रेलिंग की वजह से हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है परंतु अभी तक प्रशासन अथवा संबंधित विभाग ने रेलिंग को सही करने की जहमत नहीं उठाई है। कुछ वर्ष पूर्व भी इस पुल की टूटी हुई रेलिंग के साथ पैर फिसलने की वजह से एक व्यक्ति इसी स्थान पर अपनी जान गवां चुका है। संबंधित विभाग ने उस वक्त आनन फानन में उस टूटी हुई रेलिंग को थोड़ा बहुत जोड़कर काम कर लीपापोती तो कर दी थी, लेकिन उसका आज दिन तक कोई भी स्थायी समाधान नहीं किया। यदि स्थायी समाधान किया होता तो यह रेलिंग तुरंत नहीं टूटती। अब हाताल ऐसे हैं कि प्रशासन ने इस टूटी रेलिंग की कोई सुध तक नहीं ली है। इस पुल पर एक व्यक्ति की जान जा चुकी है और कई लोगों की जान बाल बाल बची है। राहगीरों के लिए यह टूटी रेलिंग मौत का काल बन चुकी है। लोग हैरान हैं कि यहां गुजरने वाले अधिकारी टूटी रेलिंग की अनदेखी क्यों कर रहे है। (अनंत ज्ञान)



पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मटौर पुल की टूटी हुई रेलिंग, इससे यहां हर पल हादसे का डर सताता रहता है।

### मामला ध्यान में है : विधायक



स्थानीय विधायक पवन काजल का कहना है कि मामला ध्यान में है। संबंधित विभाग को तुरंत आदेश जारी कर उसे जल्द ठीक करवाया जाएगा। जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा ताकि राहगीरों को कोई परेशानी न हो।

### जल्द होगी मरम्मत

इस बारे में एनएचएआई के प्रोजेक्ट अधिकारी विकास सुरजेवाला का कहना है की टूटी हुई रेलिंग को जल्द ही ठीक करवा दिया जाएगा। जल्द ही समस्या का हल कर दिया जाएगा।

### स्ट्रीट लाइट भी नहीं



इतना ही नहीं इस पुल पर कोई भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है। इससे रात के समय में यहां से गुजरने वाले लोगों के लिए यह रास्ता आफत बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विभाग व प्रशासन की इस लापरवाही से तो यही प्रतीत होता है कि वह शायद यहां पर किसी और बड़े हादसे के होने इंतजार कर रहे है।

### छात्रों के लिए भी बना रहता है खतरा

इसी पुल के पास में ही स्थित एक प्राइमरी व हाई स्कूल के साथ एक कॉलेज भी स्थित है। यहां पढ़ने वाले छात्र और अध्यापक भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। पुल की टूटी रेलिंग छात्रों के लिए भी कभी भी खतरा बन सकती है।



## न्यूज ब्रीफ

### भौड़ी सिद्ध गुफा मंदिर में लगा भंडारा



बाबा भौड़ी सिद्ध गुफा मंदिर में यज्ञ में आहुतियां डालते लोग।

**जयसिंहपुर।** प्रसिद्ध बाबा भौड़ी सिद्ध गुफा मंदिर में 57वें विशाल वार्षिक भंडारे का आयोजन रविवार को किया गया। बाबा भौडी सिद्ध मंदिर में भक्त सुबह से काफी संख्या में लंबी लाइनों में खडे होकर बाबा भौडी सिद्ध के द्वार आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस दौरान मंदिर में सर्वकष्ट निवारण यज्ञ भी किया गया। इसमें भक्तजनों ने आहुतियां डाली। इस अवसर पर महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### नहीं मिल रहे मजदूर, मशीन से गेहूं की कटाई

**गरली।** उपमंडल देहरा के विभिन्न इलाकों में इन दिनों गेहूं की कटाई का काम काफी युद्ध स्तर पर चला हुआ है। गांव निचला करियाड़ा की बात करें तो यहां अचानक आसमान पर छा रहे धने बादल किसानों को डरा रहे हैं तो वहीं गेहूं कटाई के लिए कही भी मजदूर न मिलने के कारण किसान मायूस हो हैं। स्थानीय ग्रामीण संजीव शर्मा, अनू शर्मा, सुभाष शर्मा, मोनू, सन्नू देशराज, तिलक राज व सतपाल ने बताया कि अगर कही मजदूर है तो वे गेहूं की कटाई करने के लिए मनमाने दाम मांग रहे हैं। यदि मजदूर मिल भी जाएं तो पारंपरिक तरीके से गेहूं की कटाई करने में कई दिन लग जाते हैं और लंबे समय तक गेहूं की कटाई नहीं होने से गेहूं के दाने बिखरने का डर रहता है। यदि गेहूं की कटाई के दौरान काटी हुई फसल पर बेमौसमी बरसात हो जाए तो नुकसान होता है। यहां मजदूर न मिलने के कारण अब मशीन से गेहूं की कटाई की जा रही जो किसानों के लिए बहुत फायदेमद साबित हो रही है। संजीव शर्मा और अनू शर्मा ने बताया कि 2200 रुपए प्रति घंटे से उपरोक्त मशीन गेहूं की कटाई कर रही है। कई दिनों का काम मात्र एक आधे घंटे में निपट रहा है। यह स्वचालित मशीन न केवल गेहूं की कटाई कर रही है, बल्कि कटे हुए गेहूं की ढेरियां भी बांधती जा रही है। इस नई तकनीक के कारण किसानों की मेहनत कम हो गई है। अब बंधी हुई इन गेहूं की ढेरियों को सीधे थ्रैशर तक ले जाया जा सकता है। इससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी।



# यातायात प्रभारी बिजेंद्र को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, गगल**

गगल पुलिस थाने में तैनात यातायात प्रभारी बिजेंद्र सिंह को राज्य पाल शिव प्रताप शुक्ल ने उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया है। पुलिस मुख्यालय शिमला में आयोजित सड़क समारोह में प्रस्तुत रिपोर्ट में वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 के दौरान सड़क यातायात दुर्घटना में कमी के पुलिस मुख्यालय में आयोजित सड़क सुरक्षा पुरस्कार समारोह में पुलिस कर्मियों, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ,पुलिस उपमहानिरीक्षक गुरदेव चंद शर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था अभिषेक त्रिवेदी,अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गृह एवं नागरिक सुरक्षा राकेश अग्रवाल और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# जनता को बताईं कांग्रेस की जनहितैषी नीतियां

## कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने तंगरोटी, घणा व झियोल में किया प्रचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा का दामन छोड़ करीब 150 भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को कांग्रेस का दामन थामा। गलत टिकट आवंटन और अपने कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर बार-बार पैराशूटियों को टिकट देने के विरोध के चलते भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह कदम उठाया है। धर्मशाला उपचुनाव को लेकर कांग्रेस का चुनाव प्रचार अभियान रविवार को भी जारी रहा। चुनाव प्रचार के दौरान कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार भी धर्मशाला कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुए। चौधरी चंद्र कुमार की अगुआई में ब्लॉक कांग्रेस धर्मशाला अध्यक्ष चौधरी हरभजन सिंह, धर्मशाला के टिकट के दावेदारों में शामिल देवेंद्र सिंह जग्गी एवं विजय इंद्र कर्ण सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने तंगरोटी, घणा व झियोल सहित विभिन्न क्षेत्रों में कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों का प्रचार किया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपनी पांच गारंटियां पूरी कर दी हैं और शेष गारंटियों को भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा। प्रदेश सरकार महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहन सुख सम्मान योजना के तहत 1500 रुपए प्रतिमाह देगी। कांग्रेस अपनी जनहित नीतियों के बूते जनता के बीच जा रही है और जनता हाथ के निशान पर मोहर लगाएगी। देवेंद्र जग्गी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की जनता खरीद फरोख्त की राजनीति को बिलकुल पंसद नहीं करती। भाजपा सत्ता को हासिल करने के लिए किसी भी नीचता तक उतर सकती है। भले की भाजपा के पास धन-बल है, लेकिन कांग्रेस के पास जनता का बल है। जग्गी ने सुधीर शर्मा पर तंज कसते हुए कहा कि धर्मशाला की जनता उनकी जमानत जब्त करवाएगी । जग्गी ने कहा कि भाजपा का दामन छोड़ 150 भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को कांग्रेस का दामन थामा। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनीत धीमान, सुरेश कुमार पप्पी सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं सेवा दल सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद जनता व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मंत्री चंद्र कुमार।

# सुधीर शर्मा ने की गद्दारी, जनता नहीं करेगी माफ : किशोरी लाल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक किशोरी लाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यक्रम विफल रहा है। किशोरी लाल ने सुधीर शर्मा पर पलटवार करते हुए कहा कि उनको जो नाम और पहचान कांग्रेस पार्टी ने दी उन्होंने उसी पार्टी के साथ गद्दारी की है, जिसके लिए उनको प्रदेश की जनता एवं धर्मशाला के मतदाता कभी माफ नहीं करेंगे। यह वही नेता है जो वर्ष 2012 की सरकार में बैजनाथ चुनाव क्षेत्र की जनता के विकास कार्यों में बाधा डालने का कार्य करते रहे हैं। किशोरी लाल ने कहा की बैजनाथ चुनाव क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद सदैव कांग्रेस पार्टी एवं मुझ पर रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की योजनाएं एवं परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। भाजपा नेताओं को आढ़े हाथों लेते हुए कहा कि जो नेता मंच पर बैठे हुए थे उनका बैजनाथ क्षेत्र की जनता के विकास के लिए कोई बड़ा योगदान नहीं है। कांग्रेस पार्टी हिमचाल की चारों लोकसभा सीटों एवं छह उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी की एकतरफा जीत होगी। बैजनाथ में कांग्रेस पार्टी एकजुट है जिसका परिचय हम लोकसभा चुनाव में यहां से भारी बढ़त हासिल कर देंगे। इस अवसर पर अनुराग शर्मा, वीरेंद्र जम्वाल, रविंद्र राव, शशि राणा, कृष्ण शर्मा, महिंद्र सिंह, सैलभ अवस्थी, कुलदीप राणा, रविंद्र बिट्टू , सचिन अवस्थी, बाल कृष्ण, बंटी, अमित शर्मा, रजिंद्र ठाकुर विकास राणा, रणजीत राणा, सुखराम ठाकुर, मुकेश शर्मा, मुनीश शर्मा, कुश सूद, रमेश, सचिन शर्मा और पृथ्वी क्रोटी आदि मौजूद रहे।

### लोक अदालत 11 मई को

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायालयों में 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में समय एवं धन की बचत होती है।

# सुधीर के प्रयासों से मिली स्मार्ट सिटी: चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के मीडिया को-ऑर्डिनेटर एवं प्रदेश भाजपा मीडिया सहप्रभारी विश्व चक्षु ने कहा कि धर्मशाला को स्मार्ट सिटी के रूप में दिव्य व हेवन सिटी बनाने में अहम भूमिका निभाई है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मार्ट सिटी मिशन लांच करके एक विजन रखा था, जिसमें उन्होंने भारत के एक सौ शहरों को स्मार्ट शहर बनाने की नींव रखी थी। उसी नींव पर बेहतरीन ईमारत बनाने का कार्य यहां से पूर्व मंत्री व विधायक सुधीर शर्मा ने किया है। पहाड़ी राज्य में आज धर्मशाला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन नगरी के साथ-साथ इंवेट डेस्टिनेशन के नाम से भी जाना जाता है, तो इसमें सुधीर शर्मा के विजन का सबसे अहम योगदान है। सुधीर शर्मा ने धर्मशाला में पूर्व मंत्री रहते हुए पीएम नरेंद्र मोदी के सपनों को परवाज देने का कार्य शुरू कर दिया था, इसमें कोई दोराय नहीं कि उस समय दोनों नेताओं की राजनीतिक विचारधारा अलग थी, लेकिन विकास को लेकर देश को आगे ले जाने की इच्छाशक्ति और सोच नेक थी। भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा के दर्जनों कार्यों को गिनाते हुए कहा कि आज नगर निगम व स्मार्ट सिटी उनके ही अथक प्रयासों से मिल पाई हैं।

धर्मशाला की मुख्य सड़कें, गलियां-चौराहें, पर्यटक स्थलों में कंकरीट सड़कें, चौंकों का हिमाचली टच के साथ सौंदर्यकरण व यहां के पर्यटक स्थलों में आधुनिक निर्माण करवाने का कार्य किया है। सुधीर शर्मा के विकास के विजन से ही आज विश्व के मानचित्र में धर्मशाला शहर को नई पहचान मिली है। इसके चलते ही धर्मशाला शहर लगातार अंतरराष्ट्रीय आयोजनों का भी साक्षी बन रहा है।



**कार्यक्रम** धर्मशाला के इंडोर स्टेडियम में आनंदोत्सव, छात्रों ने गाए मंगल गीत

# प्रकृति के प्रति सबसे ज्यादा जवाबदेही मनुष्य की: रविशंकर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के इंडोर स्टेडियम में आयोजित आनंदोत्सव में श्रीश्री रविशंकर ने कहा कि जहां ऊंचाई होती है वहां खाई भी होती है, ज्ञान मजबूत होना चाहिए। श्रीश्री संस्कार केंद्र के बच्चों ने रामायण के पात्रों की स्तुति से मंगल गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके उपरांत भजन कीर्तन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और प्रख्यात धर्म गुरु श्रीश्री रविशंकर ने कहा कि मेरा क्या होगा इस विचार से हम परेशान रहते हैं। सबके लिए सूत्र में क्या गुरु कृपा और गुरु उपाय है। धरती पर जितने भी प्राणी हैं, वे सब प्रकृति की दी गई सौगातों के बराबर के अधिकारी हैं। फिर भी कुछ जीवों के इस पर विशेष अधिकार हो गए हैं। उनमें से मनुष्य भी एक है, जिसने इस धरती और इसके संसाधनों का सबसे ज्यादा दोहन किया है। पशु-पक्षी अपनी सीमाओं में ही हैं, लेकिन मनुष्य ने सीमाओं को लांघ कर संसाधनों का उपयोग अपने लिए किया है। इस कारण प्रकृति के प्रति सबसे ज्यादा जवाबदेही भी उसकी ही है। सुलह के विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार, भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज एवं अन्य भाजपा नेताओं ने श्रीश्री रविशंकर का हिमाचली पारंपरिक संस्कृति से स्वागत किया। सभी उपस्थित भाजपा नेताओं को पटका पहना कर अभिवादन किया।



आनंदोत्सव के दौरान श्रीश्री रविशंकर को सम्मानित करते पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी।



# पानी नहीं मिला तो नहीं देंगे वोट

## बाड़ा के ग्रामीण एक साल से झेल रहे पेयजल समस्या, लोकसभा चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

**अनिल छांगू, जवाली**

सरकारें पेयजल समस्या के समाधान के लिए योजनाओं के निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च करने के दावे करती है, वहीं जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने की योजना चलाई जा रही है, लेकिन इन योजनाओं का जनता को कितना लाभ मिलता है इसका खुलासा जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन पंचायत न्यांगल के गांव बाड़ा में हो रहा है।

इस गांव में पिछले एक साल से पेयजल समस्या चल रही है। गांव में एकमात्र हैंडपंप भी पिछले छह महीनों से खराब पड़ा है। जिससे ग्रामीण प्राकृतिक स्रोत बावड़ी से पीने का पानी लाने के लिए विवश हैं। गर्मी बढ़ने से गांव की बावड़ी भी सूख जाती है। लिहाजा मई-जून में पेयजल समस्या और विकराल रूप धारण कर लेती है।

गांववासियों ने कहा कि अगर जल शक्ति विभाग ने 15 दिन के भीतर पानी की समस्या का हल नहीं किया तो तो समस्त गांववासी इस बार लोकसभा चुनाव का वहिष्कार करेंगे। बाड़ा गांव की वार्ड मेंबर सिमरो देवी, उर्मिला देवी, कांता देवी, मीनू देवी, मदन लाल, बाबू राम, यशविंदर सिंह, सुभाष चंद्र, जोगिंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, प्रेमचंद आदि ने बताया कि वार्ड नंबर दो में 35 घर है। सभी ग्रामीण दूरदराज से सिर पर घड़े उठाकर पानी ला रहे हैं। जिससे उन्हें भारी आर्थिक व मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि 42 करोड़ की बौह-दरिणी ग्रेविटी परियोजना के निर्माण से पेयजल समस्या से निजात मिलने की उम्मीद बंधी थी, लेकिन पिछले कई सालों से यह योजना अधर में लटकी हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि हमारी फरियाद भी कोई नहीं सुन रहा है। कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार सहित जल शक्ति विभाग के अधिकारी भी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



जल शक्ति विभाग के खिलाफ रोष जताते ग्रामीण।



खराब पड़ा हैंडपंप।

### नया हैंडपंप लगाया जाएगा

जल शक्ति विभाग कोटला के सहायक अभियंता विजय नाग ने बताया कि पिछली बरसात में भूस्खलन की वजह से हैंडपंप व पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई थी। हैंडपंप को ठीक करने की कोशिश की गई है, लेकिन वह ठीक नहीं हुआ है। यहां नया हैंडपंप लगाने की प्रपोजल भेजी जाएगी।

# इस बार मोदी की गारंटी के नाम पर मतदान करेगी जनता: परमार

## बैजनाथ में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में बोले सुलह के विधायक

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

भारतीय जनता पार्टी के बैजनाथ में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे कांगड़ा-चंबा के प्रभारी एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा इस बार देश की जनता व्यक्ति को नहीं बल्कि मोदी के गारंटी के नाम पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रही है। उन्होंने कहा कि आज आजादी के बाद पहली बार यह हो रहा है कि विश्व समुदाय किसी भी अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर भारत की सहमति के इंतजार में रहता है यह सब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से ही संभव हो पाया है। इस मौके पर कांगड़ा-चंबा से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कहा कि उनकी डॉक्टरी की पढ़ाई बैजनाथ से ही हुई है। इसलिए यहां की भूमि उनकी कर्म स्थली भी है। भारद्वाज ने चुटकी लेते हुए कहा कि जो कांग्रेस पार्टी अभी तक अपने उम्मीदवार ही तय नहीं कर पा रही है वह देश की समस्याएं क्या हल कर पाएंगी। उन्होंने पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भारी संख्या में पहुंची महिला शक्ति का भी विशेष रूप से धन्यवाद किया। इस मौके पर कई लोगों ने केसीसी बैंक के डायरेक्टर कुलविंदर राणा, युद्धवीर राणा, राजेश शर्मा, चेतन कंवर, राकेश शर्मा, रसम चंद राणा, अशनील राणा, नरेश कटोच, पप्पू भंडारी सहित कई लोगों ने कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी, पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी ने भी अपने विचार रखें। पन्ना प्रमुख सम्मेलन में चंद्र भूषण नाग, हरि दत्त शर्मा, तनु भारती, प्रवीण शर्मा, सुरेंद्र कपूर, श्रवण कपूर, रमिता भारद्वाज, वंदना कटोच, सुदेश राणा, अंजू कटोच, शीला देवी, गोकुल ठाकुर, अनिल अवस्थी, संजय सोनी, सुनीता राणा, खेमलता, अनुराधा मौजूद रहे।



पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज का स्वागत करते हुए।

### महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं का पहनावा बना आकर्षण

**भाजपा** महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं का पहनावा पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आकर्षण का केंद्र बना रहा । बैजनाथ महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना कटोच के नेतृत्व में महिलाएं कमल के फूल के प्रिंट की साड़ी पहने हुए आई थी। महिलाओं का यह परिधान सभी के लिए आकर्षण के साथ-साथ पार्टी के प्रति निष्ठा का भी प्रतीक माना जा रहा था।



# पीजी कॉलेज धर्मशाला में संस्कृति और शिक्षा का हुआ आदान-प्रदान



त्रिगर्त सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मास्टर मित्रसेन थापा साहित्य संगीत सभा भागसू धर्मशाला हिमाचल प्रदेश की ओर से पीजी कॉलेज धर्मशाला के त्रिगर्त सभागार में रविवार को संस्कृति व शिक्षा आदान-प्रदान प्रोग्राम भागसू का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सिक्किम की पूर्व सांसद दिल कुमारी भंडारी ने शिरकत की। इसके साथ ही नेपाल से आए हुए विभिन्न अधिकारी-पदाधिकारी, भारतीय सेना में सेवाएं प्रदान कर चुके पूर्व जवान, गोरखा समुदाय के पदाधिकारी विशेष व विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य नेपाल व हिमाचल के धर्मशाला कलाकारों की ओर से संस्कृति को सहेजने की दिशा में एक ओर कदम आगे बढ़ाना रहा।

इस दौरान नेपाल के सांस्कृतिक दल हिमाली मिलन केंद्र की ओर से दैवी पूजन के कुमारी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा एक दर्जन के करीब नेपाल, गोरखाली, हिमाचली व अन्य प्रस्तुतियों ने भी खूब समां बांधा। इस दौरान मुख्यातिथि ने कहा कि संस्कृति को सहेजने के जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे बेहतरीन हैं।

### मैंहजा कांड में पुलिस ने किया मौके का दौरा

# तकनीकी टीम के हवाले किए वीडियो

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर के मैंहजा में दो परिवारों के बीच हुई खूनी झड़प मामले में रविवार को पुलिस ने मौके का दौरा किया और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान कलमबद्ध किए। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा मोबाइल से बनाए गए वीडियो को भी पुलिस ने जांच के लिए तकनीकी टीम के हवाले कर दिया है ताकि घटना की असल जड़ और मौके पर हुई घटना को जांचा जा सके।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पुलिस थाना प्रभारी पालमपुर सुरिंद्र ठाकुर ने बताया कि रविवार को पुलिस टीम घटना स्थल पर गई थी और आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बनाए गए वीडियो की भी जांच की जा रही है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जानलेवा हमले के आरोप लगाए हैं और मामले में क्रॉस एफआईआर दर्ज है। पुलिस थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही पूरे तथ्यों के साथ एक चार्जशीट बना कर कोर्ट में पेश की जाएगी ताकि आरोपियों को सजा मिल सके। पुलिस मामले को हर एंगल से खंगाल रही है। गौरतलब है कि जमीनी विवाद के चलते मैंझा के दो परिवारों ने एक दूसरे को लहूलुहान किया है। दोनों पक्षों में घायल व्यक्तियों का उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। मामले में दोनों पक्षों ने अपने ऊपर जानलेवा हमला किए जाने की क्रॉस एफआईआर दर्ज करवाई है।

## चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की रिश्वत लेने व देने से बचें: डीसी

**धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों के संचालन के लिए समाज के सभी घटकों का सहयोग अपेक्षित है। निर्वाचन आयोग ने चुनावों के सफल संचालन के लिए सभी तैयारियां कर ली हैं, लेकिन इनके क्रियान्वयन के लिए समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी आवश्यक है। भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख के अनुसार यदि कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान धनराशि या अन्य किसी प्रकार का पारितोषिक प्राप्त करता है या पारितोषण देता है, जो कि किसी व्यक्ति के मतदान करने के अधिकार में प्रभाव डालता हो, को एक साल के कारावास या जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है।

## सीएम हर मोर्चे पर विफल: घनश्याम



**पालमपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय राज्य पेंशनर संघ के वारिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल प्रदेश को 16 महीनों में ही जहां विकास के क्षेत्र में पीछे धकेल दिया, वहीं 20 हजार करोड़ का कर्ज लेकर हर नागरिक को कर्ज के तले धकेल दिया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब 16 माह में सरकार एक भी विकास कार्य नहीं कर पाई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में आज कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ गई हैं। पिछले डेढ़ साल में जगह-जगह पर लूटपाट, गैंगवार, भ्रष्टाचार की घटनाओं को बढ़ावा मिला है। युवा पीढ़ी नशे के जाल में फंसती जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री आज भी नशे जैसे कारोबार को रोकने व सरकार को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ रहे हैं। मुख्यमंत्री आज हर मोर्चे पर विफल साबित हुए हैं।

## मारपीट पर मामला दर्ज

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत तरेहल में काली दास, इसकी पत्नी, इसके दो बेटों व बहुओं सभी निवासी तरेहल ने जमीनी विवाद को लेकर कांता देवी व इसके पति औंकार निवासी तरेहल के घर में घुसकर लड़ाई झगड़ा व मारपीट की तथा जान से मारने की धमकियां दी । पुलिस थाना बैजनाथ के तहत नागटा में औंकार व इसकी पत्नी कांता देवी निवासी नागटा डाकघर तरेहल ने जमीनी विवाद को लेकर काली दास इसकी पत्नी व बेटे विक्की कुमार निवासी नागटा के साथ लड़ाई झगड़ा, गाली -गलौज किया व जान से मारने की धमकियां दी । दोनों मामलों को पुलिस ने दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हेल्थ इज वेल्थ

# हृदय रोग का आयुर्वेद से उपचार

**जीवन** की यह सच्चाई है कि जब तक दिल धड़कता है,तब तक जीवन है और धड़कन का रुकना ही मृत्यु है। दिल को मन,बुद्धि और आत्मा का स्थान माना जाता है। यह रक्त का आधार है और अपने संकोच व विकास से रक्त को पूरे शरीर में परिवहन करने वाला यंत्र है। जब हृदय के अंगप्राकृत स्थिति में रह कर कार्य करते रहते हैं तो उसे स्वस्थ हृदय कहा जाता है, लेकिन जब दिल का कोई भाग या क्रिया विकृत होकर कार्य करता है तो उस स्थिति को हृदय रोग कहा जाता है। मुख्यता ये दो प्रकार के होते हैं पहले प्रकार में अंग्संबंधी विकार और दूसरे क्रिया संबंधी विकार। इनमें से क्रिया संबंधी विकारों का इलाज तो शीघ्र ही हो जाता है, लेकिन अंग्संबंधी विकारों का इलाज विलम्ब से या फिर कभी कदाचित नहीं भी होता है। हृदय रोगों के उपद्रवों में सिर में चक्कर आना, इद्रिंयों की अपने कार्य में असमर्थता, अंगों की शिथिलता और शोथ होना शामिल हैं। आयुर्वेदानुसार सात प्रकार के यथा आवरनिक, कौसठिक, पृथुक, आयामिका, परिक्षय, मेदसूत्र और विक्षेपिका हृदयरोगों का व्याख्यान है जबकि आचार्य चरक ने वातज, पित्तज, कफज, त्रिदोषज और कृमिज पांच प्रकार बताए हैं।



### दिल की बीमारियों के कारण



*__नगरोटा__ बगवां के डॉ. रामस्वरूप चांद बीएएमएस,डीएनएन वाई ने बताया कि दिल की बीमारियों के तीन ही मुख्य कारण माने जाते हैं। इनमें प्रथम शारीरिक यथा अधिक परिश्रम या अधिक व्यायाम, तीक्षण आहार, विरेचन का अति योग, वमन का अतियोग, विरुद्ध आहार विहार, अतिगुरु और अतिउष्ण भोजन का सेवन शामिल है। दूसरे कारणों में अधिक चिंता, अधिक भय और अधिक सताया जाना मानसिक कारण माना जाता है। वहीं पर मल मूत्र आदि वेगों को रोकना,पहले से उत्पन्न रोगों की चिकित्सा न करना और शरीर या हृदय पर चोट लगना ये आगुंतक कारणों के रूप में जाना जाता है।*

### आयुर्वेदिक उपचार लाभकारी

*__डॉ.__ रामस्वरूप चांद ने बताया कि हृदय संबंधी रोगों का आयुर्वेदिक उपचार भी लाभकारी एवं चिरकाल तक गुणकारी है। हृदय रोग से पीड़ित को प्रात: काल खुली हवा में या उद्यान में सैर अवश्य करनी चाहिए। प्राणायाम का अभ्यास लाभकारी है। वक्षस्थल पर वातनाशक तेल की मालिश, हृदरोग के मूल कारण यथा आहार विहार में परहेज करना लाभकारी होता है। अधिक बोलना, जोर से बोलना, दौड़ धूप का काम, क्रोध, चिंता, ऊंची सीढ़ी पर न चढें, बोझ न उठाएं। सहज जन्म जात हृदय रोगों में रसायन औषधियों का सेवन लाभकारी होता है।*

### गेहूं का हलवा लाभकारी



*गेहूं का आटा 60 ग्राम और अर्जुन की छाल का चूर्ण 15 ग्राम लेकर घी में भूने। जब लाल हो जाए और सुगंध आने लगे तब 250 मिली गाय का दूध तथा 60 ग्राम चीनी डाल कर पतला हलवा बनाएं। ठंडा होने पर बलामूल चूर्ण और कमलगट्टे का चूर्ण 6-6 ग्राम तथा 20 ग्राम मधु मिलाकर 250 मिली दूध के साथ खिलाया जाता है। नागबला का चूर्ण 4-4 ग्राम दूध से देना लाभकारी होता है।*

### अर्जुन वृक्ष एक सफल औषधि

*__हृदय__ रोगों की आम चिकित्सा में अर्जुन वृक्ष एक सफल औषधि है। अर्जुन के पत्तों का स्वरस 10 मिली शहद की बराबर मात्रा से मिलाकर दें। अर्जुन की छाल का चूर्ण 3 ग्राम 10 ग्राम घी के साथ दूध के अनुपान से सवेरे शाम दें। इसके अतिरिक्त आयुर्वेदोपचार में अर्जुनक्षीरपाक का बहुत महत्व है। इसके लिए अर्जुन की छाल 25 ग्राम, दूध 400 मिली,जल एक लीटर 600 मिली मिला कर व उबालकर पकाया जाता है। इसे तब तक उबाला जाता है जब तक 400 मिली शेष रह जाए। फिर छान कर सुबह शाम पिया जाता है। यह हृदय को ताकतवर बनाता है और कोलेस्ट्रोल को नियंत्रित करता है।*

# गर्मी में सेहत के साथ स्किन का ध्यान रखना जरूरी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

गर्मी के दिनों में सेहत के साथ अपनी स्किन का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। इन दिनों टैनिंग, सन बर्न से जुड़ी समस्या से हर कोई परेशान होता है। ऐसे में जरूरी है कि आप हेल्दी डाइट के साथ स्किन का ध्यान रखें। अपने चेहरे की चमक को बरकरार रखने के लिए आपको उसे पर्याप्त हाइड्रोजन देने की जरूरत होती है। इसके लिए खास बातों का ध्यान रखना पड़ता है। सनस्क्रीन समस्याओं को लेकर दैनिक अनंत ज्ञान ने सोलन के स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. विनय पटियाल ने बात की। (अनंत ज्ञान)



### सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूरी

*__डॉ.__ विनय पटियाल ने कहा कि गर्मियों के इस मौसम में आपकी त्वचा के लिए सबसे जरूरी है सनस्क्रीन। जब कभी आप बाहर निकलें तो अच्छी क्वालिटी का सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। ये आपकी त्वचा को सूरज की तेज किरणों से बचाने का काम करती है। वहीं अगर आप घर पर हैं, तो भी एसपीएफ 30 की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना न भूलें।*

### मॉइश्चराइज करते रहें



*__गर्मी__ में अक्सर त्वचा बेजान हो जाती है इसके लिए जरूरी है कि आप उसे मॉइश्चराइज करते रहें। दरअसल, आप जब बाहर निकलते हैं तो तेज धूप की वजह से त्वचा अपनी नमी खो देती है, जिस वजह से वो बेजान लगने लगती है। ऐसे में आप अपनी त्वचा की नमी को बरकरार रखने के लिए मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।*

### नाइट केयर लाभदायक

*__किसी__ भी मौसम में त्वचा के लिए नाइट केयर को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जब कभी आप सोने के लिए जाए तो सबसे पहले त्वचा को अच्छे से धो लें फिर किसी भी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर आप अपनी त्वचा को मॉइश्चराइज कर लें ऐसा करने से रात में भी आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी।*

# गर्मियों में मलेरिया रोग का खतरा

*__गर्मियों__ का मौसम शुरू होते ही मलेरिया रोग फैलने का खतरा बन जाता है। इस रोग को लेकर अनंत ज्ञान ने डॉ. एसडी भरवाल मेडिसिन स्पेशलिस्ट से बातचीत की। उन्होंने बताया कि मलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो छोटे परजीवियों से संक्रमित मादा मच्छर के काटने से फैलता है। जब यह काटता है, तो मच्छर मलेरिया परजीवियों को आपके रक्त प्रवाह में पहुंचा देता है। मलेरिया परजीवियों के कारण होता है, किसी वायरस या एक प्रकार के जीवाणु से नहीं। यदि आप ऐसे क्षेत्र की यात्रा कर रहे हैं जहां मलेरिया आम है, तो अपने स्वास्थ्य सेवा में लगे विशेषज्ञ से उन तरीकों के बारे में बात करें जिनसे आप संक्रमित होने से बच सकते हैं। मलेरिया उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में आम है जहां गर्मी और नमी होती है। 2020 में दुनिया भर में मलेरिया के 241 मिलियन मामले दर्ज हुए थे, जिसमें मलेरिया के कारण सवा छह लाख से अधिक मौतें हुई थीं।*



### पांच प्रकार के मलेरिया परजीवी



**डॉ.** एसडी भरवाल ने बताया कि जब कोई मच्छर मलेरिया से पीड़ित किसी व्यक्ति को काटता है, तो मच्छर संक्रमित हो जाता है। जब वह मच्छर किसी और को काटता है, तो यह परजीवी को दूसरे व्यक्ति के रक्तप्रवाह में स्थानांतरित कर देता है। वहां, परजीवी बढ़ते हैं। पांच प्रकार के मलेरिया परजीवी हैं जो मनुष्यों को संक्रमित कर सकते हैं। दुर्लभ मामलों में, जो लोग गर्भवती हैं और जिन्हें मलेरिया है, उनके बच्चों में यह बीमारी जन्म से पहले या जन्म के दौरान स्थानांतरित हो सकती है।

### मलेरिया के लक्षण फ्लू के जैसे

**मलेरिया** के लक्षण फ्लू के लक्षणों के समान होते हैं। इसमें बुखार और पसीना आना, ऐसी ठंड लगना जो आपके पूरे शरीर को हिला दे। सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द, थकान, सीने में दर्द, सांस लेने में दिक्कत और खांसी, दस्त , मतली और उल्टी जैसे-जैसे मलेरिया बदतर होता जाता है, यह एनीमिया और पीलिया मलेरिया का सबसे गंभीर रूप, जो कोमा में बदल सकता है, सेरेब्रल मलेरिया के रूप में जाना जाता है। मलेरिया के लक्षण आम तौर पर व्यक्ति में संक्रमित होने के 10 दिन से एक महीने बाद दिखाई देते हैं। परजीवी आपके लीवर में निष्क्रिय होते हैं और फिर वर्षों के बाद आपके रक्तप्रवाह में छोड़ दिए जाते हैं।

# औषधीय गुणों से भरपूर किसी महंगी दवा से कम नहीं लिंगड़

- विटामिन ए,बी, कॉपर, आयरन मिनरल्स भरपूर मात्रा में मौजूद
- कुपोषण से निपटने के लिए एक अच्छा स्रोत
- चर्म रोग मधुमेह और हार्ट के मरीजों के लिए रामबाण



**पुष्पराज, मंडी**

हिमाचल प्रदेश देव भूमि में जहां सब्जियों की खेती की जाती है वहीं यहां के विभिन्न जिलों में कुछ सब्जियां ऐसी भी होती है जो पूर्णतया प्राकृतिक रूप से उगती है और बिना किसी खाद और यूरिया के उत्पन्न होती है। जहां यह सब्जी प्राकृतिक रूप से पैदा होती है वही बेहद स्वादिष्ट भी होती है और कई तरह की विटामिन से भरपूर है। इसमें विटामिन ए, विटामिन बी कॉप्लेक्स, पोटाशियम, कॉपर, आयरन, फैटी एसिड, सोडियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, कैरोटिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में मौजूद हैं। साथ ही लिंगड़ में मैग्नीशियम, कैल्शियम, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम, आयरन और जिंक के कारण इसे कुपोषण से निपटने के लिए भी एक अच्छा स्रोत माना गया है। स्वामी पूर्णानंद मेमोरियल अस्पताल के आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. अभिषेक कौशल ने बताया कि लिंगड़ पहाड़ों में जून से सितंबर माह तक होता है। शोध में पाया गया है लिंगड़ चर्म व मधुमेह रोग से बचाव करता है। (अनंत ज्ञान)

### हार्ट के मरीजों के लिए फायदेमंद



*__डॉ.__ अभिषेक कौशल ने बताया कि लिंगड़ हार्ट आदि के मरीजों के लिए भी अच्छा माना जाता है। सबसे बड़ी बात है कि लिंगड़ पूरी तरह से प्राकृतिक है। लिंगड़ में मधुमेह और अन्य खतरनाक बीमारियों से लड़ने और जीतने की शक्ति है। लोकल सब्जियां गर्मियों में शहर में आती है, जिससे गर्मियों में खाने से बहुत से फायदे होते हैं। सप्लीमेंट के बजाए लिंगड़ का सेवन करें तो ज्यादा फायदेमंद रहेगा। लिंगड़ की तासीर गर्म होती है और इसके साथ यदि दही का सेवन किया जाए तो इसकी तासीर सामान्य हो जाती है।*

### पहाड़ों में मिलता है

*कटौला निवासी वेगी देवी लिंगड़ और गांव में पैदा होने वाली सब्जियों को शहर में बेचने के लिए लाती हैं। लिंगड़ पहाड़ों, नालों और प्राकृतिक जल स्रोतों से लाना पड़ता है।*

# कैप्टन रणजीत को दिया पूरा सम्मान फिर भी पार्टी को दिया धोखा: मंडल भाजपा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

कांग्रेस पार्टी में जाते ही कैप्टन रणजीत सिंह मुख्यमंत्री के हनुमान बन गए, लेकिन भारतीय जनता पार्टी में रहते हुए आप शीर्ष नेतृत्व के क्या थे। इस बात पर रणजीत सिंह स्थिति स्पष्ट करें।

यह बात सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा, मंडल मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर, पंचायत समिति चेयरपर्सन अंजना ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन रणजीत राणा को भारतीय जनता पार्टी ने पूरा मान सम्मान दिया, 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें पार्टी का प्रत्याशी बनाया, लेकिन बावजूद इसके उन्होंने पार्टी के साथ धोखा किया। जरूरत के समय उन्होंने पार्टी का त्याग करके विरोधी पार्टी का दामन थाम लिया। उन्होंने कहा कि जिस भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें पूरे देश और प्रदेश में अलग पहचान दिलाई।

आज उन्होंने इस पार्टी के साथ धोखा किया। उसका त्याग करके विरोधी पार्टी के खेमे में जाकर बैठ गए, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी को यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि उन्होंने जिस पार्टी का दामन थामा है उस पार्टी के मुखिया ने हिमाचल में अपनी जीत के बाद सबसे बड़ा बयान यह दिया था कि वह हिमाचल में 97 प्रतिशत हिंदू विचारधारा को हराकर आए हैं। ऐसे में अब कैप्टन रणजीत राणा ने हिंदू विचारधारा को हराने वाली पार्टी का दामन थामा है। यह बात उनके ध्यान में होनी चाहिए।

### ताश के पत्तों की तरह बिखर रही कांग्रेस

**आज** पूरे देश में कांग्रेस ताश के पत्तों की तरह बिखर रही है। बड़े-बड़े नेता कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा में आ रहे हैं और यहां पर कैप्टन रणजीत राणा ने भाजपा को छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया जो बड़ी हास्यास्पद बात है। उन्होंने कहा कि अगर कैप्टन रणजीत राणा टिकट के प्रलोभन में कांग्रेस में गए हैं तो वह यह बात न भूले कि भारतीय जनता पार्टी ने तो उन्हें बिन मांगे ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का टिकट दिया था, लेकिन उन्होंने उस मान सम्मान का कोई मान नहीं रखा।

# स्कूल के पास ठेका हरगिज मंजूर नहीं

## नादौन की जोलसप्पड़ पंचायत के लोग हुए लामबंद; छात्रों पर पड़ेगा बुरा असर, नहीं तो करेंगे विरोध

**अनंत ज्ञान, नादौन**

उपमंडल नादौन की जोलसप्पड़ पंचायत में सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोलसप्पड़ के पास शराब का ठेका खोला जा रहा है जिसकी भनक लगते ही पंचायत वासी इसके विरोध में लामबद्ध हो गए हैं। पंचायत वासियों का कहना है कि स्कूल के पास करीब 80 मीटर की दूरी पर शराब का ठेका खोले जाने से जहां स्कूल के बच्चों पर इसका कुप्रभाव पड़ेगा।

वहीं इस स्थल से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित मेडिकल कॉलेज है वहां आने जाने वाले मरीजों , तीमारदारों, मेडिकल कॉलेज में आने जाने वालों व इस कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों पर दुष्प्रभाव के साथ साथ कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जोलसप्पड़ पंचायत के पूर्व उप प्रधान एवं समाजसेवी फांदी खां, जसवंत सिंह, पूर्व प्रधान रोशन लाल, पूर्व प्रधान उधो राम, पूर्व प्रधान



सोमा देवी, वार्ड पंच पिंकी देवी सहित पंचायत की कई महिलाओं का कहना है कि स्कूल के पास शराब का ठेका खोले जाने से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, स्कूल के आसपास का माहौल भी खराब होगा। उन्होंने बताया कि स्कूल के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र गांव सनकर, दाईं, सोरड़, चैकी, लाहड़, सोहरी, लंबोट, हार व सप्पड़ आदि गांवों के बच्चे स्कूल में पढ़ने जाते हैं। इस क्षेत्र के बच्चों को भी शराब का ठेका करने से कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उनके भविष्य पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। समाजसेवी फांदी खां ने कहा कि शराब का ठेका स्कूल व मेडिकल कॉलेज के पास खोलने की बजाय किसी और जगह खोला जाए अन्यथा क्षेत्र वासियों को विरोध करने पर विवश होना पड़ेगा।

### पंचायत ने नहीं दी है अभी तक एनओसी

**जोलसप्पड़** पंचायत के उपप्रधान संतोष कुमार का कहना है कि शराब का ठेका स्कूल के पास खोले जाने की सूचना मिली है। पंचायत ने अभी तक एनओसी जारी नहीं की है शिक्षण संस्थानों के साथ शराब का ठेका नहीं खोला जाना चाहिए।

### हम पंचायतवासियों के साथ: मीना कुमारी

**शराब** का ठेका जोलसप्पड़ में स्कूल के पास खोले जाने को लेकर पंचायत प्रधान मीना कुमारी का कहना है कि पंचायत से एनओसी लेने के लिए ठेकेदार के लोग आए थे। पंचायत ने अभी तक एनओसी जारी नहीं की है। जो भी फैसला होगा पंचायत वासियों के हित को ध्यान में रखकर ही होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### धनेटा शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन



**धनेटा।** उपमंडल नादौन के धनेटा कस्बा में बाजार में स्थित शिव मंदिर में रविवार को आपसी सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कमेटी सदस्य संदीप, किटटू, दीपू, अनुराग, अंकू, दर्शन आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह पूजा अर्चना व हवन यज्ञ में आहुतियां डालने के बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कैप्सन 1 शिव मंदिर धनेटा में लगे भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए भक्तजन।

### पीएम ने कृषि क्षेत्र में लाई क्रांतिः अनिल

**टौणीदेवी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि सेक्टर में क्रांति आई है और किसानों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की गई है। यह बात जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल काकू ने कही। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में कृषि उत्पादन बढ़ा है और भारत आज कई देशों को फसलें निर्यात कर किसानों की आर्थिकी सुधारने में सफल हुआ है। अनिल काकू बीजेपी किसान मोर्चा ने बूथ विजय संकल्प यात्रा शुरू करने के दौरान पत्रकारों से औपचारिक बात कर रहे थे । उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के पदाधिकारी बूथ लेवल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को घर घर पहुंचाएंगे। इससे पहले किसान मोर्चा मंडल की बैठक पृथ्वी चंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई ।

### सीएम भोरंज-हमीरपुर में करेंगे जनसभाएं

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनावों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 29 अप्रैल को भोरंज विधानसभा क्षेत्र में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी किए गए मुख्यमंत्री मे टूर प्रोग्राम के तहत हेलीकॉप्टर से कंज्याण हेलीपैड में सुबह 10:45 पहुंचेंगे। उसके बाद 11:05 मिनट पर अम्मण पहुंचेंगे। अम्मण, लदरौर और चंबोह में जनसभा को संबोधित करेंगे। चंबोह में जनसभा को संबोधित करने के बाद 5:45 पर चंबोह से कंज्याण हेलिपैड के लिए रवाना होंगे। कंज्याण हैलिपैड से गौना हैलिपैड पर 6:20 पर पहुंचेंगे और लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस सेरा में रात्रि विश्राम करेंगे। 30 अप्रैल को रेस्ट हाउस सेरा से 11 बजे गौना हैलिपैड के लिए रवाना होंगे और गौना से एनआईटी हैलिपैड 11:25 पर पहुंचेंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री ताल, दड़ूही और धनेड़ बाजार में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जनसभाओं को संबोधित करने के बाद एनआईटी से 5:30 बजे शिमला के लिए रवाना हो जाएंगे।

### अनिल ठाकुर को बनाया चुनाव सह संयोजक

**हमीरपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने हमीरपुर जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल ठाकुर को विधानसभा उपचुनावों के लिए चुनाव सह संयोजक नियुक्त किया है। इस संबंध में प्रदेशाध्यक्ष ने अनिल ठाकुर को लेटर जारी किया है। इसमें विधानसभा उपचुनाव में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इसके अलावा विधानसभा उपचुनावों के लिए राकेश जम्वाल को चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी नरेंद्र अत्री को बनाया गया है वहीं उपचुनाव में विशिष्ट सहयोगी पवन कुमार, महेश सिपहिया, डॉ. अशोक शर्मा व चमन ठाकुर को नियुक्त किया है। सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव में विशिष्ट सहयोगी बनाए जाने पर पवन कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।

### निखिल शर्मा बने प्लानिंग इंजीनियर

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग के विभाग के निखिल शर्मा का एसआरएम लिमिटेड में प्लानिंग इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है। विभाग के प्लेसमेंट ऑफिसर इंजि. गौरव कानूनगो ने बताया कि एक इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन और डेवलपमेंट कंपनी है जो प्लानिंग इंजीनियरिंग में एक विशेष क्षेत्र है जो निर्माण परियोजनाओं की योजना शेड्यूलिंग और नियंत्रण के रणनीतिक सामरिक और परिचालन पहलुओं पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा निखिल शर्मा को लगभग सात लाख रुपए का सालाना पैकेज मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन, सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज कंवर व विभाग के प्रोफेसरों ने निखिल शर्मा को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# पन्ना प्रमुख सम्मेलन में अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**अशोक कुमार शर्मा, गलोड़**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने आज गलोड़ क्षेत्र के बढेरा ग्राउंड में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में पन्ना प्रमुख शामिल हुए थे अनुराग ठाकुर ने पन्ना प्रमुख के इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की संपत्ति को मुसलमानों में बांटना चाहती है कांग्रेस पार्टी के नेता सनातन को मिटाने व इसे कुचल देने की बातें करते हैं।



उन्होंने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि मुगल आकर चले गए बे भी सनातन को नहीं मिटा सके तो कांग्रेस क्या कर सकती है। उन्होंने कहा कि यह नेहरू के समय का भारत नहीं है यह आज के आधुनिक युग व मोदी के समय का भारत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की झूठी गारंटियां को देश की जनता जान ब समझ चुकी है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश व इस क्षेत्र के विधायक सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर भी चुटकी ली महिलाओं से कहा कि हमारी बहनों ने 1500 के लिएनए पर्स खरीदे थे कि कांग्रेस अपनी गारंटी पूरी करेगी और उन्हें 1500 रुपए हर माह मिलेंगे उन्होंने महिलाओं से पूछा कि किस-किस महिला को 1500 रुपए मिले इस पर पंडाल में बैठी महिलाओं ने न में जवाब दियाइस पन्ना प्रमुख सम्मेलन में सभी पन्ना प्रमुख को थैली बांटे गए। इनमें चुनाव की प्रचार सामग्री थी उसे घर-घर तक पहुंचाने का अनुराग ने भी संदेश दिया। वहीं, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने भी इस पन्ना प्रमुख सम्मेलन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर खूब प्रहार किए। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस की स्थिति ऐसी हो गई है कि उन्हें भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ अपनी पार्टी की तरफ से प्रत्याशी ही नहीं मिल रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हिमाचल की जनता मात्र कुछ माह में ही इस कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने पर उतारू हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

# स्कूलों में कितने नए बच्चों ने दाखिला लिया प्रारंभिक शिक्षा विभाग के पास नहीं डाटा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

शैक्षणिक सत्र 2024-25 को शुरू हुए एक होने वाला है लेकिन अभी प्रारंभिक शिक्षा विभाग के पाए सरकारी स्कूलों में कितने नए बच्चों ने दाखिला लिया है इसका डाटा नहीं पहुंच पाया है। प्रारंभिक शिक्षा के तहत प्राथमिक स्कूलों में पहली से पांचवीं कक्षा के छात्र दाखिला लेते हैं। जिसके शिक्षा विभाग ने 30 अप्रैल बिना लेट फीस दाखिला लेने की छूट दे रखी थी।

ऐसे में 15 अप्रैल के बाद छात्र दाखिला लेने के लिए पहुंच रहे थे। हैरानी की बात है कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग के पाए अभी शिक्षा खंडों से डाटा ही नहीं पहुंच पाया है। प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा सभी शिक्षा खंड अधिकारियों से डाटा मांगा जा रहा है, लेकिन फिर डाटा उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं। बता दें कि गत वर्ष भी 10 से कम बच्चों वाले 12 स्कूलों को सरकार ने बंद कर दिया था या, लेकिन इस वर्ष कितने स्कूल ऐसे हैं जिनमें बच्चों की संख्या बढ़ी है या कम हुई इसका भी विभाग के पास कोई रिकार्ड नहीं है। जिला में 472 प्राथमिक स्कूलों में 460 प्राथमिक स्कूल ही रह गए हैं। हालांकि सत्र के शुरू होने से पहले ही अध्यापकों ने सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए कार्य शुरू कर दिया था, लेकिन सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं से कितने अभिभावक प्रभावित हुए और उन्होंने अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिल करवाया यह कहना अभी मुश्किल है।

गौर रहे कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अनुसार जिला के 60 प्राथमिक पाठशालाओं में 10 से भी कम बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन स्कूलों के अध्यापकों को बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए भी शिक्षा विभाग ने आग्रह किया था। सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम होने से सरकार पर भी बोझ पड़ रहा है क्योंकि इन स्कूलों में स्टाफ और अन्य खर्चे दूसरे स्कूलों के समान ही किए जा रहे हैं।

ऐसे में प्रति छात्र जो भी खर्च आ रहा है और स्टाफ पर खर्च किया जा रहा है उससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

अब देखना यह है कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग के पास कब यह डाटा पहुंचता है। डाटा पहुंचने के बाद ही स्पष्ट रूप से पता चल पाएगा कि कितने स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हुई है या बढ़ी है। (अनंत ज्ञान)

### अधिकारियों से मंगवाया है डाटा

**इस** बारे में प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारियों से डाटा मंगवाया गया है। उन्होंने बताया कि चुनावों में ड्यूटी होने के चलते डाटा उपलब्ध करवाने में देरी हो रही है।

### व्यापारी वर्ग से की भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील

**हमीरपुर।** लोकसभा हमीरपुर के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने एक निजी होटल में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ और शहरी इकाई बीजेपी के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुशील सोनी ने की जबकि शहर इकाई के अध्यक्ष मुनीष पुरी भी उपस्थित थे। करीब 2 घंटे तक चली इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने व्यापारी वर्ग से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यापारी वर्ग के लिए बेहतर योजनाएं लेकर आ रहे हैं जिससे व्यापारियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि वे पहले भी व्यापारियों की समस्याओं का हल करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने व्यापारियों से आह्वान किया कि वे दूसरे लोगों को भी भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत, सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव के सह प्रभारी नरेंद्र अत्री व शहर के प्रबुध व्यापारी वर्ग उपस्थित रहा।

# टिप्पर में फंसी केबल तार; खंभा टूटा, रात भर बिजली रही गुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

शहर में नगर परिषद रेस्ट हाउस के ठीक सामने पीडब्ल्यूडी कॉलोनी को जोड़ने वाले रोड पर रात को एक खंभा टूट गया। रेता बजरी से भरा हुआ ज्यादा ऊंचाई वाला एक टिप्पर केबल तार को चपेट में ले गया। समय रात का था, ऐसे में पास का बिजली का एक खंभा मुकम्मल तौर पर टूट गया।

गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। खंबा टूटते ही बिजली गुल हो गई। क्योंकि टूटा हुआ खंभा मोटे-मोटे कंडक्टर सहित टिप्पर पर गिर गया। थोड़ी दूरी पर कई वाहन भी खड़े थे। लोगों की चहल पहल भी थी। लेकिन सब कुछ बचाव में हो गया। रात को बिजली इसलिए बाहर नहीं हो पाई क्योंकि बिजली के पोल को मुकम्मल तौर पर खड़ा करने के बाद ही फिर से तारें जोड़ी आनी थी। इस वजह से पूल्ड कॉलोनी के दाईं ओर अणूकलां के क्षेत्र में रात भर अंधेरा छाया रहा। सुबह होते ही बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने व्यवस्था बनाने का काम शुरू किया दिन भर काम जारी रहा और अंत तक शाम को बिजली रिस्टोर हो पाई। बिजली बोर्ड के स्थानीय जेई विपिन कुमार का कहना है कि विद्युत लाइन को फिर से रिस्टोर कर दिया गया है।



हादसे के बाद सड़क किनारे टूटी पड़ी हुई बिजली की तारें

### ग्वालपत्थर पंचायत में दो रातों में चोरों ने उड़ाईं दो बाइकें, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**धनेटा ।** उपमंडल नादौन के ग्वालपत्थर पंचायत में दो दिन से हो रही बाइक चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों के हौसले कितने बुलंद हैं यह इसी बात से पता लगाया जा सकता है कि ग्वाल पत्थर से पुलिस चैकी केवल एक से डेढ़ किलोमीटर दूर है उसके बावजूद भी यह गिरोह लगातार दो रातों से बाइक चुरा कर ले जा रहा है। ग्वालपत्थर में कबाढ़ का काम करने वाले साहनी ठाकुर ने बताया कि सारा दिन काम करने के बाद बाइक को बाड़े के अंदर खड़ा करके सो गए परंतु जब सुबह 4 बजे उठे तो एचपी 36 ए 9614 नंबर बाइक जो कुछ दिन पहले ही किसी से खरीदी थी थी, वहीं ग्वालपत्थर में दुकान करने वाले विपिन कुमार का कहना है कि शुक्रवार की रात को वह एचपी 55 6438 बाइक जो दुकान के बाहर खड़ी की थी जब दूसरे दिन सुबह आकर देखा तो बाइक गायब थी। बाइक मालिकों ने चोरी की शिकायत रिपोर्ट पुलिस चैकी धनेटा में दर्ज करवा दी गई है। इस बारे में एएसआई कुलवंत सिंह का कहना है कि बाइक चोरी होने की शिकायत आई हैं और पुलिस जांच पड़ताल कर रही है जल्द ही चोर सलाखों के पीछे होंगे।

# आधुनिक तकनीक से बनेंगी भोरंज की सड़कें: सुरेश

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र की दो मुख्य सड़कें विश्वस्तरीय एफडीआर तकनीक से बनेगी। इनमें से बस्सी, भरेड़ी, तताहर व वडार कैहरवीं, झनीकर सड़कें प्रमुख हैं। भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने जारी प्रेस बयान में कहा कि भोरंज में सड़कों के विस्तारीकरण का कार्य किया जा रहा है जिसमें पुरानी सड़कों को चैड़ा करने तथा नई सड़कों का निर्माण शामिल है।

उन्होंने कहा कि भोरंज में 43 ग्रामीण सड़कों व एंबूलैंस मार्गों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही पुरानी सड़कों को चैड़ा किया जा रहा है। सुरेश कुमार ने बताया है कि कैहरवीं बस्सी सुलगवान और पट्टा, तरकवाड़ी, अवाहदेवी सड़कों को डबल लेन करने का कार्य आरंभ किया जा चुका है।

विधानसभा क्षेत्र की दो सड़कों को विश्वस्तरीय आधुनिक तकनीक एफडीआर के अनुसार बनाया जा रहा है। इस तकनीक में अधुनिक मशीनों का उपयोग करते हुए सड़क से निकाली गई सामग्री को दोबारा रिसाइकल करके उपयोग में किया जाता है। हमीरपुर जिला में इस तकनीक से बनने वाली ये पहली सड़कें हैं। उन्होंने बताया कि भोरंज में सड़कों के विस्तार करने का कार्य किया जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्रों में मांग के आधार पर सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। यानी जहां पर भूमि दस्तावेजों सहित सड़क की मांग होगी वहां तुरंत सड़क का निर्माण कर दिया जाएगा। सुरेश कुमार ने बताया कि बस्सी बजार व अवाहदेवी में रिंगरोड का निर्माण किया जाना उनकी प्राथमिकताओं में है।

# धंसने लगा सुजानपुर चौगान की मुख्य सड़क के साथ बनाया गया फुटपाथ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर चैगान की मुख्य सड़क के साथ बनाया गया फुटपाथ धंसने लगा है। जगह-जगह से धस रहे फुटपाथ के निर्माण कार्य को लेकर के सवाल खड़ा हो गया है। करीब चार वर्ष पूर्व ही इस फुटपाथ का निर्माण पैदल चलने वाले राहगीरों की सुविधा को लेकर किया था। सुजानपुर के ऐतिहासिक चैगान के साथ काफी समय पहले एक सड़क निर्माण किया गया है ।

इसमें रोजाना बसों व अन्य वाहनों का आगमन चला रहता है। वाहनों की आवाजाही को देखते हुए राहगीरों की सुविधा को लेकर सड़क के साथ फुटपाथ का निर्माण किया था। फुटपाथ का निर्माण चैगान की एक छोर से लेकर के दूसरे छोर तक किया था ताकि राहगीरों व सुबह सैर करने वालों को लेकर के कोई वाहनों की आवाजाही से समस्या पैदा न हो, लेकिन इस लंबे फुटपाथ में कई जगह से नीचे धंसने के कारण जहां बारिश में पानी इकट्ठा हो रहा है वहीं अब गड्ढे भी पडने लग पड़े हैं। जिससे कि इसके निर्माण को लेकर के सवाल खड़ा हो गया है । इस फुटपाथ पर रोजाना हर समय जनता का आगमन चला रहता है। रास्ते में लोगों को आने जाने से गढ्डों के चलते असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से फुटपाथ को ठीक करने की मांग की है।

# नेटबॉल खेल के लिए 75 खिलाड़ियों ने करवाया पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

हिमाचल प्रदेश नेटबॉल खेल संघ खेल नियमों के तहत खिलाड़ियों के पंजीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है तथा खिलाड़ियों का ट्रायल के आधार में पंजीकरण किया जा रहा है ताकि जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में लिए अच्छे खिलाड़ी तैयार किए जा सकें।



प्रदेश नेटबॉल संघ के महासचिव अशोक आनंद ने बताया कि रविवार को हमीरपुर और ऊना जिला में खिलाड़ियों का पंजीकरण ट्रायल के आधार पंर किया गया है। हमीरपुर जिला के 25 व ऊना जिला से 50 लड़के व लड़कियों ने नेटबॉल खेल के लिए पंजीकरण करवाया है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण टीम के अध्यक्ष, राकेश कुमार व सदस्य मनीष कुमार ने खिलाड़ियों का उनकी प्रतिभा को देखते हुए चयन किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ फेडरेशन के आदेशों का पालन करके हिमाचल प्रदेश में खिलाड़ियों को पंजीकरण कर रहा है और यह कार्य 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अभी तक 190 खिलाड़ियों के पंजीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### चुनावों को लेकर की चर्चा

**हमीरपुर।** विधानसभा सुजानपुर उपचुनाव में डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा के समर्थकों ने रविवार को बैठक आयोजित की। इसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रिंसिपल और पूर्व सैनिक मोहन सिंह डोगरा ने की। यह बैठक डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा की क्षमता के बारे में रणनीतिक निर्णयों पर केंद्रित प्राथमिक एजेंडे के साथ बुलाई गई। यह बैठक चुनावी प्रक्रिया में डॉ. डोगरा की भागीदारी सुनिश्चित करने करने के लिए विभिन्न इलाकों में उनके प्रति उम्मीदवार बनाने को लेकर बढ़ती सार्वजनिक मांग की लहर से प्रेरित थी। गौर रहे कि विधानसभा उपचुनाव में विशेष रूप से विभिन्न पंचायतों के लोगों ने डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा को अपने विधायक के रूप में प्रतिनिधित्व करने के लिए एक मजबूत प्राथमिकता व्यक्त की।

**प्रतियोगिता** भरेड़ी में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर चैंपियनशिप का हुआ समापन

# बास्केटबाल चैंपियनशिप में हमीरपुर में मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी, जाहू**

साईं विजन सीनियर सेकेंडरी स्कूल भरेड़ी के प्रांगण में आयोजित की जा रही 45वीं राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप रविवार को संपन्न हो गई।

तीन दिवसीय इस चैंपियनशिप का आयोजन हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा 26 से 28 अप्रैल तक किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि संत जगन्नाथ रहे। इस अवसर पर होने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में कभी भी हिम्मत न हारें। हार और जीत खेल का हिस्सा हैं। जो खिलाड़ी अनुशासन और प्रतिभा के साथ अपने खेल का प्रदर्शन करता है वह खिलाड़ी आवश्य ही विजय प्राप्त करता है। उन्होंने प्रतियोगिता में उपविजेता टीम के खिलाड़ियों से आहवान किया कि हार के कारण निरूत्साहित न हो बल्कि आगामी प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत करके विजेता बने। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 13 महिलाओं व 13 पुरुषों की टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में पहला स्थान हमीरपुर, द्वितीय स्थान पर सोलन और तृतीय स्थान कांगड़ा की टीम ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में पहला स्थान डीएवी कॉलेज कांगड़ा, द्वितीय स्थान



भरेड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में विजेता टीम मुख्यातिथि के साथ।

स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट और तृतीय स्थान पर सिरमौर की टीम रही। इस उपलब्धि के लिए हिमाचल बास्केटबॉल संघ के प्रधान मनीष शर्मा, सचिव अजय सूद, साईं विजन स्कूल के अध्यक्ष वीरेंद्र चैधरी, जिला बास्केटबॉल संघ हमीरपुर के सचिव संजय ठाकुर ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# बजट के अभाव में थम गया गगरेट अस्पताल के नए भवन का कार्य

## लोक निर्माण विभाग को 11 करोड़ में से मिले हैं सिर्फ छह करोड़

**सन्नी पुरी, गगरेट**

लंबे अरसे से एक अदद भव्य भवन के लिए तरस रहे सिविल अस्पताल गगरेट को जल्द नया भवन मिलने की संभावनाएं क्षीण हो गई हैं। पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में सिविल अस्पताल गगरेट के नए भवन को करीब ग्यारह करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत होने के बाद पूर्व सरकार के कार्यकाल में ही इसका निर्माण कार्य तो शुरू हुआ, लेकिन अब करीब अस्सी प्रतिशत कार्य पूरा हो जाने के बाद इसका निर्माण कार्य रुक जाने में बजट ही रोड़ा बना है।

करीब ग्यारह करोड़ रुपए स्वीकृत होने के बावजूद अभी तक इस भवन के निर्माण के लिए छह करोड़ रुपए के करीब ही पैसे ही लोक निर्माण विभाग को मिले हैं, जबकि पांच करोड़ रुपए का बजट न मिलने के कारण ठेकेदार ने आगे काम चालू रखने से हाथ खड़े कर दिए हैं, ऐसे में क्षेत्रवासियों को अस्पताल के नए भवन के लाभ के लिए अभी



सिविल अस्पताल गगरेट का निर्माणाधीन भवन जिसका निर्माण कार्य थम गया है।

इंतजार ही करना पड़ेगा। गगरेट अस्पताल को सिविल अस्पताल का दर्जा मिलने से बेशक स्टाफ तो बढ़ गया, लेकिन अभी भी यह अस्पताल पूर्व मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों के समय के भवन में ही चल रहा है।

कई वर्ष पुराना अस्पताल भवन जर्जर व पुराना है। पूर्व भाजपा सरकार के समय सिविल अस्पताल गगरेट को नया भवन दिलाने के लिए तत्कालीन विधायक राजेश ठाकुर ने जद्दोजहद की तो इस भवन के निर्माण के लिए करीब ग्यारह करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत हुआ तो पूर्व विधायक राजेश ठाकुर के समय में ही इसका शिलान्यास भी हुआ।

अस्पताल के नए भवन के निर्माण को ठेकेदार ने युद्धस्तर पर चलाया, तो अस्पताल का अस्सी प्रतिशत कार्य पूरा भी हो गया लेकिन इसके चलते ठेकेदार के करीब अढ़ाई करोड़ रुपए के बिल फंस गए। हालात अब यह हो गए हैं कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से बकाया बजट ही जारी नहीं किया गया है। अब तक लोक निर्माण विभाग को सिर्फ छह करोड़ रुपए ही मिले हैं, जबकि अभी भी करीब पांच करोड़ रुपए लोक निर्माण विभाग को ट्रांसफर नहीं हुए हैं। फंडस की कमी के चलते ठेकेदार ने भी अब काम जारी रखने से हाथ खड़े कर दिए हैं। सिविल अस्पताल के नए भवन में ओपीडी, रोगी वार्ड, डेंटल ओपीडी, शिशु वार्ड, ब्लड बैंक, शव गृह के साथ-साथ मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में लिफ्ट की व्यवस्था का भी प्रावधान है।

हालांकि पांच करोड़ रुपए तो भवन का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए ही चाहिए, जबकि इसमें लिफ्ट की व्यवस्था, फायर फाइटिंग सिस्टम, बिजली की फिटिंग के साथ अन्य कार्यों के लिए अलग से छह करोड़ रुपए के बजट की दरकार है। उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता एचजी कौशल का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को बजट उपलब्ध करवाने को कहा है। बजट आने के बाद ही निर्माण कार्य पूरा हो सकेगा। (अनंत ज्ञान)

## मुद्दों पर कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता आमने-सामने

**दौलतपुर चौक।** गगरेट विधानसभा इलाके में मुद्दों पर भी कांग्रेस भाजपा में कांटे की टक्कर हो रही है। दोनों दल एक दूसरे पर कई तरह के आरोप जरूर लगा रहे हैं, लेकिन इस पर निर्णय गगरेट की जनता करेगी। आज की तारीख में राजनीतिक दलों से जुड़े नेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपण कर रहे हैं, लेकिन आम जनमानस चुप्पी साधे हुए है। अनिल ठाकुर और अनूप कुमार का कहना है कर्मचारियों की बात करें तो उनमें से काफी का झुकाव कांग्रेस की तरफ हो सकता है क्योंकि सरकार ने जो ओल्ड पेंशन प्रदेश में लागू कर दी है और कर्मचारियों को इसका लाभ मिल रहा है।

इस चुनाव में आम मतदाता प्रत्याशियों के व्यवहार पर ही वोट डालेगा। इस पर एक महत्वपूर्ण बात यह भी देखी जाएगी कि कौन से प्रत्याशी का लोगों से किस तरह का व्यवहार रहा है और उनके करिंदों ने लोगों से कैसा व्यवहार किया है। इन सारी बातों को देखकर ही मतदाता अपनी वोट करेगा ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। दौलतपुर चौक के शिव कुमार ने कहा कि आज का मतदाता बहुत जागरूक है। कोई भी किसी के खिलाफ जितना मर्जी झूठा प्रचार कर ले, लेकिन यह पब्लिक है सब जानती है।

# लोगों को बताए मलेरिया फैलने के कारण



मलेरिया रोग को लेकर जागरूक करते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ऊना जिला ऊना के सूचना शिक्षा एवं सम्प्रेषण प्रभाग द्वारा स्लम एरिया गलुआ वार्ड 3 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा के दिशा-निर्देशानुसार विश्व मलेरिया दिवस अभियान के उपलक्ष्य पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी शारदा सारस्वत ने उपस्थित समस्त समूह को बताया कि मलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो सालों से लोगों को अपना शिकार बनाती आई है।

हर साल लाखों लोग भारत समेत पूरी दुनिया में मलेरिया से ग्रसित होते हैं। यह एक जानलेवा बीमारी है, जिससे भारत में हर साल हजारों लोग संक्रमित होते हैं। उन्होंने बताया कि मलेरिया की बीमारी मच्छर के काटने से फैलती है। यह मादा एनाफिलिज मच्छर के जरिए इंसानों के बीच फैलती है। मलेरिया प्लाजमोडियम विवेक्स नाम के वायरस के कारण होता है। जब मादा एनाफिलिज मच्छर किसी मलेरिया से संक्रमित व्यक्ति को काटता है तो इस वायरस मच्छर के शरीर में ट्रांसफर हो जाता है।

जब यह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो यह परजीवी व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर जाता है और व्यक्ति मलेरिया से संक्रमित हो जाता है।

जिला स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कृष्ण ने बताया मरीज को ठंड लगकर कंपकंपी द्वारा 103 डिग्री या इससे अधिक बुखार आता है। यह मच्छर खड़े पानी में प्रजनन करता है तथा रात के समय काटता है ढ्ढ इससे बचने के लिए खड़े पानी की निकासी का होना अत्यंत जरूरी है। मलेरिया से बचाव व इलाज दोनों संभव है। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। अत: खून की जांच करवा कर मलेरिया की सही पहचान होती है। मच्छरों को पैदा होने से रोकें तथा तालाबों और जलाशयों इत्यादि में गम्बुजिया मछली व खड़े पानी में तेल की परत डालें, ताकि मच्छरों के अंडे व लार्वा को बढ़ने से रोका जा सके।

इस अवसर पर बीसीसी कार्डिनेटर कंचन माला ने भी उपस्थित समूह को मलेरिया व व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। स मौके पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता पूनम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला, ऊना शहर की सभी आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। सायंकालीन सत्र में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में सफाई कर्मचारियों व नर्सिंग स्टूडेंट्स को भी मलेरिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री बचाने और हटाने पर केंद्रित अब तक की सियासत

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिले में दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव को लेकर दो प्रमुख दलों ने आमने-सामने का मोर्चा खोल दिया है। दोनों दलों में इस बार मुख्यमंत्री को बचाने और हटाने के मुद्दे पर पूरा चुनाव केंद्रित है। अभी तक भाजपा के प्रत्याशी लगातार मुख्यमंत्री पर निशाना साध रहे थे। उनके मुकाबले में कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषित नहीं हुए थे, लेकिन अब मैदान में पहलवान आमने-सामने आ चुके हैं। दोनों दलों में राज्य सरकार बनाम केंद्र सरकार की उपलब्धियों और नाकामियों पर जंग रहेगी।

विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी अब तक राज्य सरकार को घेर रहे थे। दोनों सीटों

**दोनों दलों में राज्य सरकार बनाम केंद्र सरकार की उपलब्धियों और नाकामियों पर जारी रहेगी जंग**

पर कांग्रेस के बागी विधायकों को टिकट दिया गया था। इन दोनों प्रत्याशियों की ओर से अब तक सीधे तौर पर मुख्यमंत्री को निशाना बनाया जा रहा है। इसके अलावा केंद्र सरकार की उपलब्धियों विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और उनके चेहरे की वकालत की जा रही है।

भाजपा प्रत्याशी सरकार को अस्थिर करने का जो कारण बता रहे हैं, वह आसानी से लोगों को पच नहीं रहा है। हालांकि वे मात्र केंद्र सरकार के सहारे वैतरणी पार लगाने की सोच लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उधर, कांग्रेस के प्रत्याशी भी मैदान में आ चुके हैं। पहले ही दिन गगरेट से कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा के प्रत्याशियों पर राज्य की पूर्ण बहुमत की स्थापित को अस्थिरता के लिए जिम्मेदार बताया है।

उधर, कुटलैहड़ में भी कांग्रेस के प्रत्याशी द्वारा सफल रैली निकालकर भाजपा के प्रत्याशी को एक ही रात में निष्ठाएं बदलने के कारण को स्पष्ट करने को कहा है। ऐसे में अब जुवानी जंग रोचक हो रही है। इन दो विधानसभा क्षेत्रों में दो दिन से जिस तरह से सियासत ने तेज रफ्तार पकड़ी है, उससे जाहिर है कि आने वाले दिनों में इन क्षेत्रों में जोरदार जंग देखी जाएगी।

# कांगड़ा की टीम 99 रन पर ढेर

## हमीरपुर के गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन, ओम महादेव ने लिए 5 विकेट

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ऊना के इंदिरा गांधी ग्राउंड में हमीरपुर और कांगड़ा के बीच रविवार को आरंभ हुआ, जिसमें कांगड़ा की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

कांगड़ा की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 99 रन बनाए। अर्जुन पठानिया 18 रन बनाकर आउट हुए, अर्जुन और आदिल राणा ने 47 रन की साझेदारी निभाई। आदिल राणा ने 23, अभी राव ने 10 रन बनाए, वार्तिक धीमान ने 12 रन बनाए, जबकि बाकी सभी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। हमीरपुर के किशन कुमार ने 4 विकेट प्राप्त किए। ओम महादेव ने 5, जबकि साहिल कुमार ने एक खिलाड़ी को आउट किया। हमीरपुर की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 128 रन बनाए।



आकाश शर्मा ने 28, शौर्य जमवाल और ओम महादेव ने 15 रन बनाए। कांगड़ा के प्रांशुल ने 4, रिदान नंदा ने 5, जबकि संचित सरोच ने एक खिलाड़ी को आउट किया। कांगड़ा की टीम ने दूसरी पारी में 5 विकेट खोकर 97 रन बनाए।

इसमें अर्जुन पठानिया और आस्तिक भारद्वाज ने 21, जबकि संचित सरोच 33 रन बनाकर खेल रहे हैं। हमीरपुर के ओम महादेव ने दो, साहिल कुमार और अक्षत शर्मा ने एक खिलाड़ी को आउट किया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

### अंडर-19 क्रिकेट लीग मुकाबले में बिलासपुर मजबूत

**ऊना।** जिला स्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता का मुकाबला जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुवेला में कांगड़ा और बिलासपुर के बीच में आरंभ हुआ, जिसमें बिलासपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 10 विकेट खोकर 205 रन बनाए। अपराजित शर्मा ने 98, आदित्य कटारिया ने 61 और अखिलेश गौतम ने 11 रन बनाए, जबकि कोई अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका। कांगड़ा के गेंदबाज सादिक ने 4, अगम केहलो ने 5 और देवांश ने एक खिलाड़ी को आउट किया। कांगड़ा की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट खोकर 50 रन बना लिए हैं। अग्रिम 28 रन बनाकर खेल रहे हैं, सक्षम दत्ता ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। सक्षम शर्मा ने एक खिलाड़ी को आउट किया।

# जमासनी माता मंदिर में श्रद्धालुओं को वितरित किया हलवे का प्रसाद



जमासनी माता में हलवा प्रसाद तैयार करते युवा।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के तहत जमासनी माता मंदिर धुंदला में रविवार को स्थानीय युवाओं द्वारा हलवा प्रसाद बांटा गया।

आपको बता दें कि युवाओं द्वारा हर वर्ष मंदिर में प्रसाद बांटा जाता है। युवाओं ने राह चलते राहगीरों को प्रसाद बांटा। इस मौके पर स्थानीय युवाओं में मनोज, बिंटू, सुनील, चेतन, अवतार, संदीप, शिवू, अभी, हैप्पी खुल्लर, संतराम, बबलू, रणजीत सिंह, राम मूर्ति, जितेंद्र, अभिषेक, सहित अन्य युवाओं ने इस पुनीत कार्य में सहयोग दिया।

## 4.24 ग्राम चिट्टे सहित एक काबू

**ऊना।** जिला पुलिस ने 4.24 ग्राम चिट्टे सहित एक युवक को काबू किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम पुलिस थाना सदर ऊना के पुलिस मुलाजिमों ने यातायात चैकिंग के लिए गांव भडोलियां खुर्द में नाकाबंदी कर रखी थी, तो गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति की तलाशी लेने पर उससे चिट्टा बरामद किया गया।

आरोपित युवक को तुरंत प्रभाव से हिरासत में ले लिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी राकेश सिंह ने बताया कि आरोपित युवक संदीप कुमार उर्फ लक्की निवासी जलग्रां टब्बा के विरुद्ध मादक द्रव्य अधिनियम के तहत थाना सदर ऊना में मामला दर्ज कर आगामी जांच अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के सौदागरों की सूचना पुलिस को दें और आपका नाम गुप्त रखा जाएगा।

# रिश्वत लेते पकड़ा एएसआई सस्पेंड 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले में रिश्वत लेने के मामले में विजिलेंस द्वारा रंगे हाथों गिरफ्तार एएसआई निर्मल कुमार को पुलिस विभाग ने सस्पेंड कर दिया है। वहीं, दूसरी ओर कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

रिश्वत कांड में गिरफ्तार एएसआई निर्मल कुमार की पुलिस हिरासत की अवधि को देखते हुए पुलिस विभाग ने उनको निलंबित कर दिया है। आरोपी की ओर से जमानत के लिए कोर्ट में अपील भी दायर की गई है। बताया जा रहा है की सोमवार को अदालत में इस अपील की सुनवाई होगी। रिश्वत मामले में संलिप्त पाए जाने की सूरत में एएसआई को निलंबित करने की पुष्टि ऊना के पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कर दी है। विजिलेंस की टीम ने एक शिकायत के बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई थी। आरोपी एएसआई निर्मल कुमार पटियाल ने किसी मामले को लेकर रिश्वत की मांग की थी। इसके चलते सुनियोजित तरीके से विजिलेंस की टीम ने एएसआई को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा था। बता दें कि एएसआई पटियाल पुलिस थाना हरोली में कार्यरत था। आरोपी को पुलिस हिरासत के बाद 14 दिन के लिए जेल भेजा गया है।

विजिलेंस ने एएसआई को तीन हजार रुपए नकद लेते हुए गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई शिकायतकर्ता अंकिश कुमार उर्फ मोनू निवासी भदसाली तहसील हरोली जिला ऊना की शिकायत पर अमल में लाई गई थी। डीएसपी विजिलेंस ऊना कुलविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है। उनकी टीम ने शिकायतकर्ता से तीन हजार रुपए नकद लिए थे।

## जेसीबी से डीजल चोरी करते 2 पकड़े

**ऊना।** उपमंडल हरोली के अंतर्गत आते क्रशर पर खड़ी जेसीबी मशीन से डीजल चोरी करते हुए दो लोगों को पकड़ा है। जसपाल सिंह निवासी गुरुनानक एवन्यू कॉलोनी अमृतसर ने अपनी शिकायत में दर्ज करवाया कि वह जननी खड्ड में लगे क्रशर पर काम करता है। बीती रात पवन कुमार निवासी बालीवाल व कारण सिंह निवासी सलोह को जेसीबी मशीन से डीजल निकालते हुए पकड़ा है। पुलिस ने हाईपीसी थाना हरोली में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## मारपीट का आरोप

**ऊना।** राजपाल पुत्र स्व. रोशन लाल, निवासी मदनपुर डा. वसोली ने अपनी शिकायत में दर्ज करवाया कि जमीनी विवाद के कारण बीती रात इसके भाई देस राज व अन्य ने इसके साथ गाली गलोच व मारपीट की है ढ्ढ पुलिस ने शिकायत पर थाना सदर ऊना में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# विवेक शर्मा ने किया शक्ति प्रदर्शन, लोगों में उत्साह

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू का स्वागत समारोह कुटलैहड़ की कोटला कलां में किया गया, जहां पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विवेक शर्मा के ऊपर भरोसा जताते हुए उत्साह दिखाया। उनका विधानसभा के समूर, खुरवाई, थाना कलां, बंगाना, सराय, धुंधला, नमामि, मलांगड़, तनोह, ओर लठियानी में जोरदार स्वागत हुआ। इस मौके पर लठियानी में एक जनसभा का आयोजन किया गया, जहां पर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी भवानी सिंह पठानिया और सह प्रभारी नीरज नायर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। वहीं, लोकसभा के संभावित प्रत्याशी सतपाल रायजादा भी मौजूद रहे।

इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के तमाम पदाधिकारियों ने उत्साह दिखाया और पार्टी हाई



विवेक शर्मा विक्कू का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता व अन्य लोग।

कमान का टिकट को सही आवंटन के लिए धन्यवाद किया। वहीं, कुटलैहड़ ब्लॉक अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी बागी विधायक देवेंद्र भुट्टो के ऊपर जोरदार हमला बोला।

आम आदमी पार्टी से पिछली बार चुनाव लड़े अनिल मनकोटिया ने भी अपना समर्थन विवेक शर्मा को दिया और आज अपने समर्थकों को सहित जनसभा में पहुंचे उन्होंने संबोधित करते हुए जनसभा को कहा कि पिछली बार जो पार्टी ने प्रत्याशी बनाया था वह जनता जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा उनकी कार्यशाली और उनका तौर तरीका जनता को रास नहीं आया, इसलिए वह चंद महीनों में जनता का विश्वास खोकर भ्रष्ट बुद्धि के साथ भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने यह भी कहा कि जनता उन्हें करारी हार देकर सबक सिखाएगी। ऊपर वाले के घर देर है अंधेर नहीं वहीं, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह ने भी बागी विधायक देवेंद्र भुट्टो और सभी बागियों को उपचुनाव के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने ये भी कहा कि जनता ने जिसको समर्थन दिया वो धोखा दे गया।

कांग्रेस प्रत्याशी के लिए प्रभारी और से प्रभारी ने भी लोगों से भरी बहुमत की बात कही और आने वाली 1 जून को बागियों को सबक सिखाने की अपील की। सभी ने एक स्वर में विवेक शर्मा विक्कू के समर्थन देने का ऐलान किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव देसराज मोदगिल के अरुण पटेल जिला परिषद सत्या देवी, महेंद्र प्रधान रमन उप प्रधान सुषमा देवी प्रधान विवेक मिंका, संजय ठाकुर, अनिल मनकोटिया,अरुण पटियाल, उर्मिला शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जनसभा में अपना समर्थन विवेक शर्मा विक्कू को दिया।

**जागरूकता** झंबर की 107 वर्षीय निक्की देवी का लोगों से वोट डालने का आग्रह

# शतायु वोटरों में भी मतदान को लेकर जज्बा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

स्वीप अर्थात सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता भारत निर्वाचन आयोग कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के और अधिकतम मतदाता भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विशेष रूप से पहली बार मतदाताओं, महिलाओं, दिव्यांगों और शतायु लोगों को चुनावी प्रक्रिया में शिक्षित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश अनुसार कुटलैहड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, में डॉक्यूमेंट्री के लिए वीडियोग्राफी की गई।

शतायु लोगों में कुटलैहड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के झंबर से 107 वर्षीय निक्की देवी ने कहा कि मैं 107 उम्र में भी अपना मत का प्रयोग कर रही हूं



कुटलैहड़ में शतायु उम्र में बुजुर्ग मतदान के लिए प्रेरित करते हुए, साथ हैं परिजन।

और सभी को अपने मत का सही प्रयोग करना चाहिए। कोटलाखुर्द से 104 वर्षीय राम प्यारी जी ने बताया कि जब वह पहली बार वोट करने गए तो वह अपने घर से 5 किलोमीटर डगोली में पैदल जाकर मत डाला था। आज लोग पास के बूथ में जाकर वोट नहीं करते इसलिए सभी को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए।

इसी प्रकार कोटलाखुर्द से 104 वर्षीय धनती देवी जी ने बताया कि मैं इस उम्र में भी वोट कर रही हूं इसलिए सभी को अपना वोट करनना चाहिए। इस अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि चुनाव में अधिकतर लोग अपना मत का पहली बार प्रयोग करेंगे।

इसके लिए हर स्तर पर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। स्वीप भारत निर्वाचन आयोग का कार्यक्रम है, जो देश के नागरिकों, निर्वाचकों और मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में जागरूक करता है। लोकतंत्र में मताधिकार किसी भी व्यक्ति की सबसे बड़ी ताकत होती है। इस अवसर पर बीएलओ, वार्ड पंच एनएसएस कैप्टन विशाल सोनी और मनीष आदि मौजूद रहे।

## देवरानी-जेठानी को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**ऊना।** उपमंडल अंब के अंतर्गत ते गांव दियाड़ा में लिंक रोड पर गेहूं काटने जा रही देवरानी-जेठानी को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। शिकायत में ललिता देवी पत्नी स्व. अशोक कुमार निवासी गांव दियाड़ा ने बताया कि बीती रात करीब 8.30 बजे जब यह अपनी देवरानी के साथ गेहूं काटने जा रही थी तो यह घटना घटी। वहीं, देवरानी को भी टक्कर लगी। पुलिस ने थाना अंब में मामला दर्ज कर लिया है।

## सिक्कों से भरे 82 बोरे बरामद

**ऊना।** जिले के संतोषगढ़ में चुनाव आयोग के फ्लाइंग दस्ते ने सिक्कों से भरे 82 बोरे बरामद किए हैं। यह एक पंजाब नंबर की पिकअप वैन से पकड़े गए हैं। बताया जा रहा है कि यह सिक्के एक धार्मिक स्थल से लाए गए थे, जिनको लुधियाना में नकदी में बदला जाना था। ये सिक्के लगभग आठ लाख रुपए बताई जा रही है।

# कुटलैहड़ में दूसरे दिन 404 मतदान अधिकारियों को किया प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

लोकसभा चुनाव-2024 और कुटलैहड़ विधानसभा-45 के लिए होने वाले उपचुनाव में मतदान केंद्रों पर नियुक्त किए जाने वाले मतदान अधिकारियों का पूर्वाभ्यास रविवार को दूसरे दिन अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में करवाया गया।

पहले दौर के दूसरे दिन पूर्वाभ्यास में रविवार को 404 मतदान अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बंगाणा के उपमंडल अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सोनू गोयल और मास्टर ट्रेनर अधिकारियों ने मतदान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया व कर्मचारियों को ईवीएम-वीवीपैट के बारे में विस्तारपूर्ण जानकारी देकर प्रशिक्षित किया। इसके अतिरिक्त कुटलैहड़ विधानसभा-45 में नियुक्त सभी सेक्टर



मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षित करते हुए निर्वाचन महकमे के कर्मचारी।

ऑफिसर को भी ईवीएम-वीवीपैट के बारे में जानकारी प्रदान की गई द्य मास्टर ट्रेनर अधिकारियों ने प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधन की सराहना की।

प्रशिक्षण के साथ-साथ उन्हें चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र फार्म-12क और पोस्टल बैलेट फार्म-12 भी मौके पर ही उपलब्ध करवाए गए, ताकि वे लोकसभा चुनाव व कुटलैहड़ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में स्वयं भी मतदान कर सकें।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, नायब तहसीलदार अभिराय सिंह शर्मा, लिपिक जीवन शर्मा और अन्य विभागों से आए अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## संपादकीय

# शांत वादियां अशांत

अपराधियों के बढ़ते हौसलों से हिमाचल की शांत वादियां अशांत हो चली हैं। वीरभूमि के नाम से विख्यात पालमपुर क्षेत्र में अपराध के मामले दिन–ब–दिन बढ़ते जाना गंभीर चिंता का विषय है। आजकल यहां दराट कांड सुर्खियां बटोर रहे हैं। पहले बस स्टैंड पर प्रेम प्रसंग परवान न चढ़ने पर सिरफिरे ने दिनदहाड़े एक कॉलेज छात्रा पर दराट से बारह वार करके उसे लहूलुहान कर दिया। लड़की अब भी पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन है और जिंदगी के लिए जूझ रही है। इसके बाद जमीनी विवाद की वजह से एक और दराट कांड ने इलाके में माहौल भयपूर्ण बना दिया। सवाल यह है कि इस इलाके में ही अपराध का जुनून आखिर इतना क्यों बढ़ गया? इसकी वजह यह हो सकती है कि यहां या तो प्रशासन ने ढिलाई दे रखी है या फिर पुलिस का खौफ वारदातों को अंजाम देने वालों में खत्म हो गया है। वजह चाहे जो भी हो, लेकिन जनता को सुव्यवस्थित और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है। जवाब स्पष्ट है कि पुलिस प्रशासन की। पुलिस को अपनी कार्यप्रणाली और ज्यादा सुधारने की जरूरत है। साथ ही उसे खासकर इस इलाके में दिन–रात गश्त लगानी होगी। बेशक आजकल चुनावी माहौल चला है और पुलिसकर्मियों की ड्यूटी दूसरे राज्यों में लगी हो, लेकिन इसी तरह से चलता रहा तो जब तक पुलिसकर्मी प्रदेश में लौटकर आएंगे तब तक तो यहां की हालत और भी बदतर हो जाएगी साथ ही अपराधियों पर लगाम लगाना पुलिस के लिए और भी चुनौतीपूर्ण हो जाएगा।

पुलिस प्रशासन को इस दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए। बेशक उसे दूसरे जिलों से अतिरिक्त स्टाफ मंगवाना पड़े तो मंगवा लेना चाहिए। यह तो गनीमत रही कि दोनों दराट कांडों में किसी की जान नहीं गई, वरना पिछला रिकॉर्ड देखें तो यहां कई बेकसूर लोगों को अपनी जान से हाथ भी गंवाना पड़ा है। 28 अप्रैल, 2022 को कांगड़ा में दो सगे भाइयों का तेजधार हथियार से मर्डर कर दिया गया था। पिछले साल 22 जनवरी 2023 को कांगड़ा के नटेहड़ में बहस के बाद युवक की हत्या तथा इसके बाद 13 मार्च को कांगड़ा की कुठमां पंचायत में युवक की हत्या कर शव गांव के बाहर फेंक दिया था। 2 नवंबर को नगरोटा बगवां की जसौर पंचायत में भाई और भाभी की गोली मारकर हत्या तथा 16 नवंबर को भरमौर में कांगड़ा के युवक की हत्या कर दी गई। इस साल 22 मार्च को पंजाब के फगवाड़ा के युवक की मैक्लोडगंज के भागसूनाग में दुकान में कहासुनी के बाद मर्डर, 17 अप्रैल को संसासरपुर टैरेस में वार्ड पंच की हत्या और 18 अप्रैल को पालमपुर के गदियाड़ा में घर लौट रही महिला की हत्या इस बात की गवाही देती है कि अपराध के मामले में न केवल पालमपुर, बल्कि पूरे कांगड़ा जिले में ही पिछले तीन सालों में हालत बहुत खराब हो गई है। कई मामलों की अभी तक गुत्थी नहीं सुलझ पाई है और अपराधी खुलेआम निडर होकर घूम रहे हैं।

अंधेरा होने पर खासकर महिलाओं का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। लोगों को कई बार जरूरी काम या इमरजेंसी में भी रात को घर से बाहर निकलना पड़ता है, लेकिन ऐसे हालात में उनमें भय बना रहता है। पुलिस प्रशासन को लोगों का विश्वास जीतने के लिए कुछ कड़े पग उठाने होंगे। अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेलकर उन्हें सख्त सजा दिलानी होगी तभी आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों में अपराध न करने की जिद्द खत्म हो पाएगी। अपराध की सबसे बड़ी वजह गुस्सा होता है। व्यक्ति को अपने गुस्से पर सदैव नियंत्रण रखना पड़ता है, वरना जोश में आकर वह कई ऐसे गलत कदम उठा लेता है, जिससे उसे जिंदगीभर के लिए पछताना पड़ता है। अपराध के प्रभाव गंभीर होते हैं। इस प्रवृत्ति से बचे रहना चाहिए। समाज में अच्छा माहौल बना रहना चाहिए और सभी खुशी–खुशी अपना जीवन बिताएं इसके लिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने सुख की खातिर दूसरों को परेशानी में न डाले। ■

# चुनाव लोकतांत्रिक प्रणाली में शासन-व्यवस्था का आधार



**प्रो. मनोज डोगरा**
स्वतंत्र पत्रकार

भारत में लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व शुरू हो गया है। यह महापर्व कई चरणों से होकर गुजरेगा, जिसमें मतदाता सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चुनाव लोकतंत्र के उस विचार को सामने रखता है, जिसका उल्लेख संविधान की प्रस्तावना में किया गया है कि शक्ति हम लोगों के पास है। लोगों ने खुद को एक लोकतांत्रिक गणराज्य दिया जो न केवल उनके अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि न्याय और निष्पक्षता के ऐसे सिद्धांत हमेशा व्यवहार में हों और यह भारत के संविधान के रूप में जाने वाले चार्टर द्वारा सुनिश्चित किया गया हो। चुनाव किसी भी लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में शासन व्यवस्था का आधार व प्राण होते हैं। प्रत्येक चुनावों में निश्चित उम्र पूरी कर चुके अनेकों नव मतदाता इस चुनावी पर्व की बेला में शामिल होते हैं।

18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव सात चरणों और 44 दिनों में होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। इतने बड़े चुनाव में सफल मतदान व निष्पक्ष चुनाव करवाना चुनाव आयोग के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। आजादी के बाद से देश में मतदाताओं की संख्या छह गुना बढ़ चुकी है। साल 1951 में देश में कुल मतदाता 17.32 करोड़ थे, जो अब बढ़कर 96 करोड से ज्यादा हो गए हैं। हालांकि चुनाव आयोग के लिए चिंता की बात यह है कि बीते लोकसभा चुनाव में करीब एक तिहाई यानि लगभग 30 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल ही नहीं किया था। ऐसे में मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने के लिए चुनाव आयोग को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

चुनाव आयोग कहीं फिल्म जगत के तो कहीं खेल जगत के धुरंधरों को ब्रांड एंबेसडर बनाकर व अन्य माध्यमों से नए मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित कर रहा है। चुनाव आसोग यह इसलिए कर रहा है क्योंकि चुनावों में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है, जहां इतने अधिक चरणों में मतदान व मतदाताओं की विशाल संख्या चुनाव को देश का सबसे बड़ा पर्व बना देती है। यह पर्व सही मायने में तभी सफल होगा, जब अधिक से अधिक मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर सरकार का चुनाव करके इस पर्व की महाबेला में अपनी आहुति मत के रूप में दें। युवा वोट डालते हैं तो मन में भावना आती है कि वेभी इस देश के लोकतंत्र में अहम योगदान अदा कर रहे हैं। इन दिनों एक बात और महत्वपूर्ण है। आप किसी भी पार्टी का पक्ष लेने से पहले उसका घोषणा पत्र जरूर पढ़ें।

लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। खासकर स्कूल की पढ़ाई पूरी कर कॉलेज पहुंचने वाले विद्यार्थी स्वयं जागरूक बनकर अनिवार्य रूप से मतदान करें और अपने आसपास दूसरों को भी प्रेरित का जागरूक मतदाता बनने योगदान दें। लोकतंत्र में मतदान का महत्व समझना और दूसरों को समझाना एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसे देश का प्रत्येक नागरिक समझ ले तो समाज को मजबूत आधार मिल सकेगा। खासतौर पर 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए स्वयं ही आगे आना चाहिए।

मतदान के दिन अवकाश कोई घूमने के लिए नहीं, बल्कि देश के महापर्व व लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए होता है। इस बात को युवाओं को समझना होगा, तभी देश में सबसे अधिक युवा मतदाता होने की सार्थकता सिद्ध हो सकती है। देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही जहां राजनीतिक पार्टियां सक्रिय हैं, वहीं मतदाताओं की नब्ज को टटोलने का काम भी शुरू कर दिया है। इन चुनावों में मतदाताओं के लिए जागरूक होना जरूरी है, ताकि देश के इस उत्सव में सही नेता का चुनाव कर सकें अगर मतदाता जागरूक नहीं होंगे तो कभी अपने नेता का सही चुनाव नहीं कर पाएंगे, इसलिए उन्हें चुनावों में सही नेता का चुनाव करने के लिए मतदान करना चाहिए, तभी स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना हो सकती है और नेताओं को भी चाहिए कि चुनावों के दृष्टिगत ही मतदाताओं को अपना भगवान न मानें, बल्कि चुने जाने के पश्चात 5 वर्षों तक उनको भगवान मानें। तभी एक स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना हो सकती है।

इसलिए मतदाताओं को भी चाहिए कि वे किसी भी प्रकार के लालच में न आकर अपने कीमती वोट को न बेचें, बल्कि निर्भीक व निडर होकर अपना मतदान करें। भारत में चुनाव को अक्सर शासन के प्रति लोकतांत्रिक दृष्टिकोण के साथ–साथ संवैधानिक रूप से संचालित समाज के महत्वपूर्ण उत्सव के रूप में देखा जाता है। शासन की शक्ति लोगों के पास बनी रहे और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा इसे सुनिश्चित करने के साधनों में से एक है। चुनाव कानूनों में आजादी के बाद से काफी महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, लेकिन निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के महत्व को कम नहीं किया जा सकता है। राष्ट्र निर्माण में युवा ही संपत्ति हैं, इसका अहसास 1988 में किया गया था, जब 61वें संशोधन विधेयक ने मतदाताओं की पात्रता आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया था। इस बदलाव से युवाओं को अपने देश की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करने की उम्मीद थी। हालांकि यह काफी हद तक असफल रहा, क्योंकि 20वीं शताब्दी में हुए अधिकांश चुनावें में युवाओं की भागीदारी कम ही रही।

युवा वोट को प्रोत्साहित करने का सबसे स्पष्ट तरीका शिक्षा और जागरूकता फैलाना है। लोकतंत्र में हर वोट मायने रखता है और युवाओं के लिए यह जरूरी है कि वे अपने वोट की कीमत जानें। युवाओं को अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा, लोकतंत्र का जश्न मनाने और उनकी चिंताओं को सुनने के लिए मतदान करना चाहिए। युवाओं में आम समस्याओं को हल करने के लिए उन्हें मतदान में देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना आवश्यक है।

लोकतांत्रिक देशों में लोग राजनीतिक शक्ति का स्रोत होते है। राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेने की उम्मीद से ही देश चल रहा है। आजकल सरकार फेसबुक और अन्य सेवाओं का भी उपयोग कर रही है क्योंकि आजकल अधिकतर युवा ऑनलाइन जुड़े हैं। युवा मतदाता चाहे पंजीकृत हों या नहीं उन्हें सूचना जरूर जाएगी और वे वोट देने के लिए प्रेरित होंगे। सरकारें–प्रशासन तो अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन युवा मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# बढ़ रहे तापमान के पड़ेंगे असहनीय प्रभाव



**दिनेश दमाथीआ**
स्वतंत्र लेखक

मौसम विज्ञान विभाग के एक अध्ययन के अनुसार पिछले कुछ दशकों में भारत में हीटवेव के दिनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह एक संकेत है कि ग्लोबल वार्मिंग से हमारे आसपास का वातावरण प्रभावित होने लगा है और तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि भूमि के उपयोग में परिवर्तन, कंक्रीट के बढ़ते जंगल और स्थानीय मौसम की स्थिति जैसे कारकों के अलावा, जलवायु परिवर्तन देश में अत्यधिक गर्मी की घटनाओं के बढ़ने का एक प्राथमिक कारण है। घर के बाहर काम करने वाले श्रमिकों को गर्मी की वजह से काम का समय बदलने को मजबूर होना पड़ता है। देश के कई हिस्सों में गर्मी का कहर अब असहनीय हो चला है। कई क्षेत्रों में तो गर्मी को लेकर कार्य योजना तेजी से लागू की जा रही है।

एक महीने पहले मौसम ब्यूरो ने आधिकारिक तौर पर इसे सबसे गर्म समय की संज्ञा दी थी। इस तरह की गर्मी अब सामान्य होती जा रही है। मौसम विभाग ने महीने में कम बारिश को इस बढ़ी गर्मी के लिए जिम्मेदार ठहराया। पूरे देश में इस दौरान वर्षा में 72 प्रतिशत कमी दर्ज की गई, जो देश के उत्तर–पश्चिमी भागों में 89 प्रतिशत तक रही। पिछले कुछ दशकों में पूरे भारत में तापमान बढ़ रहा है। इस बात की पुष्टि, अप्रैल से जून के बीच देश में अनुभव किए जाने वाले हीटवेव दिनों की बढ़ती संख्या को देखकर होती है। मौसम विभाग द्वारा जारी एक अध्ययन से पता चला है कि हर 10 साल में भारत में हीटवेव दिनों की संख्या बढ़ रही है। अध्ययन से पता चला है कि 1981–90 में 413 से 2001–10 में 575 और 2011–20 में 600 दिनों में अत्यधिक गर्म दिन की संख्या लगातार बढ़ी है।

अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री अधिक होने पर भारत का मौसम विभाग हीटवेव घोषित करता है। जब यह सामान्य या अधिकतम तापमान से 6.5 डिग्री ऊपर होता है तो इस हीटवेव को गंभीर माना जाता है। अत्यधिक गर्मी का गरीबों और हाशिए पर रहने वालों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे लोगों की एक बड़ी संख्या भारत में है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## घर टुट्दे...



चंचल सरोलवी
सरोल, चंबा

घर टुट्दे चुग्गली लाई करि।
सर फुट्टदे लड़ाई वधाई करि।।
कम्म गोचदे, अक्कड़ खाई करि।
कम्म बणदे, लिहिम्मगियाई करि।।
घर रूलदे, अपसी पलचाई करि।
घर चलदे, ठीक सल्लाही करि।।
पियार बदधदा, बैर भुलाई करि।
महणु पच्छतांदा, धोखा खाई करि।।
जड़ा सम्मभलदा, ठोकर खाई करि।
ओ कम्मांदा, मन चित लाई करि।।
फसल उग्गदी, छैल राई बणाई करि।
किस्मत जग्गदी, खुब कमाई करि।।
दुख चुक्कदा, भुंज्जीं भुंजाई करि।
रोह चुक्कदा, रोह–मोह लाई करि।।

# श्रीराम हर काल में जीवन को दिशा दिखाने वाले प्रेरणा पुंज



**ऋचा सिंह**
स्वतंत्र लेखिका

श्रीराम को सनातन धर्म में विष्णु का अवतार माना गया है। लोग उनको भगवान और आराध्य मान कर पूजा–अर्चना करते हैं। लेकिन जब हम राम के संपूर्ण जीवन का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि राम केवल पूजनीय ही नहीं हैं, वे अनुकरणीय हैं, हर काल में जीवन को दिशा प्रदान करने वाले प्रेरणा पुंज हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि राम ने स्वयं को एक राजा और भगवान के अवतार के रूप में नहीं, अपितु जननायक के रूप में स्थापित किया। हम उनके संपूर्ण जीवन में देखते हैं कि कैसे उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी मर्यादा के नूतन आयाम स्थापित किए।

राजकुल में जन्म लेने के बाद भी राम ने अपना जीवन राजसी वैभव में नहीं बिताया। उनका बाल्यकाल आश्रम में व्यतीत हुआ, गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं, अपितु सामान्य बालकों की भांति अपने और आश्रम के सारे कार्य करते थे। जब वह युवा हुए और राज्याभिषेक का समय आया तो उन्हें पिता के वचन के लिए वनगमन करना पड़ा। राम का जीवन मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में प्रेरणा देता आया है, जिसके कारण वह लोक चेतना और परंपरा में सदैव जीवंत रहते हैं। जो लोक में व्याप्त है, वह कालजयी है, वही सर्वमान्य है, वही अनुकरणीय है, वही वंदनीय है। लोक परंपरा में भी हम पाते हैं कि जन्मोत्सव, विवाह, हवन, कीर्तन, मांगलिक आयोजन आदि में महिलाएं जो मंगल गीत गाती हैं, उसमें भी राम का नाम और उनका संबंध मूल्य ही समाहित है। ऐसे मर्यादा पुरुषोत्तम राम लोक के मन में हैं, जो जन–जन के हृदय में बसते हैं।

राम केवल जन–जन की भावना नहीं या सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका है। फिर चाहे वह संबंध मूल्यों को निभाना हो, धर्म के मार्ग पर चलना हो या फिर अपने दिए हुए वचन को पूर्ण करने के साथ कर्तव्य का निर्वहन हो। राम सिर्फ कहने में ही मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं हैं, बल्कि हर मायने में वह एक उत्तम और आदर्श पुरुष हैं। वे जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रकाश हैं। राम के जीवन आदर्शों को अनुकूल स्थिति में अपने आचरण में लाना जीवन को सरल और सहज बनाता है। राम का जीवन आदर्श, नैतिकता और व्यवहार का उच्चतम मापदंड है, जो हर स्थिति में प्रासंगिक है। गुरु–शिष्य, राजा–प्रजा, स्वामी–सेवक, पिता–पुत्र ,पति –पत्नी, भाई–भाई, मित्र–मित्र के आदर्शों के साथ धर्म नीति, राजनीतिक, अर्थनीति के साथ सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, शौर्य, परोपकार, दान आदि मूल्यों का सुंदर समन्वित आदर्श रूप राम के संपूर्ण जीवन में समय–समय पर देखने को मिलता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# बालश्रम की भट्ठी में झुलसता देश का भविष्य



**नरेंद्र भारती**
स्वतंत्र पत्रकार

बालश्रम की समस्या हमारे देश में बेहद गंभीर स्थिति में पहुंच चुकी है। देश में बाल मजदूरों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। जिन बच्चों के हाथों में किताब, कापी, पेंसिल होनी चाहिए वे हाथ जोखिम उठा रहे हैं मजदूरी कर रहे हैं, गैंती–बेलचा चला रहे हैं। नन्हे हाथों में छाले आ जाते हैं, जब ये मजदूरी करते हैं। समझ नहीं आता कि जिनके अभी खेलने–कूदने के दिन हैं, वे ऐसे काम करते हैं कि रुह कांप उठती है। देश में बाल मजदूरी के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। प्रतिदिन कहीं न कहीं बाल मजदूरों को रिहा करवाया जाता है। चाय की दुकानों, ढाबों, होटलों, उद्योगों और घरों में भी 18–18 घंटे काम लिए जाने की घटनाएं तो आम हैं ही, इन्हें इसके बदले दिया जाने वाला मेहनतनामा भी कम होता है।

अगर इस पर सख्त कानून बनाया जाए तो बाल मजदूरी पर रोक लग सकती है। देश का भविष्य कहलाने वाले इन नौनिहालों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है, यह किसी भी सभ्य समाज और कानून में मान्य नहीं होना चाहिए। बेशक देश आजाद हो चुका है, मगर देश का आधार माने जाने वाले बच्चे आज भी बाल मजदूरी की जजीरों से आजाद नहीं हो पाए हैं, बाल मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। बालश्रम की भट्ठी में बचपन झुलस रहा है, मगर जनता के मसीहा बेखबर हैं। प्रत्येक वर्ष 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है। मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। हर रोज ऐसे मामले समाचारों की सुखियां बनती हैं। ऐसे मामलों को पर कुछ दिन कार्रवाई होती है उसके बाद वही परिपाटी चलती रहती है। बाल मजदूर पिसते रहते हैं।

जनमानस को बाल मजदूरी के ऐसे मामलों की शिकायत प्रशासन से करनी चाहिए, ताकि उनका शोषण रोका जा सके। अगर प्रशासन सतर्कता से इन पर संज्ञान ले तब इस पर रोक लग सकती है। उन लोगों को हवालातों में डाला जाए, जो बच्चों का शोषण कर रहे हैं। प्रशासन को छापेमारी करके इन बच्चों को छुड़ाना चाहिए। आखिर कब तक बालश्रम कानून की धज्यियां उड़ती रहेंगी। बाल मजदूरी एक कड़वी सच्चाई है, इससे सरकारों को अनदेखा नहीं करना चाहिए, अपितु सख्त कानून बनाकर इसका खात्मा करना चाहिए। शिकायत मिलने पर श्रम विभाग द्वारा कभी–कभार छापामारी की जाती है मगर फिर वही सिलसिला चलता रहता है। सरकारें मूकदर्शक बनी हुई हैं, यदि सरकारों को जरा भी चिंता होती तो इस प्रथा पर जरूर रोक लगाती। यह समस्या विश्वव्यापी है। आज पटाखा फैक्टरियों, चूड़ियों के उद्योगों में, गलीचा बनाने वाले उद्योगों में बाल मजदूरों की संख्या ज्यादा है। भारतीय संविधान की अनुच्छेद 24 के अंतर्गत बालश्रम अवैध घोषित है, मगर कानून कागजों की शोभा बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में उद्योगों में अधिकतर काम बाल श्रमिकों के कधों पर है। बालश्रम का यह अवैध धंधा बड़े पैमाने पर पनपता जा रहा है। इनके मालिक इनको भर पेट खाना तक नहीं खिलाते है, जिस कारण कई बाल मजदूर बीमार हो जाते हैं और असमय काल का ग्रास बन जाते हैं इनके मालिकों द्वारा इनके स्वास्थ्य की जांच तो दूर की बात है।

समाज को इस पर मंथन करना होगा। अगर समय रहते इस पर रोक न लगाई तो भविष्य में हालात बेकाबू हो सकते हैं। बाल मजदूरी गरीबी की वजह से पैदा होती हैं। परिवार पालने के लिए ये दिन–रात काम करते हैं। इन बाल मजदूरों को आराम तक का समय भी नहीं मिलता है। यह देश के लिए बहुत ही शर्मनाक है। बालश्रम के उन्मूलन के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिए। आज बाल मजदूरों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि होती जा रही हैं, मगर सरकारें इस पर रोक लगाने में अक्षम नजर आ रही हैं। प्रतिदिन हजारों बाल मजदूरों को सामाजिक संस्थाओं के प्रयासों से मुक्त करवाया जाता है, मगर ऐसे भी मामले हैं, जो प्रकाश में नहीं आ रहे हैं और बाल मजदूर नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। प्रशासन को चाहिए बिना समय गंवाए इस पर त्वरित एक्शन लेना चाहिए।

आज नाबालिग बच्चों को जबरदस्ती बाल मजदूरी की तरफ झोंका जाता है। बाल मजदूरों की सुरक्षा के लिए काफी कानून बने हैं, पर वे नाकाफी साबित हो रहे हैं। यदि इन्हें कारगर ढंग से लागू किया जाए तो इस पर कुछ हद तक रोक लग सकती है। आज यह समस्या विश्व व्यापी बनती जा रही हैं। बाल मजदूरी को रोकने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा ताकि इस पर नकेल लग सके और देश का भविष्य बर्बाद होने से बच सके। समाज को एक व्रत लेना होगा तभी इस पर लगाम लग सकती है अन्यथा बाल मजदूर बालश्रम की भट्ठी में झुलसते रहेंगे। बाल मजदूरी की इस प्रथा को जड़ से मिटाने के लिए अभियान चलाना चाहिए, ताकि बाल मजदूरों को मुक्त करवाया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पौंग बांध विस्थापितों को अब सिर्फ सुप्रीम कोर्ट से ही न्याय की आस



**सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

दशकों गुजर जाने के बावजूद बेघर हुए लोगों को न्याय पाने के लिए सड़कों पर उतरना पड़े तो इससे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था की त्रासदी और क्या हो सकती है। वैसे भी देरी से मिलने वाला न्याय, न्याय नहीं रह जाता है। अफसोस की बात तो यह है कि डबल इंजन सरकारें भी पौंग बांध विस्थापितों को उनका हक दिलाने में नाकाम रही हैं। पौंग बांध विस्थापितों को उनके हक मिल सकें, इसके लिए हाई पावर कमेटी सरकारों और सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखती आई है। सरकारें और उच्च न्यायालय तो बेघर हुए लोगों को आज दिन तक न्याय नहीं दिला पाए, अब पौंग बांध विस्थापितों को न्याय की आस तो सिर्फ सर्वोच्च न्यायालय से है। दशकों से विस्थापन का दंश झेल रहे पौंग बांध विस्थापितों को राजस्थान में मिलने वाले मुरब्बों की प्रक्रिया कब पूरी होगी कोई नहीं जानता है। हिमाचल प्रदेश की सरकारों ने राजस्थान सरकार से मिलकर कुछ पौंग बांध विस्थापितों को राजस्थान में मुरब्बे दिलाने की पहल की थी, मगर विस्थापितों ने राजस्थान सरकार के इस फैसले पर ऐतराज जताया कि जमीन एक जगह की बजाए टुकड़ों में उन्हें दी जाएगी। यहां बिजली, पानी और सड़क नाम की सुविधा भी नहीं है। ऐसे में वहां मुरब्बे लेने का क्या औचित्य, जहां पर खेतीबाड़ी भी न की जा सके। पौंग बांध विस्थापितों ने इसके बाद बैठक करके अपने हकों के लिए लड़ने की आगामी रणनीति बनाई है।

बता दें कि कभी कांगड़ा जिला की सबसे उपजाऊ हल्दून घाटी के लोग खेतीबाड़ी करके अपना जीवन यापन करते थे। लेकिन 1926 में पंजाब सरकार की ओर से पौंग बांध बनाने की प्रपोजल तैयार की गई। सन 1955 में जीओलॉजिकल सर्वे विभाग ने पूरे एरिया का अध्ययन किया। सन 1959 में पौंग बांध का डिजाइन बनाया गया और अंतिम रूप सन 1961 को दिया गया। इस परियोजना के पावर स्टेशन सन 1974 को बनकर पूरे हुए। पौंग बांध का निर्माण 1978 में शुरू होकर 1983 में पूरा हुआ।

लेकिन इससे विस्थापित हुए लोगों का पुनर्वास आज दिन तक नहीं हो पाया है। इस घाटी के लोगों को राजस्थान में बसाने को लेकर एक योजना बनाई गई थी। हिमाचल और राजस्थान सरकारों ने समझौते करके निर्णय लिया था कि पौंग बांध विस्थापितों को राजस्थान में मुरब्बे दिए जाएंगे। कई दशकों के लंबे इंतजार के बाद मुरब्बा आवंटन प्रक्रिया शुरू हुई और राजस्थान सरकार श्रीगंगानगर की बजाए पौंग बांध विस्थापितों को जैसलमेर में बसाना चाहती थी। शुरुआती दौर में ही राजस्थान सरकार की नीयत में खोट साफ देखी जा सकती थी, इसलिए ही विस्थापित अभी तक मुरब्बों पर सही काबिज नहीं हो पा रहे हैं।

पौंग बांध विस्थापितों को जैसलमेर के दूर–दराज इलाकों रामगढ़ और मोहनगढ़ में मुरब्बे दिए गए। इन अति पिछड़े इलाकों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। वहां बेघर हुए हिमाचली लोगों को बसाया गया। इस बीच विस्थापितों की स्थायी समिति ने पुनर्वास का स्थान बढ़ाने की पुरजोर मांग की, मगर भूमि चयन का अधिकार केवल मात्र भारत सरकार और दोनों राज्यों की सरकारों का था। इसलिए यह प्रक्रिया सिरे न चढ़ सकी। उस समय राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले में 2,20 लाख एकड़ भूमि पुनर्वास के लिए अधिसूचित हुई। हालांकि दोनों राज्यों की सरकारों के समझौते अनुसार जिन पौंग बांध विस्थापितों को राजस्थान में मुरब्बा नहीं मिलेगा, उन्हें हिमाचल प्रदेश में ही बसाया जाएगा। पौंग बांध निर्माण में उजड़े परिवारों में प्रदेश सरकारें 16,342 परिवारों को ही राजस्थान में भूमि आवंटन के लिए योग्य करार दिया गया था। अभी तक प्रदेश सरकार 10,5824 को राजस्थान में भूमि आवंटन करवाने में सफल हो पाई है। 1,43 लाख एकड़ जमीन का आवंटन होना अभी बाकी है।

पौंग बांध विस्थापित जो वहां पर खुद खेतीबाड़ी कर रहे हैं, वही अपनी जमीनों पर काबिज हैं। कुछ विस्थापितों ने अपने मुरब्बे राजस्थान के लोगों को खेतीबाड़ी करने के लिए सौंप रखे थे। नतीजन ऐसे लोगों के साथ जालसाजी की गई है। श्रीगंगानगर में हिमाचली लोगों की अधिकतर जमीनें राजस्थान के प्रभावशाली ने जबरदस्ती कब्जा कर ली हैं। वहीं, राजस्थान सरकार भी इन कब्जाधारियों पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आज** हर घर के दूसरे युवा के पास बड़ी डिग्रियां हैं, महंगे कोर्स हैं और जो उसके पास नहीं है, वह नौकरी है। बड़ी डिग्रियां, महंगे कोर्स यह सारी मेहनत एक बेहतर नौकरी, बेहतर जिंदगी और बेहतर घर परिवार के सपने के लिए है। इन सपनों की राह में जो सबसे बड़ी नाकामी है, वह है बेरोजगारी। अब इसे सिस्टम की नाकामी कहा जाए, जनसंख्या में वृद्धि या फिर लगातार बढ़ती पढ़े–लिखे युवाओं की जनसंख्या, जिसने अच्छी नौकरी के ख्वाब पाल रखे हैं।

सरकारी नौकरी हर किसी के लिए संभव नहीं है। प्राइवेट सेक्टर में कहीं अच्छी संभावनाएं है, तो कहीं सैलरी और सिक्योर जॉब पर संकट है। आज के समय में निजी बिजनेस भी हर युवा के लिए संभव नहीं है। उसके लिए भी आर्थिकी मदद की दरकार होगी। हालांकि, सरकार ने स्वरोजगार के लिए कई योजनाएं केंद्र से राज्य लेवल तक की चलाई हैं, लेकिन उसके लिए हर युवा तैयार नहीं, क्योंकि कोई नौकरी ही करना चाहता है तो कोई बिजनेस। एक सिक्योर जॉब की तलाश भी बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण हैं, क्योंकि असुरक्षा का डर हमेशा युवाओं के मन में रहता है। ऐसे में सरकार के पास क्या सिस्टम होना चाहिए कि जो युवा प्राइवेट सेक्टर में जॉब कर रहे हैं, वहां वह सिक्योर हो और इस सिस्टम के लिए कानून स्पष्ट हो।

**– सुमित, हमीरपुर।**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई–मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मतदाता जागरूकता के उपलक्ष्य में निकाली साइकिल रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन चंबा द्वारा जिला मुख्यालय में एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसे अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान ने दीप प्रज्वलित के पश्चात हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर राहुल चौहान ने कहा लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी सुनिश्चित बनाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की निरंतरता में ही चंबा चौगान में मिलेनियम गेट से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया ताकि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित व जागरूक किया जा सके।





ऊपर राहुल चौहान दीप प्रज्वलित करते हुए और साइकिलिंग करते युवा व नीचे प्रतिभागियों को सम्मानित करते गणयमान्य।

उन्होंने बताया कि यह साइकिल रैली मिलेनियम गेट चंबा से भरमौर चौक, मुगला, करीयां, रजेरा तथा मैहला होते हुए वापस चौगान स्थित मिलेनियम गेट में पहुंचने पर संपन्न हुई। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि जिला में मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा निर्वाचक भागीदारी जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) आरंभ किया गया है ।

कार्यक्रम के दौरान साइकिल रैली के प्रतिभागियों को एसडीएम चंबा अरुण शर्मा द्वारा प्रतिभागिता प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

# आज घोषित होगा हिमाचल बोर्ड कक्षा 12वीं का रिजल्ट

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सोमवार 29 अप्रैल को जमा दो का तीनों संकायों का रिजल्ट घोषित कर सकता है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड यदि सोमवार को जमा दो का रिजल्ट घोषित कर देता है तो प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सबसे पहले प्लस रिजल्ट घोषित करने वाला देश का पहला बोर्ड बन जाएगा।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सोमवार को जमा दो का तीनों संकायों का रिजल्ट घोषित कर सकता है। उधर, बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि 99.9 फीसदी संभावना है कि सोमवार को जमा दो के तीनों संकायों का रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा।

# वर्षाशालिका न होने से राहगीर परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- अब तक वर्षा शालिका निर्माण की मांग पर नहीं उठाया कोई कदम
- लोगों ने कहा-जल्द निर्माण करवाया जाए

पठानकोट-चंबा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154ए पर वर्षाशालिका के अभाव से राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हैरत की बात यह है कि नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन राहगीरों की सुविधाओं के लिए सिर्फ गिने-चुने प्वाइंट पर ही वर्षाशालिका निर्मित की गई है।

जबकि सुल्तानपुर, बालू, परेल, तड़ोली, उदयपुर सहित अन्य कई बस ठहराव स्थलों पर वर्षाशालिकों का अभाव खल रहा है। जिससे आलम यह है कि वर्षा व कड़ी धूप के दिनों में राहगीरों को खुले आसमान के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है।

कई बार स्थानीय लोगों की वर्षा शालिका निर्माण की मांग के बावजूद भी एनएच चंबा द्वारा इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। जिसे देख स्थानीय लोगों ने विभाग के प्रति काफी रोष व्यापक है।

स्थानीय लोगों में प्रदीप, मोहनलाल, चंदन, प्रेमचंद, सुरेश, कुलदीप, अजय, सोहम, कर्म सिंह, देसराज, राकेश, अमन, पूजा, सावित्री, मीनाक्षी, शारदा देवी, कोकिला, दीपिका, सुषमा, रेखा आदि का कहना है कि बसों में सफर करने वाले यात्रियों में अधिकतर स्कूली बच्चे व महिलाएं होती है।

वर्षा व कड़ी धूप के दिनों में लोगों को खुले आसमान के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। जिन्हें वर्षा शालिका के अभाव में काफी मुश्किल दौर से गुजरना पड़ता है। जिन्हें वर्षा के दिनों में भीगना पड़ता है और गर्मी के दिनों में धूल मिट्टी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग को इस दिशा में निर्देश देकर जल्द से जल्द वर्षा शालिका का निर्माण मुख्य मार्ग पर करवाया जाए।

# धार्मिक सांस्कृतिक की अटूट मिसाल है मां चामुंडा देवी का जातर मेला

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा ऐतिहासिक धार्मिक संस्कृति से विश्व विख्यात है। इसी धार्मिक सांस्कृतिक कड़ी की अटूट मिसाल मां चामुंडा देवी का जातर मेला है। जहां दो देवी बहनों के मिलन के मौके पर चामुंडा माता मंदिर परिसर में आयोजित जातर मेले में रविवार को जनपद के हजारों लोगों ने हाजिरी भरी।

इस दौरान बैरेवाली भगवती के संग आए कारदारों ने मंदिर परिसर में सामूहिक चुराही नाटी भी डाली। लोगों ने जातर मेले को लेकर मंदिर परिसर में सजी अस्थायी दुकानों पर लजीज व्यंजन का स्वाद चखने के अलावा जमकर खरीदारी भी की।

इस दौरान बैरावाली भगवती का चंबा पधारने पर जनपद के लोग अपने घर आने का न्यौता देकर पूजा-अर्चना करते हैं और दो देवी बहनों के मिलन के अंतिम दिन चामुंडा माता मंदिर परिसर में जातर मेले का आयोजन किया जाता है। इससे पहले रविवार दोपहर बाद नगर परिषद अध्यक्ष नीलम नैयर की अगुआई में एक भव्य शोभायात्रा लक्ष्मीनाथ व ब्रजेश्वरी मंदिर से होती हुई चामुंडा माता मंदिर परिसर पहुंची। (अनंत ज्ञान)

नगर परिषद की ओर से बैरावाली भगवती के साथ आए पुजारी व कारदारों को पगड़ी पहनाने की रस्म अदा की। चामुंडा माता मंदिर में दो देवी बहनों के मिलन पर आयोजित जातर मेले के दौरान पूजा-अर्चना के लिए जिले के दूरदराज क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला तड़के ही आरंभ हो गया था, जोकि देर शाम तक जारी रहा।

## संक्रांति को बैरावाली भगवती देवीकोठी को देती हैं मिलने का न्योता

**चंबा** जनपद में दो बहनों के मिलन का खासा महत्व है। सदियों पुरानी इस परंपरा के मुताबिक हर वर्ष बैसाख की संक्रांति को बैरावाली भगवती देवीकोठी से कारदारों सहित चंबा स्थित अपनी बहन चामुंडा से मिलने आती है। 15 दिन तक अपनी बहन चामुंडा के पास वास करती है। इस दौरान श्रद्धालु बैरेवाली भगवती को अपने घर आने का न्यौता देते हैं। अंतिम दिन चामुंडा माता मंदिर में जातर मेले का आयोजन किया जाता है। चामुंडा सेवा समिति के सदस्य देवीकोठी जाकर बैरेवाली भगवती को न्योता देते हैं।

# भरमौर की पहाड़ियों पर बर्फबारी से बढ़ी ठंड

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

- बारिश के कारण किसानों की दिक्कतें बढ़ीं

पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण भरमौर की पहाड़ियों में एक बार फिर से ताजा बर्फबारी शुरू हो गई है। अप्रैल महीने के अंतिम दिनों में पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के कारण क्षेत्र में एकाएक ठंड भी बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार भरमौर की ऊंची पहाड़ियों में 2 इंच से लेकर 6 इंच तक ताजा बर्फबारी हुई है। पिछले दो-तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण यहां पर किसानों की दिक्कतें भी बढ़ गई है। पहाड़ी क्षेत्रों में किसी कर रहे किसानों के लिए फसल बीजना मुश्किल हो गया है।



भरमौर की पहाड़ियों पर हुई ताजा बर्फबारी का दृश्य

जानकारी के अनुसार भरमौर की ऊंची पहाड़ियों में कुगति मणिमहेश क्वांरसी सहित उच्च क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हल्का हिमपात हो रहा है। लगातार हो रही बारिश व बिजली कड़कने के कारण यहां पर हाल में ही निचले क्षेत्र से पलायन करके आ रहे भेड़ पालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक अब तक कई जगह बिजली के कड़कने के कारण आसमानी बिजली गिरने से कई भेड़पालकों की भेड़ बकरीयां आसमानी बिजली की चपेट में आ चुकी है।बहरहाल पिछले दो-तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र में ठंड बढ़ गई है।

## चंबा के कई हिस्सों में हुई बारिश



बारिश के चलते आसमान पर छाए हुए बादल।

**चंबा ।** जिलाभर में बारिश से शहर व आसपास क्षेत्रों का तापमान गिरा दिया है। जिसके चलते लोगों ने भी उमस भरे मौसम से काफी हद तक राहत की सांस ली है। बारिश के कारण जिला मुख्यालय में कुछ देर के लिए विद्युत व्यवस्था भी ठप्प रही। जिला के विभिन्न हिस्सों से मिली सूचना के अनुसार सलूणी, तीसा, होली, भरमौर, डलहौजी, चुवाड़ी, सिहुंता, चंबा समेत आसपास के इलाकों में शनिवार सुबह से बारिश आरंभ हुई है। मौसम के आए अचानक बदलाव के चलते शाम के वक्त लोगों ने भी ठंड महसूस की है। समाचार लिखे जाने तक जिला के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी था।

# बीएएलएलबी व बीटेक, ऑनर्स की परीक्षाएं मई में

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की बीटेक और बीएएलएलबी ऑनर्स डिग्री कोर्स की सेमेस्टर परीक्षाएं मई में शुरू होंगी, जो जून माह तक चलेंगी। इन परीक्षाओं के लिए विवि तैयारी कर रहा है। स्नातक स्तर के इन डिग्री कोर्स की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। छात्र 13 मई तक बिना लेट फीस के परीक्षा फार्म भर सकेंगे। इसके बाद विवि के तय नियमों के अनुसार लेट फीस ली जाएगी।

विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. श्याम लाल कौशल ने कहा कि मई से शुरू हो रही बीटेक की परीक्षाओं में इवन सेमेस्टर दूसरे, चौथे, छठे, आठवें सेमेस्टर की रेगुलर और रीअपीयर परीक्षाएं आयोजित की जानी हैं। इन परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को अपने संस्थान के निदेशक से परीक्षा फार्म वेरिफाई करवाने होंगे और इसकी एक हार्ड कॉपी विवि को भेजनी होगी। उन्होंने कहा कि बीएएलएलबी की मई से शुरू होने वाली परीक्षाओं के परीक्षा फार्म भरने की प्र्रि, या भी शुरू हो चुकी है। इसके लिए 13 मई अंतिम तिथि तय की गई है।

# शरीर पांच तत्वों से बना हुआ छठा तत्व आत्मज्ञान : कैलाश



(इनसेट में) महात्मा कैलाश तथा सत्संग में उपस्थित श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के वार्ड हरदासपुरा स्थित धन निरंकारी भवन मुगला में रविवार कों महात्मा कैलाश की अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सतगुरु महाराज के प्रवचनों को सुना।

निरंकारी श्रद्धालुओं को सत्गुरु बाबा हरदेव महाराज के प्रवचनों से रू-ब-रू करवाते हुए महात्मा कैलाश ने कहा कि अपने सार गर्भित प्रवचनों द्वारा साधसंगत को भाव विभौर करते हुए कहा कि जैसा कि हम समय-समय से पढ़ते सुनते चले आ रहे हैं कि हमारा शरीर पांच तत्वों से बना हुआ है-भूमि, गगन, वायु, अग्नि, नीर इन पांच तत्वों की यात्रा जहां से प्रारंभ होती है वहीं समाप्त हो जाती है।

जब यह पांच तत्वों का बना शरीर इस छठे परम तत्व की प्राप्ति के लिए अग्रसर होता है तब उसे जीवन की यात्रा की सफलता कहा जा सकता है। विचार करने की आवश्यकता है कि आखिर छठा तत्व है क्या। छठा तत्व कुछ और नहीं अपितु आत्मज्ञान है। आत्मा इस परमात्मा का अंश है, जिस प्रकार जल की एक बूंद सागर का अंश होती है। अब प्रश्न जहन में उठता है कि इस आत्म ज्ञान को प्राप्त कै से किया जा सकता है। मनुष्य जीवन भर इस परमात्मा को ढूंढने का प्रयास करता रहता है कि इसे कैसे प्राप्त किया जाए।

इस मौके पर मुगला, हरदासपुरा, धड़ोग, जुलाकड़ी, उदयपुर, सरोल, करियां व भडिया सहित श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# भरमौर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने की बैठक

**ओपी शर्मा, भरमौर**



बैठक के दौरान मौजूद भजन ठाकुर व साथ हैं अन्य।

- जिला परिषद सदस्य अनिल ढकोग के बयान पर जताई आपत्ति

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की विशेष बैठक का आयोजन भरमौर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भजन ठाकुर ने की। इस बैठक में भरमौर लोकसभा प्रभारी सुमित शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक में लोकसभा चुनाव के बारे में विस्तृत चर्चा हुई और यहां से प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह की जीत को सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर काम करने का आह्वान किया गया।

बैठक के दौरान मंडल भरमौर के 113 बूथों को 19 जोनो में बांटा गया और प्रत्येक बूथ में छः-छः बूथ को शामिल किया गया। इसके बाद बूथ प्रभारी बनाया गया जो डोर-टू-डोर जाकर लोकसभा प्रत्याशी का प्रचार करेंगे। बैठक में ब्लॉक बस कमेटी के अध्यक्ष भजन ठाकुर और लोकसभा प्रभारी सुमित शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर कांग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को लेकर लोगों के बीच में जाने को कहा है।

सोशल मीडिया के अकाउंट फेसबुक पर डाली गई विक्रमादित्य सिंह को लेकर टिप्पणी पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भजन ठाकुर ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी कतई भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बयान बाजी से राजनीति नहीं चलती है, इसके लिए धरातल पर काम करना पड़ता है। बैठक में गौरी शंकर पवन शर्मा कमलेश ठाकुर सहित कई पदाधिकारी ने विशेष रूप से शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

# चंपावती मंदिर में दिव्य बीज मंत्रों का किया सामूहिक पाठ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मुख्यालय में स्थित चंपावती मंदिर में रविवार को दिव्य बीज मंत्रों का सामूहिक पाठ किया गया। साथ ही साथ सत्संग के संयोजक जसवंत ठाकुर ने कहा कि महामंडलेश्वर श्रीकुमार स्वामी महाराज कहते हैं कि आज सारे विश्व में दुख, पीड़ा, कष्ट और समस्याएं हैं। कभी धन प्राप्त हो जाता है तो तन ठीक नहीं होता और उस धन का भोग नहीं कर पाते। कभी तन ठीक होता है तो धन नहीं होता।

धन को प्राप्त करने के लिए दिन रात मेहनत करते हैं, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगता। कभी सुख है तो कभी दुख है, लेकिन स्थायी रूप से कोई सुख नहीं रहता। ऐसा कोई भी व्यक्ति संसार में नहीं है जिसे दुख न हो। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी दुख दूर नहीं होते। धन से साधन तो मिल सकते हैं, लेकिन सुख नहीं मिलता। मनुष्य को केवल नेकी के बारे में सोचना चाहिए अर्थात बिना फल की इच्छा किए कर्म करना चाहिए।



चंपावती मंदिर ।

# बंद बिजली मीटर पर भी अब करना होगा भुगतान

**आरके रांगड़ा, चंबा**

अब बिजली भुगतान प्रक्रिया में घरेलू या व्यवसायिक उपभोक्ताओं का बिजली बंद रहने या मिटर बंद रहने का कोई बहना नहीं चलेगा। सरकार व हिमाचल राज्य बिजली बोर्ड परिषद ने जहां बिजली बिलिंग प्रणाली को कंप्यूटराइज किया है। वहीं बिजली बिल वसूली के लिए निर्धारित नियमों में अतिरिक्त कड़े मापदंड जोड़ उन्हें लागू कर दिया है, ताकि बिजली खपत के तहत शत-प्रतिशत बिलों की वसूली घरेलू व व्यवसायिक उपभोक्ताओं से की जा सके।

इस दिशा में बिजली बोर्ड परिषद चंबा ने सरकार व बोर्ड के फरमानों का पालन करते हुए कवायद आरंभ कर दी है, जिससे कई डिफाल्टर उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है, जिसका मुख्य कारण जिला के सैकड़ों घरेलू व व्यवसायिक उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित समय अवधि में बिल भुगतान न करने सहित बिजली मीटर में तकनीकी खराबी अथवा मीटर बंद होने का हवाला देना रहा है। जिसे बिजली बोर्ड को सलाना लाखों रुपए की चपत लग रही थी। जिसका खुलासा बोर्ड द्वारा बिलिंग प्रणाली को कंप्यूटरराइज करने से हुआ है। जिसके चलते जहां बिजली बोर्ड परिषद चंबा ने पुराने मीटरों के स्थान पर नए मीटर लगवाए है। वहीं मीटर खराबी संबंधी शिकायतों पर कड़ा संज्ञान लिया है।

जबकि उपभोक्ताओं को बिजली मीटर बंद होने की सूरत में मीटर शुल्क मासिक खपत सहित अदा करना होगा। सरकार व बिजली बोर्ड के इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने से निकट भविष्य में बिजली खर्च खपत मुताबिक आमदन होने की आपार संभावनाएं दिख रही है। (अनंत ज्ञान)

## मीटर बंद होने पर करवानी होगी शिकायत

**वहीं** अजय कुमार सहायक अभियंता हिमाचल प्रदेश बोर्ड चंबा ने कहा कि सरकार व राज्य बिजली बोर्ड परिषद से प्राप्त बिलिंग संबंधी नए आदेश के मुताबिक जिला में कार्य आरंभ कर दिया है। बिजली मीटर बंद होने की सूरत में उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज करवानी होगी। वहीं बोर्ड नये नियमानुसार बंद मीटर की अवधि अधिक होने पर शुल्क अदा करना ही होगा।

## सूडोकु 0047 — ★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0046 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# श्री लक्ष्मी नाथ मंदिर के ट्रस्ट की हो मीटिंग : सुरेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सनातन धर्म सभा चंबा की कार्यकारिणी की प्रथम बैठक आयोजन श्री लक्ष्मी नाथ नारायण मंदिर परिसर में सभा के प्रधान सुरेश कश्मीरी की अध्यक्षता किया गया। बैठक में सम्माननीय कार्यकारी सदस्यों विद्युत परिषद के मनोनीत धर्माचार्यों विशेष आमंत्रित सुधीगणों के अभिवादन उपरांत आज की बैठक प्रारंभ हुई। बैठक सनातन धर्म सभा चंबा नियंत्रण पत्र द्वारा दिए गए नियमों को ध्यान में रखते हुए तथा सत्य सनातन धर्म जो की श्रुति स्मृति तथा पुनरुद्धार करने सहित धर्म कर्म के कार्यों की नियमानुसार प्रतिपालन करने पर चर्चा की गई।



मीटिंग के दौरान मौजूद सभा के सदस्य।

बैठक में चर्चा की गई कि पिछले 40-42 वर्षों से सनातन धर्म सभा के भवन में चलाए जा रहे सनातन धर्म महाविद्यालय के वर्ष 2022 से सरकारीकरण होने के उपरांत भी सभा के दो प्रमुख भवनों पर बिना किराया दिए कब्जा किया हुआ है।

श्री लक्ष्मी नाथ मंदिर के ट्रस्ट की पिछले 12 से 15 महीने से कोई भी मीटिंग नहीं हो रही है उसे चालू किया जाए।

# चौरासी व्यापार मंडल ने बैठक में की कार्यों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

चौरासी व्यापार मंडल भरमौर की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कोर कमेटी के सदस्य जैसी राम ठाकुर द्वारा की गई। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

व्यापार मंडल भरमौर के प्रधान रंजीत शर्मा ने बताया की किसी भी सदस्य को कोई आपत्ती हो तो वो व्यापार मंडल भरमौर के कार्यकारिणी के किसी भी सदस्य के साथ संपर्क कर सकते हैं।

बैठक में प्रधान रंजीत शर्मा, कोर कमेटी सदस्य जैसी राम ठाकुर, देशराज शर्मा, कोषाध्यक्ष कर्ण शर्मा, प्रैस सचिव महिंद्र पटियाल, उपाध्यक्ष, आजाद जरयाल, कालु शर्मा, सुमित, संजय कपूर व अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** कार्यों की समाज में तारीफ होने से रुतबा बढ़ेगा। व्यापार में इच्छानुकूल सफलता के योग हैं। कोई बड़े लाभ की उम्मीद है।

**वृषभ:** सभी काम सिद्ध होंगे। व्यक्तिगत अथवा व्यापारिक कार्य से सुखद यात्रा हो सकेगी। आर्थिक लाभ के अवसर आएंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा।

**मिथुन:** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। भाइयों से विवाद हो सकता है। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता दूर होगी।

**कर्क :** आत्मविश्वास से कार्य करने पर वांछित प्रगति के योग हैं। व्यापार में नई योजनाओं के प्रति संभावनाएं बन सकेंगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

**सिंह :** गुणों एवं योग्यताओं के कारण बिगड़े कामों में गति आ सकती है। नौकरी में प्रलोभन में नहीं रहें। धार्मिक रुचि बढ़ेगी। यात्रा सुखमय रहेगी।

**कन्या :** धनकोष में वृद्धि होगी। करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्मविश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते है। मन में कई दुविधाएं चल रही है।

**तुला :** पुराने मित्र से मुलाकात होगी। कर्ज संबंधी मामले आसानी से निपटेंगे। आर्थिक स्थिति संतोषजनक रहेगी। व्यापार के लिए प्रयास अधिक करने पड़ेंगे।

**वृश्चिक:** कार्य स्थिति में सुधार की संभावना है। सुसंगति से हर्ष होगा। खान-पान का ध्यान रखें। अधिकारी सहयोग करेंगे। पारिवारिक चिंता रह सकती है।

**धनु :** पराक्रम व सुख-समृद्धि बढ़ने से अनेक काम पूरे होंगे। कार्य विस्तार होगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संबंध घनिष्ठ होंगे। भाइयों से विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है।

**मकर:** सहयोग व अच्छे संबंधों के कारण लाभ होगा तथा उन्नति करेंगे। व्यापार-व्यवसाय अच्छा एवं उन्नत रहेगा। बुद्धिमानी से समस्याओं का समाधान होगा।

**कुंभ :** जल्दबाजी न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आजीविका के लिए किए गए प्रयास सफल नहीं हो पाएंगे। आर्थिक कष्ट रहेगा।

**मीन :** बुरी आदतों को हावी न होने दें। सुख में कमी आएगी। शत्रुओं द्वारा बाधाएं उत्पन्न की जा सकती हैं। पारिवारिक क्लेश होगा। व्यापार, नौकरी की चिंता रहेगी।

## आज का पंचांग

29 अप्रैल, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास** : चैत्र, **तिथि** : पंचमी, **नक्षत्र** : पूर्वाषाढ़ा (04:42), **पक्ष** : कृष्ण, योग : सिद्ध (00:42) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:52-12:45), राहुकाल 7:20 - 9:00।

## विशेष दिन

- 29 अप्रैल 2024 : विश्व नृत्य दिवस आज।
- 30 अप्रैल 2024 : कल मनाया जाएगा विश्व ईमानदारी दिवस।

## राहत — वाहनों के लिए मार्ग को बहाल करने का किया जा रहा प्रयास, लोगों ने ली राहत की सांस

# 12 दिन बाद पैदल यात्रियों के लिए बहाल हुआ खड़ामुख-होली मार्ग

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

12 दिन के बाद खडामुख होली मार्ग पैदल चलने के लिए यात्रियों के लिए बहाल कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक कल से सभी मशीनरी वह कर्मचारियों को मुख्य मार्ग को बहाल करने के लिए तैनात किया जाएगा और उम्मीद की जा रही है की एक-दो दिन के भीतर मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए भी बहाल हो जाएगा।

बहरहाल अब यात्रियों को खड़ी होती चढ़ाई चढ़कर एक जगह से दूसरी जगह नहीं पहुंचाना पड़ेगा। पैदल मार्ग बाल होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। मार्ग बाहर होने के चलते यात्री अब मुख्य मार्ग से लगते ही सुहागा सड़क से पैदल होकर होली व चंबा के लिए आवाजाही कर सकते हैं।

विभाग व विद्युत परियोजना की माने तो कल से खड़क होली राज्य मार्ग को बहाल करने का भरसक प्रयास किया जाएगा। जानकारी के अनुसार यहां पर सड़क का एक हिस्सा बिल्कुल ही चला गया है जहां पर डंगा लगाया जाएगा। जैसे ही यह डंगा लग जाएगा यह मार्ग भी वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो जाएगा। विभाग व विद्युत परियोजना ने इस मार्ग को बहाल करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत की है। हालांकि अभी तक भी यहां पर पहाड़ी का एक हिस्सा लगातार धंस रहा है। लेकिन विभाग के एसडीओ भालचंद्र ने बताया है कि इस सड़क की बहाली के लिए जल्द से जल्द प्रयास किया जा रहे हैं।



मार्ग को बहाल करने में जुटे कर्मचारी।

वहीं छोटे वाहनों को लकड़ी के पुल से गुजर कर वाया भरमौर होकर एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाना पड़ रहा था, लेकिन अब पैदल सड़क बहाल होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

वहीं इस सड़क की बहाली को लेकर प्रशासन व विभाग पर भी लगातार दबाव बना हुआ था। पिछले 12 दिनों से सड़क बंद होने के चलते यहां पर दोनों ओर से बड़ी गाड़ियों का लंबा जाम भी लगा हुआ है।

# गौहरी देवता की शोभायात्रा के साथ पीपल जातर मेले का आगाज

## देवता के अस्थायी शिविर में दिनभर जुटी रही श्रद्धालुओं की भीड़, विभिन्न राज्यों के व्यापारियों ने प्रदर्शनी मैदान में सजाई दुकानें

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में पीपल जातर मेला (बंसतोत्सव) का रविवार को देवता गौहरी की भव्य शोभायात्रा के साथ ही विधिवत रूप से आगाज हुआ। गौहरी देवता अपने हारियानों के साथ अपने लाव लश्कर से ढालपुर मैदान में पहुंचे, यहां पर उनके स्थान पर देवता के हारियानों ने उनकी पूजा-अर्चना की और देव रीति से मेले का आगाज किया।

इस मौके पर नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा सहित अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी सहित सभी 11 वार्ड के पार्षद मौजूद रहे और सभी ने देवता से आशीर्वाद लिया और मेले के शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित होने की कामना की। पहले दिन देवता के दर्शन के लिए अस्थायी शिविर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। देवता के कारदार राजकुमार महंत ने बताया कि अब आगामी दो दिनों तक देवता गौहरी के कारकून ढालपुर स्थित देवता के अस्थायाी शिविर में देव तपस्या में लीन रहेंगे। पिछले कई वर्षों से पीपल जातर मेला जिसे राय री जाच भी कहते हैं उसका आगाज गौहरी देवता ही करते हैं। इतने वर्षों से कारकून देवता की परंपरा को बखूबी निभा रहे हैं। मंगलवार को तीन दिवसीय मेले के समापन अवसर पर ढालपुर में देव खेल के बाद देवता अपने देवालय रवाना होंगे। इस अवसर पर नगर परिषद के ईओ अनुभव शर्मा, अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत व उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी ने सभी प्रदेशवासियों व जिलावासियों को पीपल मेले की बधाई दी। इस दौरान कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा ने कहा कि मेले व उत्सव हमारी पुरातन संस्कृति की धरोहर हैं और मेलों से आपसी मेल-जोल की भावना भी बढ़ती है। कुल्लू देवभूमि है और आज भी यहां के लोग प्राचीन संस्कृति और पहनावे, पहाड़ी व्यंजनों और लोकगीतों का संवर्धन कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



तीन दिवसीय पीपल जातर मेले के शुभारंभ मौके पर गौहरी देवता के साथ नगर परिषद की टीम।

### इस बार फीका रहेगा मेला

जिले में पीपल मेला साल का पहला बड़ा पर्व होता है इसलिए यह जहां सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। वहीं, व्यापारिक दृष्टि से भी खास रहता है। बसंत उत्सव के बाद यह पहला उत्सव होता है, तो इसे बसंतोत्सव भी कहा जाता है। दशहरा उत्सव के बाद इसी मेले में जिला कुल्लू, लाहुल-स्पीति, पांगी सहित मंडी जिले के लोग जमकर खरीददारी करते हैं, लेकिन इस बार आचार संहिता के कारण मेले में उतनी रौनक देखने को नहीं मिल रही है। हर बार जहां मेला खत्म होने के बाद भी करीब एक माह तक बाहरी राज्यों से आए दुकानदार यहां अपनी अस्थायी दुकानें सजा रखते थे। वहीं, इस बार मेले के समापन के बाद 12 मई को मैदान खाली करना होगा।

### 15वीं शताब्दी से मनाया जा रहा मेला

**पीपल** जातर मेले का आयोजन 15वीं शताब्दी से लगातार हो रहा है। इसका आयोजन दशहरे से भी पहले से हो रहा है। कुल्लू में दशहरे का शुभारंभ 16वीं शताब्दी से हुआ है, तो पीपल मेले का शुभारंभ 15वीं शताब्दी से चल रहा है। जानकारों के मुताबिक प्राचीन समय में ढालपुर मैदान में एक पीपल के पेड़ के नीचे राजा अपना राज दरबार सजाता था और यहां पर इस राज दरबार में जनता की कई समस्याओं का समाधान भी किया जाता था। समय के साथ-साथ राज दरबार ने मेले में तबदील हो गया और यहां पर मेले का आयोजन किया जाने लगा, जिसका नाम बाद में पीपल जातर मेला पड़ गया। यहां पर पुराने समय में कुल्लू के पुरातन नृत्य लालड़ी का भी आयोजन किया जाता था। अब कुछ वर्षों से यह मेला व्यापारिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हो गया है। मेले में जिलेभर के देवी-देवता शिरकत करते थे, लेकिन अब इस मेले में सिर्फ गौहरी देवता ही आते हैं और उनके आगमन से ही इस मेले का आगाज होता है। देवता वीर नाथ के कारदार और गुर के अनुसार जातर मेला में पहले भगवान रघुनाथ जी भी आते थे, लेकिन अब कई सालों से रघुनाथ जी नहीं आते हैं।





पीपल जातर मेले के शुभारंभ मौके पर ढोल-नगाड़े व करनाल की थाप पर गौहरी देवता अपने मंदिर से अस्थायी शिविर की ओर आते हुए।

## सूत्रधार कला संगम क्लासिकल नृत्य की देगा प्रस्तुति

**कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी बैठक संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में सूत्रधार भवन के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने सबसे पहले आम जनमानस को पीपल जातर 2024 की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि पीपल मेले के दौरान होने वाली सांस्कृतिक संध्या में सूत्रधार कला संगम कुल्लू के कलाकार अंतिम सांस्कृतिक संध्या में अपना रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में सेमी क्लासिकल समूह नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुति देंगे।

इसके साथ बैठक में लोकनृत्य की कार्यशाला लगाने के बारे में भी चर्चा हुई। यह लोकनृत्य की कार्यशाला जल्द सूत्रधार भवन के सभागार में लगाई जाएगी, जिसमें प्रशिक्षुओं को लोकनृत्य से संबंधित नृत्य, गायन व वादन की बारीकियां सिखाई जाएंगी। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण लेने के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा तथा कार्यशाला में भाग लेने के लिए युवक व युवतियां इन दिनों सूत्रधार कार्यालय में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं।

## सीएम के बिना तथ्य व प्रमाण के लगाए आरोप निंदनीय : रवि ठाकुर



भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर स्पीति में जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, काजा**

भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर ने कहा है कि आज जिस प्रकार से केलांग में अपने कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बिना किसी तथ्य और प्रमाण के आरोप लगाए हैं वह घोर निंदनीय हैं।

एक संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति के मुख से इस प्रकार की ओछी टिप्पणी शोभा नहीं देती। यदि कोई प्रमाण हो तो मुख्यमंत्री जनता के समक्ष पेश करें अथवा गलत टिप्पणी कर जनता को भ्रमित न करें। लाहौल-स्पीति की जनता सब जान चुकी है। न्याय के लिए ही जनता के दरबार में आया हूं। मैंने और मेरे परिवार ने कांग्रेस के लिए कार्य करते हुए एक जीवन खपा दिया है, जिन लोगों को लाहौल-स्पीति का इतिहास पता नहीं है, या मेरे परिवार का योगदान पता नहीं है, वह पहले राजनीतिक अध्ययन करें, राजनीति सीखें फिर केलांग आकर बात करें। लाहौल-स्पीति की जनता मेरा परिवार है और यह परिवार ऐसे बड़बोले नेताओं की गलती कभी माफ नहीं करेगी।

## युवा-बुजुर्ग करेंगे मतदान पर संवाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न तरह के स्लोगन का इस्तेमाल करते हुए अभियान चलाया जा रहा है, जिससे अलग-अलग मतदाता समूह को ध्यान में रखते हुए गतिविधियां की जा रही हैं।

'युवा बुजुर्ग साथ-साथ करेंगे मतदान' पर संवाद के तहत स्वीप अधिकारियों द्वारा रविवार को कुल्लू की न्यूली पंचायत घर में तीन पंचायतों के प्रतिनिधियों और मतदाताओं के साथ संवाद किया गया। कार्यक्रम में डॉ. लाल सिंह डिप्टी डायरेक्टर नेहरू युवा केंद्र एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। सबसे पहले कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के स्वीप के नोडल अधिकारी रमन जैन ने सभी का स्वागत किया और ग्राम पंचायतों में चल रही स्वीप की गतिविधियों की जानकारी लोगों को दी। स्वीप टीम के जिला प्रतिनिधि श्याम लाल हांडा ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। वर्तमान में हो रही कम मत प्रतिशतता के कारणों का भी जिक्र किया। चुनाव आयोग की ओर से मतदाताओं की सुविधा के लिए बहुत से कार्यक्रमों के बारे में भी लोगों को अवगत करवाया। डॉ. लाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम में युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिले भर में आगामी दिनों में स्वीप की गतिविधियों को और गति दी जाएगी।



मतदान पर संवाद के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वीप अधिकारी व ग्रामीण।

## सीपीएस कुल्लू की जनता का नहीं रखते ख्याल : अरविंद चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला भाजपा कुल्लू के अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने प्रेसवार्ता का कांग्रेस पार्टी और सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर को विभिन्न मुद्दों पर घेरा।

रविवार को प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने सीपीएस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सीपीएस ने कुल्लू की जनता की समस्या को देखना ही बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि भुंतर वैली ब्रिज और भूतनाथ पुल कुल्लू के मुद्दों को लेकर शवयात्रा निकालने वाले सीपीएस अब इन पुलों की जर्जर हालत पर मौन क्यों हैं। भुंतर पुल की जर्जर हालत का मेकओवर करवा कर और बस चलवाकर खूब वाहवाही लूटी मगर कुछ ही दिनों के अंदर वह बसें चलना बदं हो गईं। इसी तरह से भूतनाथ पुल का शिलान्यास कर बसें चलाने की बात की थी, मगर अब तक सिर्फ छोटी गाड़ियां ही चल रही हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि मनीकर्ण की तरफ को शॉट और कसोल की तरफ खराब सड़कों की वजह से आए दिन जाम लगता है। इनके साथ ही बिजली महादेव सड़क की हालत भी खस्ता है। आज सड़कों की हालत बदतर हो चुकी है और खास कर लैफ्ट बैंक की तरफ से मनाली के बीच काइस नाला, अरछंडी, राइसन पुल के पास की सड़कों की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को मूल रूप से और विचारधारा से सनातन विरोधी बताया। कांग्रेस के मंत्री और विधायक भले ही सनातनी होने का ढोंग करें, मगर उनके आका सनातन विरोधी हैं।





प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल।

### राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में 15 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

## कुल्लू के खिलाड़ियों ने जीते 16 पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश कराटे संघ के द्वारा मां शीतला हॉल बैजनाथ में कैडेट, जूनियर, अंडर-21 आयु वर्ग और सीनियर वर्ग की राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए 40 से अधिक कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें कुल्लू के 15 खिलाड़ियों ने सेंसई हरीश शर्मा के नेतृत्व में भाग लिया। खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु व भार वर्गों में 4 स्वर्ण, 4 रजत और 8 कांस्य कुल 16 पदकों पर अपना कब्जा जमाया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कराटे संघ कुल्लू के चेयरमैन राजीव किमटा, वॉयस चेयरमैन वंतो चौधरी, प्रधान वेद प्रकाश, उपप्रधान निहाल ठाकुर, महासचिव हरीश शर्मा, संयुक्त सचिव केएस पराशर, संगठन सचिव नीलम उपाध्याय, सोनू कुमार और लीला बहादुर कार्की ने खिलाड़ियों को बधाई दी।



जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने गए कुल्लू जिले के खिलाड़ी।

## लिंगना में अफीम के 5126 पौधों को किया नष्ट

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के भुंतर क्षेत्र के लिंगना में अवैध अफीम की खेती करने पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना भुंतर की टीम ने गश्त के दौरान भोसा (लिंगना) में खेतों में अवैध खेती पाई, जिसके चलते पुलिस ने इस खेती को नष्ट कर दिया है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने बताया कि उस दौरान पुलिस ने 5126 अफीम के अवैध पौधों को नष्ट किया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### सुंदर ठाकुर ने रक्तदान कर मनाया जन्मदिन, कुल्लू अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

## विधायक ने बर्थडे पर मरीजों को बांटे फल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सीपीएस एवं कुल्लू सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने हर साल की तरह इस साल भी रविवार को अपनी 59वीं जन्मतिथि क्षेत्रीय अस्पताल में रक्तदान कर मनाई।

सीपीएस ने जहां स्वयं रक्तदान कर पुण्य कमाया। वहीं, उनकी 59वीं जन्मतिथि पर 59 लोगों ने रक्तदान कर अपना योगदान दिया। वहीं, शोभला साथी ट्रस्ट की ओर से अस्पताल में मरीजों व उनके तीमारदारों को दोपहर का खाना व सुबह अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों को दूध व फल वितरित किए। क्षेत्रीय अस्पताल में रक्त की कमी चल रही है, जिसे ध्यान में रखते हुए सीपीएस ने जहां रक्तदान करने का फैसला लिया। वहीं, उन्होंने अन्य लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। सीपीएस राजनीति के साथ-साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य कर रहे हैं। समय-समय पर वह गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए अपने परिवार की ओर से चलाए जा रहे शोभला ट्रस्ट साथी की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने सभी लोगों से अपनी जन्मतिथि व अन्य समारोह के स्थान पर गरीबों की मदद करने की अपील की। साथ ही युवा पीढ़ी से रक्तदान करने में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।





सीपीएस जन्मदिन पर मरीजों को दूध व फल वितरित करते व रक्तदान करते हुए।

## पर्यटन सीजन से पहले मनाली की व्यवस्थाओं को किया जाएगा ठीक : डीसी

**अनंत ज्ञान, मनाली**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने मनाली की समस्याओं और पर्यटन सीजन के लिए मनाली होटलियर एसोसिएशन, टैक्सी यूनियन लग्जरी कोच एसोसिएशन सहित अन्य संगठनों के साथ बैठक की।

बैठक में मनाली और साथ लगते क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। डीसी ने बताया की कुल्लू मनाली लेफ्ट बैंक सड़क को जल्द ठीक कर दिया जाएगा सभी ओपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है। इस मौके पर डीसी ने कहा कि अन्य लिंक सड़कों की मरमत की जा रही है। कुल्लू जिले में कूड़ा एक सबसे बड़ी समस्या बन गई है और इसका निष्पादन बहुत जरूरी है और एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके लिए हाईकोर्ट बहुत गंभीर है। जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया कि कुल्लू की प्रत्येक पंचायत, नगर परिषद, नगर पंचायत में कूड़ा कचरा निष्पादन सयंत्र लगाने के लिए पंचायतों और नगर परिषद, नगर पंचायत को निर्देश दिए जा रहे हैं।



# उझी घाटी के रायसन में ब्यास कभी भी मचा सकती है कहर

## नदी का रुख रिहायशी इलाकों की ओर मुड़ने से मंडराया खतरा, लोगों में नदी का तटीकरण न करने को लेकर भारी रोष

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू की उझी घाटी के रायसन (चंडीगढ़) में स्थानीय लोगों में बाढ़ नियंत्रण दीवार व ब्यास नदी का तटीकरण न किए जाने को लेकर भारी रोष है।

रविवार को लोगों ने जनसभा कर प्रधान ग्राम पंचायत रायसन के द्वारा विधायक, उपायुक्त व एसडीएम सहित कांग्रेस प्रदेश महासचिव देवेंद्र नेगी को ज्ञापन सौंपा। देवेंद्र ने विधायक के नेतृत्व में रायसन का दौरा कर स्थानीय लोगों की समस्या के मद्देनजर सरकार से जल्द ब्यास नदी के तटीकरण का भरोसा दिलाया है। रायसन में ब्यास नदी का रुख बाढ़ आने के बाद रिहायशी इलाकों की ओर मुड़ चुका है, जिससे यहां रह रहे सैकड़ों लोगों पर बाढ़ का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोग मनोहरी देवी, शकुंतला देवी, नेक राम व देवराज के साथ अन्य लोगों ने बताया कि हम प्रधान ग्राम पंचायत रायसन के द्वारा कई बार स्थानीय विधायक व प्रशासन को इस बारे अवगत करवा चुके हैं। मगर चार माह बीत जाने के बाद भी यहां कोई बचाव कार्य नहीं हो पा रहा है। (अनंत ज्ञान)



विधायक, डीसी व एसडीएम सहित कांग्रेस प्रदेश महासचिव देवेंद्र को ज्ञापन सौंपते हुए।



### मांगें न मानीं, तो होगा आंदोलन

सरकार को सौंपे गए ज्ञापन में लोगों ने बताया कि समय रहते यदि रायसन में ब्यास नदी का रुख बीच से नहीं किया गया, तो स्थानीय जनता मिल कर आंदोलन करेगी। प्रधान कर्म चंद ने कहा कि प्रशासन जल्द इस कार्य को शुरू करवाने का आग्रह किया जाएगा, ताकि ब्यास नदी में पानी बढ़ने से पहले पानी का रुख बीच से बदला जा सके। स्थानीय लोगों के घरों व जमीनों को कोई नुकसान न हो।

### मौके पर पहुंचे एसडीएम



कुल्लू एसडीएम विकास शुक्ला ने रायसन का मौका किया। स्थानीय लोगों ने उनके सामने अपनी समस्या रखी। लोगों ने एसडीएम को बताया कि ब्यास नदी के पानी के बहाव को बीच से किया जाए। एसडीएम ने ठेकेदार को निर्देश दिए और लोगों को आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर दो मशीनों को लगाकर ब्यास नदी के बहाव को बीच से किया जाएगा।

### 2022 में शुरू हुआ था सुरक्षा दीवार का काम

**नदी** में सुरक्षा दीवार का कार्य-2022 में शुरू तो हुआ था, लेकिन ठेकेदार उस काम को अधूरा छोड़ कर चला गया। जुलाई-2022 की बाढ़ के बाद इस इलाके में सरकार व प्रशासन की ओर से कोई बचाव कार्य नहीं हो पाया है।

**परेशानी** पीपल जातर मेला हुआ शुरू, शहर की सड़कों की हालत बद से बदतर, सड़कों का रखरखाव भगवान भरोसे

# कुल्लू शहर की सड़कों में गड्ढे दे रहे हादसों को न्योता

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

इन दिनों कुल्लू शहर के साथ लगते आसपास के क्षेत्रों और साथ लगते गांवों में संपर्क सड़क मार्ग की हालत दयनीय हो चुकी है। इसके साथ ही इन सड़कों का रखरखाव भी भगवान के भरोसे ही है। हैरानी की बात है कि पीपल जातर मेला रविवार से शुरू हो गया है और कुल्लू जिला मुख्यालय के अंदर ही शहर की सड़कों की हालत दयनीय स्थिति में पहुंच चुकी है।

इन सड़कों के बीच में बने गड्ढे हादसों को निमंत्रण देते हुए प्रतीत होते हैं। पिछले साल हुई लगातार बारिश के चलते जो सड़कें खराब हो गई थीं, उनमें से कुछ सड़कें तो ठीक हैं, मगर बहुत सी सड़कों की हालत आज भी खस्ताहाल है। सड़कों के साथ लगते ढंगों तक को भी ढहने के बाद अब तक उसी हालत पर छोड़ रखा है, जो कि चिंता का विषय है। कुल्लू शहर में ही ढालपुर के साथ लगते नारू क्लीनिक के नजदीक बीच सड़क में गड्ढे पड़े हुए हैं और इसी तरह सरवरी में स्थित सूत्रधार कला संगम भवन के आगे भी सड़कों में पड़े गड्ढे वाहन चालकों के लिए सर दर्द बने हुए हैं। शहर में सड़कों पर वाहन चलाने वाले लोग सड़कों की हालत देख हैरान-परेशान हैं और साथ ही लोगों में रोष भी व्याप्त हो चुका है और लोगों का कहना है कि पीपल जातर शुरू हो चुका है मगर सड़कों के प्रति प्रशासन से ऐसी अनदेखी की उम्मीद कभी नहीं की थी। (अनंत ज्ञान)



कुल्लू शहर में सड़कों के बीच पड़े गड्ढे।



कुल्लू में आजकल सड़कों की हालत सच में बहुत खराब है। समझ नहीं रहा है कि प्रशासन इन सड़कों के हाल को देख कर भी बेखबर क्यों है। क्या उनको सड़कों में पड़े गड्ढे दिखते नहीं हैं क्या। प्रशासन को अब इन सड़कों को समय रहते ठीक कर लेना चाहिए।

**बलवंत, कुल्लू।**



सड़कों की हालत इस साल ज्यादा खराब है, हमारे राइसन साइड कराल के संपर्क मार्ग तो पिछले साल से अब तक खराब हालत में हैं इसके साथ ही कुल्लू शहर में भी सड़कों की हालत खराब है, जो कि समझ से परे है। प्रशासन को कम से कम इस ओर ध्यान तो देना चाहिए।

**अंकुश निवासी रायसन कराल, कुल्लू।**



कुल्लू में सड़कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है और इस तरह सड़कों की कल्पना मैंने कभी भी नहीं की थी। इन सड़कों पर सभी लोग अपने वाहनों के साथ गुजरते ओर प्रशासन में बैठे लोग भी इन्ही सड़कों का इस्तेमाल आने-जाने के लिए करते हैं फिर भी सड़कों को ठीक न करना सभी के लिए परेशानी की बात है।

**पाल सूद, सुल्तानपुर कुल्लू।**



कभी सोचा नहीं था कि कुल्लू में सड़कों की हालत ऐसी हो जाएगी। पिछले साल से अब तक के बीच में सड़कों की हालत बहुत ही ज्यादा खराब हुई है। हमें रोज अपनी गाड़ी से इन गड्ढों भरे सड़कों पर गुजरना पड़ता है मगर इन गड्ढों को भरने या पेच लगाने के बारे कुछ नहीं हो रहा है।

**संजीत, कुल्लू।**

## पहले अपनी सरकार से हिमकेयर के 300 करोड़ दिलवाएं विक्रमादित्य सिंह : सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि भाजपा की टीमें बूथ स्तर पर पीएम मोदी की नीतियों व गारंटी को जन-जन तक पहुंचाने पर कार्यकर्ता घर-घर जा रहे हैं। रविवार को विधायक सुरेंद्र शौरी ने सैंज में कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी अभियान के तहत लोगों को केंद्र सरकार की नीतियों व कार्यों बारे बताया। वहीं, उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना केंद्र की मोदी सरकार और हिमकेयर योजना पूर्व की जयराम सरकार की बड़ी महत्वपूर्ण योजनाएं थी। वहीं, कांग्रेस राज में हिमकेयर योजना बंद पड़ी है, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मंडी से लोकसभा प्रत्याशी विक्रमादित्य को नसीहत देते हुए कहा कि इधर-उधर की बातें छोड़ वे इन अति आवश्यक योजनाओं पर अपना पक्ष रखें।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

### सूचना

I, Subhash Kapoor (50 years) S/o Sh. Ram Lal Village and P.O. Baragran, Tehsil Manali, Distt. Kullu (H.P.) solemnly declare that my name wrongly entered as Subhash Kumar in Driving License and Revenue Record. But my correct name is Subhash Kapoor. I wants to change my name Subhash Kumar to Subhash Kapoor in Driving License and Revenue Record. All note it.

